हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी


धार्मिक अनुष्ठान में शामिल श्रद्धालु

उधर, प्रयागराज के संगम पर उमड़ी भीड़

## बसंत पंचमी पर माघ मेले में करीब 3 करोड़ 20 लाख लोगों ने लगाई 'डुबकी'

**प्रयागराज।** बसंत पंचमी के अवसर पर देशभर में पवित्र नदियों और सरोवरों में स्नान-ध्यान और ज्ञान की देवी सरस्वती की आराधना सूर्योदय से शुरू हुआ। प्रयागराज में चल रहे माघ मेले के चौथे बड़े स्नान पर्व बसंत पंचमी पर शुक्रवार की सुबह से शाम 4 बजे तक लगभग 3 करोड़ 20 लाख लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। प्रयागराज मेला प्राधिकरण की ओर से बताया गया है कि गुरुवार देर रात से ही लोगों का संगम क्षेत्र में आगमन लगातार जारी रहा। तीर्थ पुरोहित



राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि चूंकि प्रयागराज में गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती का वास है, इसलिए यहां बसंत पंचमी स्नान का विशेष महत्व है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि बसंत पंचमी के पावन अवसर पर तीर्थराज प्रयाग में त्रिवेणी में पुण्य स्नान का सौभाग्य प्राप्त कर रहे सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई। पावन संगम में आस्था की डुबकी सभी के लिए शुभ-फलदायी हो, सबकी मनोकामनाएं पूर्ण हों, मां गंगा से यही प्रार्थना है।

# 'धार' के लोगों ने 'धीरज' धरा

*आसमान में ड्रोन मंडरा रहे थे बसंत पंचमी पर धार शहर पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था। भोजशाला जाने वाले हर रास्ते पर पुलिस का पहरा था और बैरिकेड लगाए गए थे। आसमान में ड्रोन मंडरा रहे थे। घरों की छतों से लेकर गलियों तक कड़ी निगरानी रखी जा रही थी।*

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के पालन के दौरान भारी पुलिस तैनाती से कोई विवाद नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

भोजशाला में शुक्रवार को पड़ी बसंत पंचमी शांति से संपन्न हो गई। कड़ी सुरक्षा के बीच भोजशाला में मां सरस्वती की पूजा और नमाज कराई गई। इस दौरान किसी भी तरह से विवाद को स्थिति निर्मित नहीं हो पाई। तय संख्या में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने नमाज पढ़ी और भोजशाला में सूर्योदय से सूर्यास्त तक मां सरस्वती की पूजा और हवन जारी रहा। पूर्णाहूति के बाद हवन पूर्ण हुआ और धारवासियों ने चैन की सांस ली।

आस्था और इबादत की दोनों धाराएं शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच एक जगह और एक समय पर मिलीं, लेकिन इस बार विवाद नहीं हुआ। न पत्थर चले और न ही आंसू गैस के गोले छोड़े गए। शहर की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने करीब दस हजार पुलिस जवानों को तैनात किया था, जिससे धार एक पुलिस छावनी जैसा नजर आने लगा था।

**»** ***भोजशाला में सूर्योदय से सूर्यास्त तक पूजा, अमन चैन के बीच नमाज भी हो गई अदा***

**»** ***आस्था और इबादत की दोनों धाराएं शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच एक जगह और एक समय पर मिली***



### *पुलिस सुरक्षा में नमाज के लिए आए मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि*

शांतिपूर्ण तरीके से पूजा और नमाज कराना प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के निर्देश ने राह आसान कर दी। भोजशाला की मस्जिद में दोपहर 2 बजे नमाज भी अदा कराई गई। वज्र वाहन में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों को सुरक्षा के साथ लाया गया। 20 मिनट तक नमाज अदा होने के बाद समाजजनों को वापस ले जाया गया।




### भारी बारिश और बर्फबारी वैष्णो देवी यात्रा स्थगित

**जम्मू।** कटरा और आसपास के इलाकों में सीजन की पहली बारिश और बर्फबारी शुरू हो गई है। इसके मद्देनजर श्री माता वैष्णो देवी की यात्रा को फिलहाल रोक दिया है। श्रद्धालुओं को सुरक्षा कारणों के चलते कटरा में ही रोक दिया गया है। लगातार बारिश और कटरा में चल रही तेज हवाओं के कारण श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने फैसला लिया गया। मौसम साफ होते ही यात्रा को पुनः सुचारू रूप से शुरू किया जाएगा।

### बैल को बचाने में ट्रैक्टर पलटा, 3 मासूमों की मौत

**अनूपपुर।** जिले के अमरकंटक थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना में सीमेंट और सरिया से लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे ट्रैक्टर पर सवार तीन अबोध नाबालिग बच्चियों की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को खजुरवार से लालपुर की ओर निर्माण सामग्री लेकर जा रहा ट्रैक्टर के इंजन पर रुक्मणी बाई महोबे अपनी तीन नाबालिग बेटियों के साथ बैठी थीं, ट्रैक्टर दिनेश कुमार महोबे महिला का जेठ चला रहा था। रास्ते में अचानक एक बैल सामने आया, चालक ने उसे बचाने के लिए ट्रैक्टर मोड़ा, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे पलट गया। हादसे में रुक्मणी बाई महोबे की तीनों बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गईं, परिजन और ग्रामीण घायलों को तत्काल दमेहडी अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन दुर्भाग्यवश रास्ते में ही तीनों मासूमों ने दम तोड़ दिया।

उज्जैन के तराना में फिर **भड़की हिंसा**

*13 बसों में तोड़फोड़, सीसीटीवी में युवक पथराव करते दिखे, पहचान*

# उपद्रवियों ने बस फूंकी-दुकान जलाई मंदिर पर पथराव, 20 लोग गिरफ्तार


तोड़फोड़ करते उपद्रवी

*तकिया मोहल्ला क्षेत्र बस स्टैंड में 50 से 60 लोगों की भीड़ पहुंची और पथराव शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भीड़ में शामिल लोग धर्म विशेष के थे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

उज्जैन के तराना में हुआ सांप्रदायिक विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार रात तनावपूर्ण हालात के बाद शुक्रवार दोपहर एक बार फिर स्थिति बिगड़ गई। बस स्टैंड इलाके में पथराव हो गया और एक बस आग के हवाले कर दी गई। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। पुलिस ने उपद्रवियों पर बीएनएस की धारा 163 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। अभी तक 20 लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। शुक्रवार दोपहर में मचाए गए उपद्रव के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आ चुके हैं। फुटेज के माध्यम से भी उत्पात करने वालों की तलाश की जा रही है। शुक्रवार दोपहर को जब पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी यह समझ रहे थे कि पूरा मामला शांत हो गया है ।

**पूरे इलाके में पुलिस ने बीएनएस की धारा 163 लागू कर दी**


जलती बस और पुलिस की तैनाती

**»** ***शुक्रवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव भी किया***

**»** ***बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ भी किया***

**फ्लैग मार्च में निकले अधिकारी**

डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर रोशन सिंह और एसपी प्रदीप शर्मा ने पुलिस बल के साथ तराना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। अधिकारियों ने संवेदनशील इलाकों का भ्रमण कर हालात का जायजा लिया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।



*सीएम डॉ. यादव ने कहा*

### सरकार उपद्रवियों से सख्ती से निपटेगी

सीएम डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन के तराना को लेकर कहा कि हमारी सरकार सुशासन के लिए जानी जाती है। जहां व्यवस्थाओं में ढिलाई होती है। हम कठोरता से पेश आते हैं। मध्य प्रदेश शांति का टापू है। प्रदेश की शांति भंग करने वालों से सरकार सख्ती से निपटने में सक्षम है।

*एसपी प्रदीप शर्मा बोले*

### उपद्रव के सीसीटीवी फुटेज से उपद्रवी पहचाने गए

तराना मामले में एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों से बातचीत की जा रही है। अभी तक 20 लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। साथ ही गुरूवार की घटना के मामले में पांच आरोपियों को भी पकड़ा जा चुका है। पूरे क्षेत्र में मोबाइल पेट्रोलिंग के साथ ही ड्रोन से भी नजर रखी जा रही है।


नेताजी की प्रतिमा

नेताजी की प्रतिमा का अनावरण एवं शताब्दी स्तंभ का लोकार्पण

## बोस लाइब्रेरी ने 100 गौरवशाली वर्षों की स्मृतियों को सहेजने का महत्वपूर्ण कार्य किया

**नेताजी वर्ष 1939 में जबलपुर आए थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी ने 100 गौरवशाली वर्षों की स्मृतियों को सहेजने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। इस एसोसिएशन ने बंगाली समाज और जबलपुर की कला, संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत को संरक्षण प्रदान किया है। सिटी बंगाली क्लब में स्वयं नेताजी का आना इस क्षेत्र के लिए गौरवशाली क्षण रहा। सिटी बंगाली क्लब ने बालिका शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सिद्धी बाला बोस लायब्रेरी एसोसिएशन के शताब्दी वर्ष समापन समारोह पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण किया।

***बंगाली समाज की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी संस्था होने का गौरव***

*शताब्दी वर्ष समारोह आयोजकों के अनुसार सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन (सिटी बंगाली क्लब) को प्रदेश में बंगाली समाज की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी संस्था होने का गौरव प्राप्त है। यह प्रदेश की एकमात्र बांग्ला लाइब्रेरी है। इसकी स्थापना वर्ष 1925 में जबलपुर नगर निगम के पहले अध्यक्ष राय बहादुर प्रभात चंद्र बोस और उनके साथियों ने की थी।*

**मौसम की गुलाटियां : पश्चिमी विक्षोभ के असर से तापमान में इजाफा**

# कड़ाके की ठंड से राहत, दो दिन बाद फिर बारिश-सर्दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की वजह से आ रही गर्म हवाओं से प्रदेश में फिलहाल कड़ाके की ठंड से राहत मिल गई है। शुक्रवार को प्रदेश में रात का सबसे कम 8 डिग्री सेल्सियस तापमान शिवपुरी में दर्ज किया गया। दिन का सबसे अधिक 31.1 डिग्री सेल्सियस तापमान खंडवा में रिकॉर्ड किया गया। हालांकि, अगले दो दिन तक मौसम के मिजाज में बदलाव की संभावना नहीं है। उसके बाद ग्वालियर, चंबल संभाग में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। शनिवार को ग्वालियर, दतिया, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी में कोहरा छा सकता है।

मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान पर हवा के ऊपरी भाग में बना हुआ है। उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर भी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात दिखाई दे रहा है। इसके बाद 26 जनवरी से एक नए पश्चिमी विक्षोभ के आने की संभावना है, जिससे तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की जाएगी। एक दर्जन जिलों में बारिश भी होने की संभावना जताई जा रही है।

**»** *दिन का सबसे अधिक 31.1 डिग्री सेल्सियस तापमान खंडवा में रिकॉर्ड किया गया*


लिंक रोड नंबर दो, शाम 6 बजे

**उत्तर भारत में और होगी बर्फबारी**

दो दिन बाद उत्तर भारत में बर्फबारी और बारिश और होगी, जिसका असर 1 से 2 दिन बाद प्रदेश में भी दिख सकता है। फिलहाल भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग में अगले तीन दिन बादल और कोहरे का असर रहेगा।

*दो दिन बाद गिरेगा दिन और रात का पारा*

पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने पर दो दिन बाद रात के तापमान में गिरावट हो सकती है। साथ ही ग्वालियर, चंबल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बारिश भी होगी। जनवरी के आखिरी पांच दिन प्रदेश के कई हिस्सों में घने बादल, कोहरा और शीतलहर का असर दिखेगा। इस दौरान दिन के तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है।



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



8 ट्रंप की शांति योजना पर उठते सवाल





मैट्रो
14 दोषी पाए जाने पर भी प्राचार्य के ...



haribhoomi.com जबलपुर, शनिवार 24 जनवरी 2026


**1** घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद, नगर पालिका पर लापरवाही का आरोप

खरगोन में कुत्तों के हमले की पांच से अधिक बड़ी घटनाएं

# खरगोन में कोचिंग जा रही 10 साल की बच्ची पर कुत्तों के झुंड का हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

यहां कोचिंग जा रही 10 साल की छात्रा पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। एक कुत्ते ने उसकी पैर में काट लिया, जिससे वह सड़क पर गिर गई। पूरी घटना पास ही के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। मामला बृज विहार टाउनशिप के चौमुख इलाके में बुधवार शाम का है। चौथी कक्षा में पढ़ने वाली काव्या जायसवाल बुधवार शाम करीब 4:30 बजे स्कूल बैग लेकर कोचिंग जा



सीसीटीवी फुटेज में दिखा कुत्तों का आतंक

रही थी। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि एक कुत्ता पीछे से बच्ची के पास पहुंचता है, जबकि दूसरा सामने से आकर उसे अचानक गिरा देता है। जमीन पर गिरते ही कुत्तों ने हमला शुरू कर दिया। घबराई बच्ची ने जोर-जोर से चिल्लाकर मदद मांगी। उसी दौरान एक बाइक सवार मौके पर पहुंचा, जिससे कुत्ते भाग गए और बच्ची की जान बच सकी। पीड़ित बच्ची की मां रेखा जायसवाल ने बताया कि बच्ची का इलाज कराया गया है, लेकिन वह मानसिक रूप से काफी डरी हुई है।

**ये हमले कब रुकेंगे?**

**2** पन्ना में एक बार फिर आदमखोर तेंदुए का कहर

वन विभाग की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर अब गंभीर सवाल

# दादा को खाना देने गया मासूम धड़ से अलग कर डाला सिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पन्ना

पन्ना टाइगर रिजर्व के बफर जोन में एक बार फिर आदमखोर तेंदुए का कहर देखने को मिला है। ग्राम जारधोबा में एक भूखे तेंदुए ने 12 वर्षीय शिब्बू आदिवासी बालक पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना इतनी वीभत्स थी कि तेंदुआ बच्चे के शव को घसीटते हुए पेड़ पर ले गया और उसका सिर धड़



पुलिस घटनास्थल पर मुआयना करती हुई

से अलग कर दिया। जानकारी के अनुसार बालक शिब्बू आदिवासी पिता बहादुर आदिवासी के माता-पिता खेत पर रखवाली कर रहे थे। मासूम बालक पास ही बनी अपने दादा की झोपड़ी में उन्हें खाना देने के लिए निकला था। घात लगाकर बैठे तेंदुए ने रास्ते में ही बालक को अपना शिकार बना लिया। जब काफी देर तक बच्चा नहीं लौटा, तो परिजनों ने तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान जो मंजर दिखा, उसने सबकी रूह कंपा दी। तेंदुए ने बच्चे को मारकर उसे पेड़ के ऊपर खींच लिया था। बाद में बच्चे का क्षत-विक्षत शव और उसका सिर पेड़ के नीचे बरामद हुआ।

## खबर संक्षेप

### रुपया 91.93 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** डॉलर के मुकाबले रुपया 23 जनवरी को रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया।



कंपनियों और आयातकों की तरफ से डॉलर की स्ट्रॉन्ग डिमांड का असर रुपये पर पड़ा। इससे यह गिरकर 91.93 के लेवल पर आ गया। 21 जनवरी को भी रुपये में बड़ी गिरावट दिखी थी। यह 0.2 फीसदी गिरकर 91.74 के लेवल पर आ गया था। 23 जनवरी को डॉलर के मुकाबले 91.43 के लेवल पर खुला।

### बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खुलेंगे

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र माने जाने वाले बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तारीख का ऐलान कर दिया गया है। टिहरी जिले के नरेंद्र नगर स्थित राजदरबार में आयोजित



धार्मिक कार्यक्रम के दौरान महाराजा मनु जयेंद्र शाह ने स्वयं कपाट खुलने की तिथि की घोषणा की। राजपुरोहित आचार्य कृष्ण प्रसाद उनियाल ने पंचांग, ग्रह-नक्षत्र और शुभ योगों का अध्ययन कर बताया कि 23 अप्रैल को सुबह 6 बजकर 15 मिनट का समय कपाट खोलने के लिए शुभ है। वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक अनुष्ठानों के बाद विधिवत रूप से तिथि घोषित की गई।

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की तबीयत बिगड़ी

**प्रयागराज।** ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की



तबीयत बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि लगातार ठंड में खुले स्थान पर बैठने के कारण उनकी सेहत पर असर पड़ा है, जिसके चलते वे बीमार हो गए हैं। तबीयत बिगड़ने के बावजूद अब तक किसी चिकित्सक द्वारा उनका स्वास्थ्य परीक्षण नहीं किया गया है। अनुयायियों और समर्थकों में भी नाराजगी देखी जा रही है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा-दावोस में टेक्नोलॉजी वैल्यू चेन में एक भरोसेमंद और मूल्यों पर आधारित पार्टनर के रूप में भारत का उदय हुआ

दवोस में भारत की ग्रोथ और टेक्नोलॉजी की महत्वाकांक्षाओं पर ग्लोबल विश्वास

# एप्लिकेशन, मॉडल, चिप, इंफ्रास्ट्रक्चर और ऊर्जा से भारत में एआई ग्लोबल की रखी नींव

*वैष्णव ने एक्स पर कहा कि ग्लोबल टेक्नोलॉजी दिग्गज गूगल भारत के एआई ईकोसिस्टम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रहा*



एजेंसी ▶▶ दावोस (स्विटजरलैंड)

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि, दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) की सालाना बैठक में भारत की ग्रोथ और टेक्नोलॉजी की महत्वाकांक्षाओं पर ग्लोबल विश्वास साफ तौर पर दिखा। उन्होंने लॉजिस्टिक्स, मैन्युफैक्चरिंग, सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंफ्रास्ट्रक्चर में ग्लोबल कंपनियों और निवेशकों के साथ बढ़ते जुड़ाव पर ज़ोर दिया। दावोस से अपडेट शेयर करते हुए, मंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया कि मल्टीनेशनल लॉजिस्टिक्स कंपनी मर्स्क शिपिंग, बंदरगाहों, रेलवे और सेमीकंडक्टर मटीरियल सहित लॉजिस्टिक्सइंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के लिए भारत के साथ सक्रिय रूप से काम कर रही है, जो ग्लोबल सप्लाई चेन में भारत की बढ़ती भूमिका को दिखाता है।

इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी फर्म हनीवेल रेलवे के आधुनिकीकरण के लिए भारत के साथ साझेदारी कर रही



दावोस में चर्चा करते केंद्रीय मंत्री वैष्णव

टेमासेक के चेयरमैन टेओ ची हीन ने भारत में टेमासेक की मौजूदगी का विस्तार करने में दिलचस्पी दिखाई

### डब्ल्यूईएफ में हुई मुलाकातों ने बेहतर संकेत दिए

वैष्णव ने एक्स पर पोस्ट किया कि मर्स्क शिपिंग, बंदरगाहों और रेलवे, और सेमीकंडक्टर मटीरियल सहित लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के लिए भारत के साथ सक्रिय रूप से काम कर रही है। हनीवेल रेलवे के आधुनिकीकरण में भारत के साथ साझेदारी कर रही है। यह भारत में मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशन का विस्तार करने के लिए उत्सुक है। मंत्री वैष्णव के अनुसार डब्ल्यूईएफ में हुई मुलाकातों ने भारत की लंबी अवधि की ग्रोथ स्टोरी और एक भरोसेमंद ग्लोबल पार्टनर के रूप में इसकी स्थिति को मजबूत किया है। टेमासेक के चेयरमैन टेओ ची हीन ने भारत में टेमासेक की मौजूदगी का विस्तार करने में दिलचस्पी दिखाई, साथ ही सिंगापुर की भारत के फिजिकल और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ डीप-टेक स्टार्टअप में निवेश करने की प्रतिबद्धता को दोहराया।

### दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत ग्लोबल एआई सेवाओं के लिए एक मजबूत नींव बनाने के लिए एआई आर्किटेक्चर की सभी पांच परतों -एप्लिकेशन, मॉडल, चिप्स, इंफ्रास्ट्रक्चर और ऊर्जा-पर व्यापक रूप से काम कर रहा है। मंत्री वैष्णव ने भारत के आर्थिक दृष्टिकोण को भी दोहराते हुए कहा कि, टेक्नोलॉजी के नेतृत्व वाली ग्रोथ और मैन्युफैक्चरिंग विस्तार से प्रेरित होकर देश आने वाले वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है।

### हम सेमीकंडक्टर ईकोसिस्टम बना रहे

सेमीकंडक्टर पर मंत्री ने कहा कि, भारत चिप डिजाइन, फैब्रिकेशन, पैकेजिंग, मटीरियल, गैस और उपकरण को कवर करते हुए एक पूरा सेमीकंडक्टर ईकोसिस्टम बना रहा है। उन्होंने कहा कि इस एकीकृत दृष्टिकोण ने भारत को ग्लोबल सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन में एक तेजी से भरोसेमंद पार्टनर के रूप में स्थापित किया है। वैष्णव ने एक्स पर कहा कि ग्लोबल टेक्नोलॉजी दिग्गज गूगल भारत के एआई ईकोसिस्टम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रहा है, जिसमें विशाखापत्तनम (विजाग) में 15 बिलियन अमेरिकी डॉलर का एआई डेटा सेंटर प्रोजेक्ट और भारतीय स्टार्टअप्स के साथ पार्टनरशिप का विस्तार शामिल है।

भागीरथपुरा में दूषित पानी ने ली एक और जान

# एक बुजुर्ग ने इलाज के दौरान दम तोड़ा, मौत का आंकड़ा 26 पर पहुंचा

*10 अन्य नागरिकों का अस्पताल में चल रहा इलाज*



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी के सेवन से उत्पन्न हुई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के कारण शुक्रवार को एक और मौत दर्ज की गई। इस बार 63 वर्षीय बद्री प्रसाद ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उन्हें लगातार उल्टी और दस्त की शिकायत के बाद 17 जनवरी को अरविंदो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकीय जानकारी के अनुसार बद्री प्रसाद पहले से ही टीबी की बीमारी से भी जूझ रहे थे। इस नई मृत्यु के साथ ही भागीरथपुरा इलाके में अब तक जान गंवाने वाले लोगों की कुल संख्या बढ़कर 26 हो गई है। क्षेत्र में दूषित जल के कारण हो रही मौतों का यह सिलसिला प्रशासन के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

प्रदेश का बहुचर्चित प्रकरण : 24 मासूमों की हुई थी मौत

# कफ सीरप मामले में हाईकोर्ट ने सुरक्षित किया आदेश

**जबलपुर ।** मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश के बहुचर्चित जहरीले कफ सीरप 24 मासूमों की मौत के मामले में गिरफ्तार आरोपी डा. प्रवीण के अलावा उनकी पत्नी ज्योति सोनी, सौरभी जैन और राजेश सोनी की जामनत अर्जियों पर सुनवाई पूरी कर ली। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने अपना आदेश सुरक्षित कर लिया। उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सीरप से 22 बच्चों तथा बैतूल में दो बच्चों की मौत हुई थी। छिंदवाड़ा में अधिकतर को डा. प्रवीण सोनी ने ही वह कफ सीरप प्रिस्क्राइब किया था। छिंदवाड़ा जिले के परासिया थाना पुलिस ने कफ सीरप की निर्माण कंपनी श्रीसन फार्मेसी के संचालक, डा. प्रवीण सोनी व अन्य के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करते हुए उन्हे गिरफतार किया था। जिला न्यायालय ने प्रकरण को गंभीर मानते हुए आरोपी डाक्टर की जमानत अर्जी निरस्त कर दी थी। जिसके बाद आरोपी डाक्टर ने जमानत के लिए हाईकोर्ट की शरण ली है।

फरीदाबाद में पिता निकला हत्यारा

# 50 तक गिनती न लिखने पर बेटी की हत्या, गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के फरीदाबाद में पुलिस ने साढ़े 4 साल की बेटी की हत्या के आरोप में एक पिता को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपनी बच्ची को सिर्फ इसलिए पीटा क्योंकि वह 50 तक गिनती नहीं लिख पा रही थी। नौकरी पर गई पत्नी के सामने उसने कहानी बनाई कि बेटी खेलते समय सीढ़ियों से गिर गई थी। जब मां अस्पताल पहुंची तो उसने बच्ची के शरीर पर चोट के



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

कई निशान देखे। बच्ची के चेहरे पर जगह-जगह नीले निशान थे। शक होने पर मां ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में एनकाउंटर

# जैश-ए-मोहम्मद का पाकिस्तानी आतंकी ढेर, सर्च ऑपरेशन जारी

सर्च ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ हुई

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के बिलावर इलाके में शुक्रवार शाम सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) के जॉइंट ऑपरेशन में जैश-ए-मोहम्मद का एक आतंकी मारा गया। इलाके में



स्पेशल ऑपरेशन के दौरान का दृश्य

आतंकियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा था, तभी आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई, जिसमें एक आतंकी ढेर हो गया।

## पीएम मोदी ने 3 नई अमृत भारत एक्स. ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई



**गुरूवयूर और त्रिशूर के बीच नई ट्रेन से तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा आसान**

*तिरुवनंतपुरम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को केरल के तिरुवनंतपुरम में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया तथा ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। नागरिकों के लिए रेल यात्रा को मॉडर्न बनाने और इंटर-स्टेट और रीजनल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़े कदम के तौर पर, पीएम मोदी ने अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई।*

नीमच-जावद हाईवे पर हादसा

50 फीट तक घसीटने से शवों के चीथड़े उड़े

# ट्रॉले ने बाइक सवारों दो युवकों को कुचला, बुलडोजर से निकाले शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नीमच

भरभड़िया फंटे पर गुरुवार रात को एक ट्राले ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। दोनों युवक ट्रेलर में फंस गए, जिससे करीब 50 फीट तक घसीटते गए। ट्रेलर लोहे की रेलिंग तोड़ते हुए बिजली के खंभे पर टकराकर खेत में घुस गया।

खंभे भी टूट गए। युवकों के शवों के चीथड़े उड़ गए। हादसे के बाद ट्रेलर में फंसे क्षत-विक्षत शवों को निकालने के लिए क्रेन बुलाई गई।





ट्रॉले में फंसे शव मुश्किल से निकाए गए

लेकिन ट्रेलर क्रेन से हिल भी नहीं पाया। इसके बाद तीन बुलडोजर बुलाए गए। देर रात तक कड़ी मशक्कत के बाद शवों को ट्रेलर से निकाला गया। तेज रफ्तार ट्रेलर सीमेंट क्लिंटर लेकर मंदसौर जा रहा था। वहीं, बाइक सवार नीमच से जावद की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ट्रेलन ने बाइक सवारों को चपेट में ले लिया।

## क्या ये नया भागीरथपुरा? अब महू में भी दूषित पानी ने बढ़ाई लोगों की चिंता

चंदर मार्ग में कलेक्टर शिवम वर्मा ने किया निरीक्षण

# 250 घर प्रभावित, 10 अस्पताल में भर्ती, 12 सर्वे टीमें तैनात, नर्मदा सप्लाई रोककर टैंकर से देंगे पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महू

चंदर मार्ग क्षेत्र में दूषित पानी के कारण उपजे स्वास्थ्य संकट को देखते हुए इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा शुक्रवार को प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे। उन्होंने गली-मोहल्लों का भ्रमण कर रहवासियों से सीधे संवाद किया और क्षेत्र में जल आपूर्ति की स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि प्रशासन हर प्रभावित परिवार की मदद के लिए मुस्तैद है।

प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार चंदर मार्ग के लगभग 250 घर इस दूषित जल की समस्या से सीधे तौर पर प्रभावित हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने 12 विशेष सर्वे टीमें गठित की हैं, जो घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर रही हैं।

रहवासियों से जल आपूर्ति के संबंध में की चर्चा



कलेक्टर शिवम वर्मा बात करते हुए

### इधर, बुरहानपुर में गंदे पानी की सप्लाई पर प्रदर्शन, कांग्रेसी नेताओं पर एफआईआर

**बुरहानपुर।** गंदे पानी के वितरण सहित अन्य मुद्दों को लेकर नेपानगर भाजपा कार्यालय के सामने प्रदर्शन करना कांग्रेस नेताओं को भारी पड़ गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष नीलेश महाजन की शिकायत पर पुलिस ने कांग्रेस के ग्रामीण कार्यकारी अध्यक्ष जगमीत सिंह जाली और शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश सिंह बैस सहित बारह कांग्रेस नेताओं के खिलाफ बीएनएस की धारा 223 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

# दावोस में नजर आया मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास की गति का सकारात्मक प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में पिछले 2 वर्ष में जितनी तीव्र गति से औद्योगिक विकास हुआ है, उसका सकारात्मक प्रभाव दावोस में दिखाई दिया है। दावोस में विभिन्न क्षेत्रों के बड़े उद्योगपतियों और व्यापार प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें और चर्चा हुई हैं। डॉ. यादव ने दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में विभिन्न इंटरशेनल कम्पनियों के साथ हुई बैठकों के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम-2026 में भारत का सबसे बड़ा दल पहुंचा है। बदलाव के इस दौर में मप्र में सोलर एनर्जी, आईटी, टूरिज्म सहित सभी सेक्टर्स में विकास की अपार संभावनाएं विद्यमान हैं।

मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में देश का पावर हब बन चुका है। प्रदेश में पंप स्टोरेज, सोलर एनर्जी और विंड एनर्जी उत्पादन को बढ़ाया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि देश में नवकरणीय ऊर्जा के माध्यम से उत्पादित सबसे सस्ती बिजली मध्यप्रदेश उपलब्ध करवा रहा है। प्रदेश के इस मॉडल को समझने और अध्ययन करने के लिए लोग काफी उत्साहित हैं।

### मप्र सरकार की उद्योग हितैषी नीतियों से दावोस बैठक बनी महत्वपूर्ण:सीएम

### नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में मप्र देश का बन चुका है पावर हब

### मालदीव के साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार प्रदेश सरकार: डॉ. यादव



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दावोस इकोनॉमिक फोरम में मालदीव के मंत्री और अर्थशास्त्री डॉ. मोहम्मद सईद के साथ अलग-अलग विषयों पर चर्चा हुई। उद्योग क्षेत्र में साझेदारी के लिए डॉ. सईद ने बताया कि उनके देश में टूरिज्म के अलावा मत्स्य पालन, आईटी, हेल्थ जैसे अनेक क्षेत्रों में आगे बढ़ने की संभावनाएं हैं। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति ने पूर्व में काफी ठोस निर्णय लिए हैं। प्रदेश सरकार मालदीव के साथ मिलकर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। डॉ. यादव ने बताया कि आगामी समय में वे स्वयं मालदीव की यात्रा करेंगे और वहां विकास के लिए परस्पर साझेदारी की संभावनाओं को तलाशेंगे। मालदीव भी भारत के साथ मिलकर आगे बढ़ने में रुचि रखता है। मालदीव के स्थानीय लोगों और वहां रहने वाले भारतवंशियों के परस्पर बेहतर सांस्कृतिक संबंध हैं।

### मध्यप्रदेश में एग्रीकल्चर पॉल्ट्री के क्षेत्र में बेहतर संभावनाएं, पर्याप्त बिजली, भूमि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में एग्रीकल्चर पॉल्ट्री के क्षेत्र में बेहतर संभावनाएं हैं। भविष्य में इस दिशा में भी अन्य राज्यों के साथ व्यापार को आगे बढ़ाएंगे। मध्यप्रदेश के पास पर्याप्त लैंड बैंक है, पर्याप्त बिजली है। ट्रांसपोर्टेशन के मामले में भी हमारा राज्य, भारत के मध्य में स्थित होने के कारण अनुकूल है। अब कई क्षेत्रों के निवेशक मध्यप्रदेश का रुख कर रहे हैं। उद्योग एवं व्यापारिक गतिविधियां बढ़ाने के लिए एमओयू हस्ताक्षरित हुआ है। मध्यप्रदेश सबसे तेज गति से औद्योगिक विकास करने वाला राज्य बना है। देश के 3 प्रमुख राज्यों ने औद्योगिक गति को बढ़ाया है, उनमें मध्यप्रदेश सबसे युवा राज्य है। बीते 2 वर्ष में राज्य सरकार के इन प्रयासों से प्रदेश में बेरोजगारी दर एक प्रतिशत के आसपास आ गई है। प्रदेश के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए हो रहे प्रयासों के सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### भोपाल-देवास स्टेट हाईवे पर वैक्यूम से होगी सफाई

**भोपाल।** देवास स्टेट हाईवे पर वैक्यूम मशीन के जरिए सफाई होगी। इसके लिए मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के बीच एमओयू हुआ है, ताकि सड़क की कचरा नहीं दिखें, न ही धूल जमा हो। स्टेट हाईवे पर कचरा संग्रहण एवं प्रबंधन को लेकर एक समझौता ज्ञापन पर गुरुवार को हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव एवं विकास आयुक्त दीपाली रस्तोगी की उपस्थिति में एमपीआरडीसी के प्रबंध संचालक भरत यादव और ग्रामीण विकास विभाग के संचालक छोटे सिंह ने संपादित किया। इस समझौते का उद्देश्य भोपाल-देवास स्टेट हाईवे के अंतर्गत आने वाले शहरी निकायों एवं ग्राम पंचायत क्षेत्रों में फुली मैकेनाइज्ड वाहन-माउंटेड रोड वैक्यूम लिटर कलेक्शन मशीन के माध्यम से सड़क की नियमित सफाई, रख-रखाव और अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करना है।

### आयुष यूजी स्ट्रे वेकेंसी राउंड-4: 33 सीटें ही भरी

**भोपाल।** राजधानी भोपाल, शिवपुरी, छतरपुर, ग्वालियर, इंदौर, रतलाम, जबलपुर समेत प्रदेशभर के 63 में से 29 खाली सीटों वाले आयुर्वेद, होम्योपैथी मेडिकल कॉलेजों में सत्र 2025-26 में निर्धारित समय के अनुसार शाम सात बजे तक सिर्फ 33 सीटें ही भर पाई। जबकि गुरुवार 22 जनवरी स्ट्रे वेकेंसी राउंड 4 में प्रवेश का अंतिम दिन था। इन 33 सीटों में से 26 आयुर्वेद बीएएमएस की तथा 7 होम्योपैथी की सीटें हैं। ज्ञात रहे कि इस स्ट्रेवेकेंसी राउण्ड चार के पूर्व 1043 सीटें खाली थीं। कितने छात्रों ने प्रवेश निरस्त कराया वो आंकड़ा प्राप्त नहीं हो सका है।

### अब 21 फरवरी तक नहीं जुड़ेंगे नए नाम, 14 फरवरी तक होगी नो मैपिंग सुनवाई

# वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने 56 हजार नए आवेदन, चार लाख 38 हजार नाम काटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिले में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का दूसरा चरण भी गुरुवार को पूरा हो गया है। जिसके तहत पिछले एक महीने से नए नाम जोड़ना, काटना और नाम में संशोधन कराने का काम चल रहा था। जिसके तहत जिले की बैरसिया, उत्तर, नरेला, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा में 56 हजार 103 मतदाताओं ने नए नाम जोड़ने का आवेदन पेश किया है, जबकि 5 हजार 484 मतदाताओं ने वोटर लिस्ट से नाम कटवाने फार्म-7 भरा है। ऐसे में जिले की मतदाता सूची का अब फ्रीज कर दिया जाएगा। अगर कोई मतदाता नाम जुड़वाने से छूट गया है तो उसे 21 फरवरी के बाद ही वोटर लिस्ट में शामिल किया जाएगा।

जिले में 22 साल बाद हुए एसआईआर की वजह से विधानसभाओं की तस्वीर बदल गई है। सात विस से मृत, एबसेंट, शिफ्टेड और मृत मतदाताओं की जांच में 4 लाख 38 हजार 317 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं, जिससे जिले के मतदाताओं की तादाद 21 लाख 25 हजार 908 से कम होकर 16 लाख 87 हजार 33 रह गई है। इसमें नो मैपिंग वाले 1 लाख 16 हजार 925 मतदाता शामिल हैं, जिनकी सुनवाई 14 फरवरी तक जारी रहेगी। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि नए आवेदन ऑनलाइन जमा किए जा सकेंगे, लेकिन उन्हें एसआईआर की फाइनल लिस्ट जारी करने के बाद ही शामिल किया जाएगा।

### नो मैपिंग वाले 1 लाख 16 हजार 925 मतदाता



वार्ड 9 में एसआईआर में चल रही मतदाताओं की सुनवाई।

### गोविंदपुरा, नरेला से आए सबसे ज्यादा आवेदन

एसआईआर के दौरान सबसे ज्यादा नाम गोविंदपुरा और नरेला से ही काटे गए हैं। जिसको देखते हुए एक महीने से चल रहे नाम जोड़ने के काम के दौरान गोविंदपुरा विस से 13 हजार 419 फार्म मिले हैं, जबकि नरेला विस में 11 हजार 893 फार्म जमा किए गए हैं। इधर बैरसिया में सबसे कम 3 हजार 260 आवेदन मिले हैं।

### संशोधन और पता बदलवाने 37 हजार आवेदन

एसआईआर के दौरान वोटर लिस्ट में मैपिंग कराने के साथ जिले की सातों विस में नाम में संशोधन, पता बदलवाना, विधानसभा चेंज कराने के 37 हजार से अधिक फार्म मिले हैं। इन मतदाताओं को नए इपिक कार्ड भी दिए जाएंगे। इसके साथ नए नाम जुड़वाने वाले मतदाताओं को भी तीन माह में नए वोटर कार्ड स्पीड पोस्ट से घर भेजे जाएंगे।

### एसआईआर प्रक्रिया पर कांग्रेस ने उठाए गंभीर सवाल

## 10 दिन में 11 लाख वोटर्स को हटाने का दावा: कांग्रेस का आरोप, पहले से छपे फार्म में आवेदकों के नाम नहीं

कांग्रेस एसआईआर की पूरी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए भाजपा पर सुनियोजित तरीके से वोटर लिस्ट से नाम कटवाने की साजिश का आरोप लगाया है। कांग्रेस का दावा है कि सिर्फ 10 दिनों में करीब 11 लाख वोटरों के नाम काटने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा बूथ लेवल ऑफिसर्स को बड़े पैमाने पर फॉर्म-7 उपलब्ध कराए गए हैं। आरोप है कि इन फॉर्मों का इस्तेमाल विशेष रूप से एससी, एसटी, अल्पसंख्यक और कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक को मतदाता सूची से बाहर करने के लिए किया जा रहा है। कांग्रेस का कहना है कि यह न सिर्फ चुनाव आयोग की प्रक्रिया का उल्लंघन है, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों पर सीधा हमला है।



शिकायत पत्र देते कांग्रेस पदाधिकारी।

### कांग्रेस ने कार्रवाई के लिए सौंपा ज्ञापन

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि जिन फॉर्म-7 के जरिए वोटर के नाम हटाने की प्रक्रिया चल रही है, वे प्री-प्रिंटेड (पहले से भरे हुए) हैं। इन फॉर्मों में विधानसभा क्रमांक, विधानसभा का नाम, जिस मतदाता का नाम हटाना है, उसका नाम और विवरण पहले से दर्ज है। चौंकाने वाली बात यह है कि आवेदन देने वाले व्यक्ति का नाम नहीं है, किसी भी आवेदक के हस्ताक्षर नहीं हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस पूरे मामले को लेकर भाजपा और चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव हारने के डर से अब मैदान में नहीं, बल्कि वोटर लिस्ट में खेल कर रही है। निर्वाचन आयोग पहुंचकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारी को कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में विधायक आरिफ मसूद, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, जेपी धनोपिया आदि शामिल रहे।

### वन विकास निगम करेगा पौधरोपण

## राजधानी के अयोध्या बायपास पर रौपे जाएंगे 81 हजार से अधिक पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आर्थिक संक्रमण के दौर में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने छिंदवाड़ा और सिवनी जिलों में राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे बड़े पैमाने पर पौधरोपण और उनके रख-रखाव का काम मप्र वन विकास निगम को सौंपा है। इसका उद्देश्य सड़क के किनारे हरियाली बढ़ाना, प्रदूषण कम करना और पर्यावरण संतुलन बनाए रखना है। इस कार्य के लिए निगम को अनुमानित 7-8 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होगा, जो निगम के लिए संजीवनी का काम करेगी।

वन विकास निगम के प्रबंध संचालक एचयू खान ने बताया कि एनएचएआई ने सड़क किनारे, मीडियन (सड़क के बीच की जगह) और खाली पड़ी भोपाल में अयोध्या बायपास के चौड़ीकरण के दौरान काटे जाने वाले पेड़ों की क्षतिपूर्ति के लिए सड़क किनारे पौधरोपण का काम मध्य प्रदेश वन विकास निगम को सौंपा है। एनएचएआई की भूमि पर अयोध्या बायपास के दोनों ओर पौधे रोपे जाएंगे।



### 15 साल तक देखरेख का जिम्मा एनएचएआई को

योजना के अनुसार अयोध्या बायपास के दोनों ओर 10,000 और आसपास कुल 81,000 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे, जिनकी पंद्रह सालों तक देखरेख का जिम्मा एनएचएआई उठाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 347 के मुलताई, छिंदवाड़ा खंड एवं राजमार्ग क्रमांक 547 के सावनेर छिंदवाड़ा एवं छिंदवाड़ा रिंग रोड एवं छिंदवाड़ा - नरसिंहपुर खंड, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 के सिवनी के आसपास तथा बालाघाट-गोंदिया, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 543 के अंतर्गत आने वाले टोल प्लाजा एवं रोटरी पर पौधरोपण कार्य किया जाएगा। यानी एनएचएआई की ओर से कुल 12 किमी से अधिक मार्ग पर पौधरोपण और उसकी देख-रेख किया जाएगा।

## राज्य दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड गठित भाजपा, कांग्रेस के नेता बने सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य शासन ने राज्य दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड का गठन किया है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता वाले इस बोर्ड में विधायक प्रियंका मीणा, मंजू राजेन्द्र दादू और गौरव सिंह पारधी को भी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। दिव्यांगजनों के पुनर्वास एवं कल्याण के लिये बोर्ड में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त विशेषज्ञों एवं प्रतिनिधियों को नियुक्त किया गया है, जिनमें रविन्द्र कोपरगांबकर, राजेश शुक्ला, विश्वजीत सरमंडल, प्रीति तांबे, जगदीश अरोड़ा, आशीष कट्टी, मिताली बनर्जी, गीता ढ़ीगरा, दीपक गोयल, डॉ. आकाश सेठ, पूजा गर्ग, डॉ. सचिन श्रीवास्वत, डॉ. मनीष कुमार, मिनी अग्रवाल, मुकुल गुप्ता, प्रीति सोनी, सुषमा पटेल, दुर्गा येवले, दीपक शर्मा, निरंजन गुजर, अशोक परियानी, अमित जैन और प्रवीण कक्कड़ शामिल हैं।

## बस्तर में 40 साल बाद आजाद हुआ गणतंत्र, माओवादी फरमानों को पछाड़ पहली बार 40 गांवों में लहराएगा तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

यह गणतंत्र दिवस बस्तर के इतिहास में सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि चार दशक लंबे अंधेरे के बाद उगता लोकतांत्रिक सूरज होगा। बस्तर संभाग के 40 ऐसे गांव, जहां अब तक राष्ट्रीय पर्व माओवादी फरमानों के आगे दबे रहते थे, वहां इस 26 जनवरी को पहली बार तिरंगा लहराएगा। यह ध्वजारोहण सिर्फ एक रस्म नहीं, बल्कि संविधान और भरोसे की वापसी का प्रतीक होगा।

बीते एक साल में माओवादियों के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले इलाकों में सुरक्षा बलों ने 58 नए कैंप स्थापित किए हैं। इनमें से 53 कैंप ऐसे हैं, जहां पहली बार गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा और 40 कैंप ऐसे हैं, जहां पहली बार कोई राष्ट्रीय पर्व मनाया जाएगा। इन्हीं कैंपों की मजबूत मौजूदगी ने ग्रामीणों के भीतर वर्षों से जमी चुप्पी और डर को तोड़ा है। जिन गांवों में कभी 26 जनवरी को घरों के दरवाजे बंद रहते थे, वहां अब खुलकर गणतंत्र दिवस की तैयारी हो रही है।

### ग्रामीणों ने साझा किया अपना अनुभव

*बीजापुर जिले के उल्लूर गांव के ग्रामीण सुखमन कहते हैं कि हमने 26 जनवरी हमेशा डर के साथ देखी। उस दिन गांव में सन्नाटा रहता था। अब जवान हमारे साथ हैं, पहली बार तिरंगा हमारे गांव में खुलेआम लहराएगा। अबूझमाड़ के कुड़मेल गांव के रामा कहते हैं कि पहले काले झंडे लगाने को मजबूर किया जाता था। अब हम खुद तिरंगा लगाएंगे। कैंप खुलने के बाद पहली बार लगा कि सरकार सच में यहां पहुंची है। बस्तर में माओवाद के विरुद्ध यह संघर्ष कोई तात्कालिक अभियान नहीं, बल्कि चार दशक से अधिक समय से चली आ रही लोकतांत्रिक लड़ाई है। 2001 से 21 दिसंबर 2025 तक 3414 मुठभेड़ों में 1573 माओवादी मारे गए, 1318 जवानों ने बलिदान दिया और 1821 निर्दोष नागरिक हिंसा के शिकार बने। ताड़मेटला, बुर्कापाल और रानीबोदली जैसी घटनाओं ने बस्तर की स्मृति पर गहरे घाव छोड़े।*

### बस्तर संभाग में 135 नए सुरक्षा कैंप स्थापित

यह सिर्फ सुरक्षाबलों की सफलता नहीं है। यह ग्रामीणों के भरोसे की जीत है। जिन इलाकों में कभी राष्ट्रीय पर्व मनाना असंभव था, वहां आज लोग खुद आगे बढ़कर तिरंगा फहरा रहे हैं।

**इन गांवों में पहली बार ध्वजारोहण**

बीजापुर: उल्लूर, चिलमसका, पेद्दाकोमरा, कोमागुड़ा (पीड़िया), बेलनार, ताड़पाल, कोंडापाली

दंतेवाड़ा: पिल्लूर, डोडीसुमार, कमालूर

नारायणपुर–ओरछा क्षेत्र: पलवाया, एड्म, ईदवाया, कुकड़मेल

सोनपुर–ओरछा बेल्ट: सिरसम, टोके, पाकेटा, काकूर, बाटलेड़ा

कोर एरिया गांव: कोडनार, अंजागार, मंडेला, जदूर, बायपेटा

सुकमा–चिंतनार क्षेत्र: तुस्मालमेटी, बीरागोड़ा, पालागुड़ा, नागाराम

अन्य गांव: वंजलवाही, गोरगुड़ा, पेद्दाबोटेकल, उसरासाल

### भारी मात्रा में हथियार बरामद

## 47 लाख के इनामी 9 खूंखार माओवादियों ने किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासन द्वारा प्रतिबंधित संगठन ओड़िसा राज्य कमेटी के धमतरी, गरियाबंद, नुआपाड़ा डिवीजन के नगरी एरिया कमेटी, सीतानदी एरिया कमेटी तथा मैनपुर एलजीएस के नौ माओवादियों ने हथियार के साथ आत्म समर्पण किया है।

इन माओवादियों ने बड़ी संख्या में हथियार भी समर्पण किया है। एसपी सूरज सिंह परिहार से मिली जानकारी के अनुसार समर्पित माओवादियों में ज्योति उर्फ जैनी उर्फ रेखा डीव्हीसीएम सीतानदी एरिया कमेटी सचिव है। इस पर आठ लाख रुपए का इनाम था। इनके पास से इंसास राइफल बरामद किया गया है।



### यह इनामी नक्सली थे वांटेड

इसी तरह उषा उर्फ बालग्गा डीव्हीसीएम टेक्निकल (डीजीएन) है। इस पर भी आठ लाख रुपए का इनाम था, इंसास हथियार जब्त किया गया है। रामदास मरकाम उर्फ आयता उर्फ हिमांशु, पूर्व गोबरा एलोएस कमांडर है, जो वर्तमान में नगरी एसीएम है। इस पर पांच लाख का इनाम है। इसी तरह रोनी उर्फ उमा सीतानदी एरिया कमेटी कमाडर है। इस पर भी पांच लाख का इनाम है।

### लोकभवन की ऐतिहासिकता और प्रदर्शनी का कर सकेंगे अवलोकन

## गणतंत्र दिवस पर 25 जनवरी से आमजनों के लिए खुलेगा लोकभवन, लघु फिल्में दिखाएंगे

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

- सांस्कृतिक दल विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे

राज्यपाल मंगुभाई पटेल के निर्देशानुसार लोकतंत्र के महापर्व गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर 25 जनवरी से लोकभवन आमजनों के लिए खोला जा रहा है। नागरिक 25 जनवरी से 27 जनवरी तक निर्धारित समयावधि में लोकभवन का भ्रमण कर सकेंगे।

राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी ने बताया कि लोकभवन 25 जनवरी एवं 27 जनवरी को दोपहर 2 बजे से सायं 8 बजे तक आम नागरिकों के लिए खुला रहेगा। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन, लोकभवन भ्रमण का समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि लोकभवन भ्रमण के लिए आने वाले नागरिक कुशाभाऊ ठाकरे सभागार परिसर में वाहन पार्किंग कर सकेंगे। लोकभवन में प्रवेश गेट क्रमांक-1 से होगा और निकास गेट क्रमांक- 4 से होगा। भ्रमण के समस्त रूट में आमजन लोकभवन की ऐतिहासिकता, सजावट और प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी ने बताया कि इस अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा 'वीबी-जी रामजी योजना तथा वंदे भारत थीम' पर आधारित विशेष आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। तीनों दिन केन्द्रीय संचार ब्यूरो के सांस्कृतिक दलों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसी प्रकार जनसंपर्क विभाग द्वारा 'राजभवन से लोकभवन' विषय पर प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लोकभवन की ऐतिहासिक, लोकतांत्रिक और प्रशासनिक यात्रा को रोचक रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

### सीएस जैन-डीजीपी मकवाणा ने किया नए क्रिमिनल कानूनों पर मंथन

# प्रदेश में कानून की स्थिति का असर और जागरुकता पर विमर्श तकनीकी संसाधनों के उपयोग, विभागों में समन्वय पर भी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

न्यू क्रिमिनल लॉ बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए के प्रभावी क्रियान्वयन और उसकी जमीनी प्रगति की समीक्षा बैठक मंत्रालय में मुख्य सचिव अनुराग जैन ने ली। जिसमें डीजीपी कैलाश मकवाना, गृह विभाग के आला अफसर सहित आधा दर्जन विभागों के अफसर शामिल रहे। बैठक में जेल विभाग, स्वास्थ्य विभाग, फॉरेसिंक, अभियोजन के वरिष्ठ अधिकारियों को भी बुलाया गया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य नए आपराधिक कानूनों को लेकर प्रदेश में कितनी जागरुकता आई है, इसकी समीक्षा करना रहा। इसके साथ ही कानून के तहत लागू की गई नई प्रक्रियाओं की वास्तविक स्थिति पर भी इसमें चर्चा की गई।



### जहां सुधार की जरूरत, वहां पर फोकस

बताया जाता है कि बैठक में विशेष रूप से ऑनलाइन एमएलसी रिपोर्ट, फॉरेसिंक रिपोर्ट की समयबद्ध उपलब्धता, जांच प्रक्रिया में तकनीकी संसाधनों के उपयोग और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की स्थिति पर चर्चा हुई है। नए कानूनों के तहत पुलिस, अभियोजन, जेल और स्वास्थ्य विभाग के स्तर पर कितना पालन किया जा रहा है और कहां-कहां पर सुधार की अभी जरुरत है, इस पर फोकस किया जा रहा है। बैठक को लेकर पुलिस मुख्यालय के अफसर पिछले दो दिनों से तैयारी कर रहे हैं। डीजीपी ने इस संबंध में दो दिन पहले अपने चैंबर में सीआईडी और एससीआरबी के अफसरों के साथ बैठक की थी। वहीं बुधवार की शाम को सीआईडी शाखा में इस संबंध में बैठक हुई। बैठक में पुलिस अफसर नए लॉ को लेकर डेटा और अपडेट के साथ पहुंचे । इस संबंध में पुलिस ने इससे जुड़ी सभी शाखाओं से रिकॉर्ड तलब कर पूरी रिपोर्ट तैयार की है।

## नेताजी अदम्य साहस और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक : नड्डा

# शताब्दी वर्ष : बंगाली क्लब में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण

### अमृत कलश पीढ़ियों को प्रेरणा देगा : डॉ.यादव

**जबलपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर गुरुवार को जबलपुर राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र बन गया, जब शहर के ऐतिहासिक सिटी बंगाली क्लब में भव्य कार्यक्रम के दौरान नेताजी की 8 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस गरिमामय अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया। समारोह में अमृत कलश की स्थापना के साथ नेताजी के विचारों और उनके संघर्ष को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प भी दोहराया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने बसंत पंचमी और नेताजी जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जबलपुर की धरती और सिटी बंगाली क्लब से उनका आत्मीय रिश्ता महसूस होता है। नड्डा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि नेताजी ने आईसीएस अधिकारी के रूप में मिलने वाले सुख-सुविधाओं से भरे जीवन को त्याग कर देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष का कठिन मार्ग चुना। उनका मानना है कि यदि नेताजी का जीवन और लंबा होता, तो आज भारत का स्वरूप और अधिक सशक्त होता। इस दौरान उन्होंने स्वामी विवेकानंद और श्यामाप्रसाद मुखर्जी के योगदान को भी स्मरण किया।



#### बंगाल पर जताई चिंता

बंगाली समाज को संबोधित करते हुए नड्डा ने पश्चिम बंगाल की वर्तमान परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जिस बंगाल ने कभी देश को दिशा दिखाई, आज वह चुनौतियों से जूझ रहा है। नड्डा ने आरोप लगाया कि आज बंगाली समाज खुद को बंगाल की तुलना में मध्य प्रदेश में अधिक सुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने जबलपुर से संदेश देते हुए आह्वान किया कि बंगाल को कुशासन से मुक्त कर मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प लिया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने शांति निकेतन और दुर्गा पूजा को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

#### आने वाली पीढ़ियों को मिलेगी प्रेरणा : सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में जबलपुर और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के ऐतिहासिक संबंधों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नेताजी स्वयं सिटी बंगाली क्लब आए थे, जिससे इस संस्था की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बनी। मुख्यमंत्री ने बताया कि क्लब के 100 वर्षों के ऐतिहासिक रिकॉर्ड को अमृत कलश के रूप में धरती में स्थापित किया गया है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने नेताजी की भव्य प्रतिमा के अनावरण को जबलपुर के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया और आजादी की लड़ाई में बंगाल के नायकों की भूमिका को स्मरण किया।

मुख्यमंत्री ने सिटी बंगाली क्लब की शैक्षणिक परंपरा की प्रशंसा करते हुए कहा कि 95 वर्ष पूर्व बालिका शिक्षा के लिए स्कूल की स्थापना की गई थी और यदि भविष्य में क्लब विश्वविद्यालय खोलने की दिशा में पहल करता है, तो राज्य सरकार उसके साथ मजबूती से खड़ी रहेगी। अपने वक्तव्य में उन्होंने कश्मीर मुद्दे का उल्लेख करते हुए कहा कि आजादी के बाद हुई ऐतिहासिक भूल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 हटाकर सुधारा है। उन्होंने श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान को याद करते हुए कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला।

समापन समारोह के आरंभ में बंग समाज ने अतिथियों का पारंपरिक ढंग से शंख बजा कर स्वागत किया। तत्पश्चात सर्वप्रथम केंद्रीय मंत्री नड्डा ने बंगाली क्लब परिसर में स्थापित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण किया । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सहित अन्य अतिथियों ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित की। इसके बाद शताब्दी स्तंभ का लोकार्पण किया गया। इसी के साथ संस्था के संस्थापकों और पूर्वजों की फोटो गैलरी का शुभारंभ भी अतथियों द्वारा किया गया।

#### पूर्व सांसद श्रीमति  बैनर्जी का शताब्दी सम्मान

इस अवसर पर पूर्व सांसद जयश्री बैनर्जी का शताब्दी सम्मान और शताब्दी स्मारिका का विमोचन भी किया गया। बसंत पंचमी और 'पराक्रम दिवस  के रूप में मनाई जा रही नेताजी की जयंती के अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में नेताजी सुभाषचंद्र बोस के 1939 में जबलपुर प्रवास के दौरान के संरक्षित पत्र रखे गए हैं। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, कोषाध्यक्ष सीए अखिलेश जैन, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक अशोक रोहाणी, विधायक अभिलाष पांडे, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, क्लब के अध्यक्ष सुब्रत पाल, सचिव प्रकाश शाह, सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



## सरस्वती शिशु मंदिर में मना बसंत पंचमी उत्सव

**जबलपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर, गलगला में आज बसंत पंचमी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन शारदा बाल कल्याण समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन एवं आरती से हुई। इसके पश्चात भैया-बहनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जनमानस का मन मोह लिया। पूजन का संचालन आचार्य इच्छा लाल त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष जिनेंद्र जैन, उपाध्यक्ष सचिन अग्रवाल, सचिव नीलेश पांडे, और अन्य शिक्षक, पूर्व छात्र एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## जल संरचनाएं गोंडवाना साम्राज्य की समृद्ध विरासत का है जीवंत प्रमाणः सीएम डॉ. यादव

### गोंडवाना कालीन वीर बावड़ी और जल मंदिर का किया अवलोकन



**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय स्वास्थ एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री  जगत प्रकाश नड्डा ने जबलपुर के ऐतिहासिक 'जल मंदिर' और 'वीर बावड़ी' परिसर का शुक्रवार को भ्रमण कर पुनरुद्धार कार्यों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल संरचनाएं गोंडवाना साम्राज्य के गौरवशाली अतीत का जीवंत प्रमाण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने बावड़ी की वास्तुकला और इसके पुनरुद्धार कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य ध्येय हमारी ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजना और आने वाली पीढ़ी को इससे परिचित कराना है। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने परियोजना की विस्तृत जानकारी दी। रानी ताल और चेरी ताल के मध्य स्थित अद्वितीय स्थापत्य अवलोकन के दौरान अवगत कराया गया कि यह बावली केवल एक जल संरचना नहीं है, बल्कि यह गोंडवाना साम्राज्य की समृद्ध विरासत का प्रतीक है। रानी ताल और चेरी ताल के मध्य स्थित यह 'वीर बावड़ी' वीरांगना रानी दुर्गावती के प्रकृति प्रेम और लोक कल्याणकारी नीतियों का जीवंत प्रमाण है। उस दौर में जल संरक्षण को लेकर जो तकनीक अपनाई गई थी, उसका यह एक बेजोड़ नमूना है।

## डिजिटल अरेस्ट कर 45 लाख रुपए ठगने की आरोपी अंकिता नाथ की जमानत अर्जी निरस्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट कर 45 लाख रुपए की ठगी करने की आरोपी अंकिता नाथ की जमानत अर्जी निरस्त कर दी।आरोपी की ओर से आवेदन वापस लेने का निवेदन किया गया, जिसे जस्टिस संदीप एन भट्ट की सिंगल बेंच ने स्वीकार कर लिया।

न्यू जगदंबा कॉलोनी जबलपुर निवासी विजय कुमार की शिकायत के अनुसार , राज्य साइबर सेल जबलपुर जोन की फर्जी डीसीपी बनकर आरोपी ने शिकायतकर्ता को 3 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट रखा। शिकायतकर्ता के खाते से आरोपी व उसके पति के खाते में 45 लाख ट्रांसफर करवाए। कोलकाता की रहने वाली आरोपी अंकिता नाथ और उसके फरार पति अहमद रजा ख़ान को आरोपी बनाया गया था। अंकिता को हाईकोर्ट में पेश किया गया। राज्य शासन की ओर से पैनल अधिवक्ता हिमांशु तिवारी ने जमानत अर्जी का विरोध किया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खाते से ही 45 लाख रुपए की रकम बरामद हुई है। बैंक पासबुक, एटीएम, चेक बुक भी जब्त हुए हैं। वहीं आरोपी की ओर से दलील दी गई कि वह बीमार है और घर की देखभाल करने के लिए जेल से रिहा होना जरूरी है। कुछ देर तर्क रखने के बाद आरोपी की ओर से अर्जी वापस ले ली गई।

## सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर प्रतिमा पर कांग्रेस ने माल्यार्पण कर दी पुष्पांजलि

**जबलपुर।** सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, राष्ट्रीय सचिव चंदन यादव, विधायक लखन घनघोरिया, संजय यादव  द्वारा माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष चंद्र बोस द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान को रहती दुनिया तक कभी भुलाया नहीं जा सकता हैं। इस अवसर पर दिनेश यादव, सम्मति सैनी, सतीश तिवारी, टीकाराम कोस्टा, झललेलाल जैन, अमरीश मिश्रा, अशोक यादव, महेश मिश्रा, रम्बल विश्वकर्मा, अवधेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय पराक्रम दिवस पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को दी पुष्पांजलि



**जबलपुर।** आजाद हिंद फ़ौज के संस्थापक और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जन्म-जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर दयानंद शाखा द्वारा श्रीनाथ की तलैया, जबलपुर स्थित नेताजी की प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में अनूप शुक्ला, यदुवंश मिश्रा, डॉ. अरुण मिश्रा, दीपांशु शुक्ला, संजय शुक्ला, दीना नाथ शर्मा, उमेश विश्वकर्मा, हरि विश्वकर्मा, मुकेश भोजक और प्रदीप चौकसे सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य देशभक्ति और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना को जागृत करना था।

## जन्म जयंती पर हुआ हैंडबॉल शो मैच

**जबलपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती के अवसर पर सनातन धर्म पब्लिक स्कूल, हाथीताल में एक विशेष हैंडबॉल शो मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाकौशल क्रीड़ा परिषद् के संस्थापक डॉ. प्रशांत मिश्रा के नेतृत्व में हुआ। आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय कोच हरमिंदर सिंह ढिल्लो और खालसा स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतीश तिवारी सेवा दल के अध्यक्ष एवं विष्णु विनोदिया रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों और विद्यार्थियों को नेताजी के आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। महाकौशल क्रीड़ा परिषद् ने बताया कि वे केवल नेताजी ही नहीं, बल्कि ऐसे 18 राष्ट्रीय नायकों की स्मृति में विभिन्न खेलों के शो मैच आयोजित करते हैं। इन आयोजनों का उद्देश्य युवाओं को देशभक्ति, अनुशासन और खेल भावना से जोड़ना है, ताकि नई पीढ़ी राष्ट्रीय आदर्शों को आत्मसात कर सके।

## मध्य भारत मोर्चा ने नेताजी को किया याद

**जबलपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर 23 जनवरी को मेडिकल स्थित नेताजी की प्रतिमा पर मध्य भारत मोर्चा के सदस्यों ने माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव ने बताया कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा, दिल्ली चलो, जैसे नारे देकर देश के लोगों को देश की आजादी के लिए प्रेरित किया और आजाद हिंद फौज का गठन कर अंग्रेजों से संघर्ष किया, जिससे वह नेताजी के रूप में जाने गए और लाखों युवाओं के आदर्श बने, उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए सशस्त्र संघर्ष का मार्ग अपनाया, हम जितनी भी उनकी महिमा का बखान करें कम है ऐसे महान व्यक्तित्व को हम नमन करते हैं, जय हिंद। इस दौरान मध्य भारत मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव, दिलीप विश्वकर्मा, राम चौरसिया, राहुल तिवारी, प्रमोद, रमित परोहा, पीयूष आदि उपस्थि थे।





## जबलपुर में वृहद औद्योगिक एवं व्यापारिक सम्मेलन का आयोजन होगा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाकोशल चेम्बर के अनुरोध को स्वीकार करते हुए शीघ्र ही महाकोशल के औद्योगिक विकास के आर्थिक विकास पर खुली चर्चा हेतु वृहद औद्योगिक एवं व्यापारिक सम्मेलन आयोजन करने की स्वीकृति प्रदान की। जबलपुर में दावोस यात्रा में मध्यप्रदेश के औद्योगिक स्वरूप को गतिशीलता से किए गए सार्थक प्रयास के परिपेक्ष्य में महाकोशल चेम्बर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का सम्मान करते हुए उनके द्वारा निरंतर प्रदेश के आर्थिक विकास के किए जा रहे कार्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस क्रम की दिशा पूर्व मध्यप्रदेश के महाकोशल अंचल की ओर इंगित करने का निवेदन किया। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के साथ ही मंचासीन विधायक अशोक रोहाणी एवं डॉ. अभिलाष पांडेय को अंचल के आर्थिक विकास में सहयोगी भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए इस दिशा में सकारात्मक पहल हेतु निर्देशित किया। दावोस आर्थिक समारोह में मप्र का सफलतापूर्वक पक्ष रखने के पश्चात जबलपुर प्रथम आगमन पर चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता, शंकर नाग्देव, युवराज जैन गढ़ावाल, अखिल मिश्र, हेमराज अग्रवाल, गुलशन माखीजा, प्रभात जैन, अनिल जैन, समीर पाल एवं विभिन्न संघों के पदाधिकारियों के साथ साफा पहनाकर शाल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र भेंटकर अभिनंदन किया गया।

### केन्द्रीय मंत्री नड्डा व मुख्यमंत्री डॉ यादव ने लिया मुनिश्री से आशीर्वाद

## धर्म सत्ता का अनुष्ठान न बनें : प्रमाण सागर जी





**जबलपुर।** भारतीय संस्कृति ऋषी मुनियों की संस्कृति रही है, तथा इस भारत देश की पहचान राजा महाराजा से नहीं बल्कि ऋषी मुनिओं से रही है" उपरोक्त उदगार गुणायतन प्रणेता मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने बसंत पंचमी के अवसर पर संगम नगर में आयोजित धर्मसभा में व्यक्त किये। मुनि श्री ने देश के इतिहास को बताते हुये कहा कि " हमेशा राजनीति कोधर्म का प्रकाश मिलना चाहिये लेकिन धर्म में राजनीति कभी नहीं आना चाहिये" मुनि श्री ने कहा कि "धर्म समाज को अनुशासित करे लेकिन वह सत्ता का अनुष्ठान न बने" "राजनीति धर्म का दामन थामे किंतु वह संप्रदाय न बने" मुनि श्री ने कहा कि यदि यह दोनों  चीजें लेकर हम चलें तो निश्चित करके देश आगे बढेगा।

मुनि श्री ने केंद्रीय मंत्री जे. पी.नडडा को आशीर्वाद देते हुये कहा कि भले ही मेरे पास पहली बार आये है, लेकिन आपने पूरा जीवन देश को आगे बढाने में लगाया है, तथा आपके कार्यकाल में भारत और भारतीयता का बहुत विकास हुआ है में इसे भारत के स्वर्णिम युग के इतिहास के रूप में देखता हूं।

मुनि श्री ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के बारे में कहा कि आपका परिचय पूर्व से हें जब से आपने मध्यप्रदेश की बागडोर सम्हाली और सबसे पहले गौशालाओं की गाय को बीस रुपये से चालीस रुपया किया यह आपको गौ माता का ही आशीर्वाद है कि आपके कार्यकाल में किसी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न नहीं होगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी नडडा ने मुनि श्री ने कहा कि धार्मिक मंच पर मुझ जैसा व्यक्ती बोले तो सूरज के सामने दीपक जलाने के समान है उन्होंने कहा कि "हमारे देश की सांस्कृतिक विरासत अतुलनीय है" उस सांस्कृतिक विरासत ऋषी मुनिओं ने जो ज्ञान दिया है वह मानवता को आगे बड़ाने और प्रफुल्लित रखने का रास्ता है, आज उसी रास्ते को मुनि श्री प्रकाशित कर रहे है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुये  आचार्य गुरुदेव श्री विद्यासागरजी महामुनिराज का स्मरण करते हुये कहा कि उनकी परंपरा के साक्षात मूर्ती मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज हम सभी के मध्य विराजमान है और में उनको आचार्य के रुप में ही देखता हूं।

उन्होंने सभी साधुओं को प्रणाम करते हुये कहा कि महाराज जी हमने मध्यप्रदेश सरकार की ओर से वह सभी सकारात्मक प्रयास किये है जिससे हमें भी आनंद मिला है। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन सीए, विधायक अभिलाष पाण्डे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर अध्यक्ष रत्नेस सोनकर आदि उपस्थित थे।

### 51 हजार के चेक वितरण कर शुभकामनाएं दीं

## 121 नवदम्पत्तियों को मुख्यमंत्री ने दिया आशीर्वाद



**जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर का गैरिसन ग्राउंड शुक्रवार को एक ऐतिहासिक और भावुक पल का साक्षी बना, जहां मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत 121 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। बसंत पंचमी के पावन मुहूर्त पर आयोजित इस भव्य समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने न केवल नवविवाहित जोड़ों और उनके परिजनों पर पुष्पवर्षा कर उन्हें आशीर्वाद दिया, बल्कि जोड़े को योजना अंतर्गत सांकेतिक चेक भेंट कर उनके सुखद भविष्य की नींव भी रखी। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भी नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद दिया और सभी नवयुगलों को मंगलमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि आपका वैवाहिक जीवन मंगलमय हो, समाज के काम आये और देश के हित में काम करें।

इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यहाँ देखने को मिला सांप्रदायिक सौहार्द रहा, जहाँ एक ही मंडप के नीचे 118 हिंदू जोड़ों का वैदिक रीति-रिवाज से विवाह और 3 मुस्लिम जोड़ों का निकाह संपन्न कराया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस एकता की सराहना करते हुए कहा कि आज का यह दिन समाज के लिए एक मिसाल है, जहाँ विभिन्न धर्मों के लोग एक साथ नए जीवन की शुरुआत कर रहे हैं। उन्होंने सभी जोड़ों से देश और समाज के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपेक्षा की। कार्यक्रम का शुभारंभ विप्र मंडली द्वारा किए गए वैदिक स्वस्तिवाचन और पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जैसे ही वर-वधुओं ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उन पर फूलों की वर्षा कर पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। इस दौरान विवाह की खुशी में झूमते परिजनों के नृत्य ने समारोह की रौनक और बढ़ा दी। मुख्यमंत्री ने स्वयं जोड़ों के पास जाकर उनसे संवाद किया और आयोजन की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। समारोह के दौरान मंच पर स्वामी राघवदेवाचार्य और साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के साथ लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू', विधायक अशोक रोहाणी, डॉ. अभिलाष पांडे, नीरज सिंह और संतोष बरकड़े, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, भाजपा नगर अध्यक्ष  रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल,  अखिलेश जैन सहित अन्य प्रतिष्ठित नागरिक और प्रशासनिक अमला ने भी कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई, जिससे यह आयोजन जबलपुर के लिए एक यादगार और प्रेरक प्रसंग बन गया।



## मुख्यमंत्री ने दादा गुरु के प्रकटोत्सव में लिया आशीर्वाद

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार देर शाम माँ नर्मदा के तट सरस्वती घाट पर आयोजित दादा गुरु के प्रकटोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। विदेश (दावोस) से लौटकर भी उन्होंने थकान की परवाह न करते हुए कार्यक्रम में भाग लिया और दादा गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि धर्म और आस्था की शक्ति विज्ञान से परे है। उन्होंने विशाल जनसमूह और माँ नर्मदा की कृपा का उदाहरण देते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में भक्तों का संयम और अनुशासन केवल दादा गुरु की कृपा से ही संभव है। कार्यक्रम में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, विधायक अशोक रोहाणी, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल समेत बड़ी संख्या में नर्मदा परिक्रमावासी उपस्थित थे।

## जनता दल (यू) संपूर्ण मप्र में करेगा ध्वजारोहण

**जबलपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनता दल यू द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों एवं मंडलों में धूमधाम से गणतंत्र दिवस समारोह एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसी क्रम में प्रदेश कार्यालय भोपाल में ध्वजारोहण कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष सूरज जायसवाल की मुख्य अतिथि में संपन्न होगा।

# कल नर्मदा तटों पर होंगे भव्य आयोजन

## नर्मदा प्रकटोत्सव की धूम शुरू, प्रतिमाओं की स्थापना

जबलपुर।

''त्वदीय पाद पंकजम, नमामि देवि नर्मदे'' की गूंज के साथ कल माँ नर्मदा के पावन तट गौरीघाट सहित तिलवारा और भेड़ाघाट में नर्मदा प्रकटोत्सव पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जायेगा। नर्मदा प्रकटोत्सव की पूर्व संध्या पर आज मां नर्मदा के पावन तट उमाघाट पर जीवनदायिनी मां रेवा का अनुपम और अद्भुत श्रंगार किया जाएगा। जगह-जगह मां नर्मदा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। जिनका कल जुलूस के रूप में नर्मदा तट पर आगमन होगा। नर्मदा प्रकटोत्सव पर नगर निगम द्वारा घाटों की साफ सफाई और प्रकाश की व्यवस्था की गई है, वहीं पुलिस द्वारा यातायात और सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। रामपुर चौराहे से सड़क की धुलाई और सफाई कर चूने की लाईन डाली गई है, वहीं नर्मदा रोड से लेकर घाट के किनारे तक तक के अतिक्रमण पहले ही हटाए जा चुके हैं। कल पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट गौरीघाट में मुख्य आयोजन होगा। यहां भजन, कीर्तन-संकीर्तन, के साथ-साथ भंडारों के आयोजन विभिन्न समितियों द्वारा किये गये हैं। मां नर्मदा सेवा समिति द्वारा प्रातः 10 बजे और शाम 7 बजे मां नर्मदा की भव्य महा आरती आयोजित की गई है।

### 1100 फुट की चुनरी से श्रृंगार आज

गौरीघाट –उमाघाट पर मां नर्मदा उमाशंकर चुनरी भक्त समिति द्वारा नर्मदा प्रकटोत्सव की पूर्व संध्या पर आज 24 जनवरी शाम 4:00 बजे संत महात्माओं के सानिध्य में 1100 फुट की चुनरी गौरीघाट इस पार से गुरुद्वारा घाट तक अर्पित की जाएगी दुग्ध अभिषेक किया जाएगा पुष्प अर्चन दीपदान महाआरती वर्ष में एक बार निकलने वाली नर्मदा जी की पादुका के दर्शन होंगे।





उपस्थिति की अपील नर्मदा महा आरती के संस्थापक चुनरी समिति के संरक्षक डॉ सुधीर अग्रवाल चुनरी समिति के अध्यक्ष एड जयकिशन गुप्ता नर्मदापुत्र ,अमर सिंह ठाकुर ,डॉक्टर सुचित्रा मिश्रा, राकेश अहिरवार, सोनू सैनी, प्रमोद नागर ,सुरेंद्र खरे ,राजेश साहू , समीर पटेल ,नीतीश पटेल,अतुल विश्वकर्मा,अंकुर श्रीवास्तव, मोनू सोनकर, आशीष वाजपेई, गोलूपुरी गोस्वामी, कमल विश्वकर्मा, मनोज कुशवाहा आदि ने की हैं।

### प्रतिमाओं के निकलेंगे जुलूस

नर्मदा जयंती पर जगह-जगह मां रेवा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। दमोह नाका चौक, सुपर मार्केट, कोतवाली, रामपुर चौराहा, गोरखपुर, पोलीपाथर, सदर, रांझी, गढ़ा के विभिन्न क्षेत्रों में मां रेवा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। इन प्रतिमाओं को आज पूजन अर्चन के साथ जुलूस के रूप में विसर्जन के लिये गौरीघाट ले जाया जाएगा।

### पार्किंग की व्यवस्था

नर्मदा प्रकटोत्सव पर अपार भीड़ नर्मदा तट पर उमड़ती है। भीड़ को नियंत्रित करने और यातायात को सुगम बनाने के लिये व्यापक स्तर पर व्यवस्था की गई है। आयोजन और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े वाहनों को छोड़कर कोई भी वाहन घाट तक नहीं पहुंचेगा। बड़े वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था गीताधाम के सामने मैदान में की गई है। दुपहिया वाहन श्री सिद्ध गणेश मंदिर और गौरीघाट बस स्टेण्ड में पार्क किये जाएंगे। यात्री मिनी बसें, ऑटो टैम्पो रामपुर चौक से आगे नहीं जा सकेंगे।मार्ग वन-वे रहेगा। भटौली तरफ से आने वाले वाहन रामपुर होकर जायेंगे और रामपुर से गौरीघाट से होने वाले वाहन भटौली से होते हुए बिलहरी के तरफ जायेंगे।



## खेलो एमपी यूथ गेम्सः जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता सम्पन्न

**जबलपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशन में जबलपुर नगर की प्रथम तैराकी अकादमी, सत्य प्रकाश पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को जिला स्तरीय खेलो एम.पी. यूथ गेम्स तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल ग्रोवर, चेयरमेन एस.पी.पी.एस., तथा विशिष्ट अतिथि संजय पटेल, अध्यक्ष जिला तैराकी संघ, रहे। प्रतियोगिता का संचालन मध्य प्रदेश तैराकी संघ के सह सचिव सुनील कुमार पटेल ने किया। प्रतियोगिता में चयनित बालक-बालिकाएँ आगामी 28 से 31 जनवरी को इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय तैराकी चैम्पियनशिप में जबलपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।




## जवाहरलाल नेहरू केंद्रीय कर्मचारी संघ ने वर्ष 2026 कैलेंडर का विमोचन किया

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू केंद्रीय कर्मचारी संघ द्वारा वर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन विश्वविद्यालय परिसर में गरिमामय समारोह के बीच संपन्न हुआ। कैलेंडर का विमोचन कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा के साथ संघ के अध्यक्ष निखिल द्विवेदी, महासचिव शैलू यादव एवं कोषाध्यक्ष रामप्रकाश पटेल ने संयुक्त रूप से किया। संघ के वरिष्ठ सदस्य और विश्वविद्यालय प्रशासनिक अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अध्यक्ष निखिल द्विवेदी ने कहा कि संघ सदैव कर्मचारियों के अधिकार, सम्मान और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रहा है। कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने वर्ष 2026 को कर्मचारियों और विश्वविद्यालय परिवार के लिए ज्ञान, समृद्धि और विश्वास का वर्ष बताया। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ और आयोजन गरिमामय, अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में मुख्यमंत्री का आगमन

**जबलपुर।** जबलपुर प्रवास पर पधारे मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का भेड़ाघाट सरस्वती घाट स्थित हरे कृष्णा आश्रम में आगमन हुआ. इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल के द्वारा उनका स्वागत किया गया. साथ में मुख्यमंत्री ने स्वामी रामचंद्र महाराज का आशीर्वाद लिया एवं राधा कृष्ण भगवान का पूजन अर्चन किया. इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारी डॉक्टर सुधीर अग्रवाल , भाजपा प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी , स्थानीय विधायक नीरज सिंह एडवोकेट सचिन अग्रवाल एडवोकेट शीर्ष अग्रवाल स्पर्श अग्रवाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि विधायक भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।



## यशोदा बाई कन्या शाला में धूमधाम से मना बसंत पंचमी उत्सव

**सिहोरा।** स्थानीय शासकीय यशोदाबाई अग्रवाल कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला बाजार में वसंत पंचमी के पावन अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में छात्राओं के उत्साह और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। शुभारंभ संस्था प्राचार्य जे एल खांडे द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती के पूजन-अर्चन से हुआ। आयोजन संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य,पार्षद गौरादेवी विश्वकर्मा, अंकित तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। अतिथियों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं को शील्ड,मेडल पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

## हाईस्कूल गुनहेरू मोहसाम में दो माह में दूसरी चोरी

**सिहोरा।** सिहोरा थाना से महज 5 किलोमीटर दूर स्थित शासकीय हाईस्कूल गुनहेरू मोहसाम में दो माह में लगातार दूसरी चोरी हो गई। पहली चोरी में एल ई डी टी वी,इनवर्टर की बैटरी,जिओ वाईफाई बॉक्स,गैस चूल्हा,गैस सिलेंडर एवं आटे से भरी हुई स्टील की टंकी चोर चुरा ले गए। पुलिस प्रशासन ने केवल एफ आई आर लिखकर अपने कर्त्तव्यों की इतिश्री कर ली लेकिन चोरों को पता नहीं चल पाया। पुलिस पहली चोरी का पता लगा पाती कि दूसरे ही माह फिर से मध्यान्ह भोजन कक्ष के दरवाजे का कुंदा तोड़कर गैस सिलेंडर चुरा लिया। शाला प्राचार्य सुश्री रमा शर्मा,शिक्षिका प्रीति चौहान,अरविन्द उपाध्याय,सपना गौतम,बसंत पटेल,बृजेश त्रिपाठी,रुद्रेश कुररिया,मंजूलता सोनी,युगेश ठाकुर,राजीव सक्सेना,उमा उपाध्याय आदि ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र उचित कार्यवाही की मांग की है।

लालबाबा मंदिर धनवंतरी नगर में आयोजन

## कलश शोभायात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ

### कथावाचक सुरेंद्र कृष्णा शास्त्री ने बताई नाम जप की महिमा

हरिभूमि, जबलपुर।

प्रसिद्ध लालबाबा मंदिर, धनवंतरी नगर में महिला मंडल द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन प्रारंभ हुआ। कथा के शुभारंभ अवसर पर श्रद्धा और उल्लास के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कथा के दौरान व्यासपीठ से शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक कथावाचक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने कलयुग में भगवान के नाम की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि कलयुग रूपी भावसागर को पार करने के लिए भगवान के नाम जप की नौका के अतिरिक्त कोई अन्य साधन नहीं है।

**नाम जप और कीर्तन की अपार वर्णन-** उन्होंने बताया कि कलयुग में जीव की मुक्ति का एकमात्र साधन भगवान श्रीकृष्ण के नाम का जाप, कीर्तन एवं उनकी भक्ति में निरंतर लीन रहना है। वेद, पुराण, उपनिषद और शास्त्रों में नाम जप और कीर्तन की अपार महिमा का वर्णन किया गया है।



**कलयुग में जीव कल्याण का सर्वोत्तम साधन-** नाम स्मरण से कलयुग के दोषों का नाश होता है और जीव भगवत प्राप्ति व मोक्ष को प्राप्त करता है। श्रीमद् भागवत महापुराण से लेकर श्रीरामचरितमानस तक सभी ग्रंथों में कलयुग में नाम जप को ही जीव कल्याण का सर्वोत्तम साधन बताया गया है।

**भजनों की मनमोहक भक्तिमय प्रस्तुति-** कथा से पूर्व देवी-देवताओं का पूजन-अर्चन आचार्य राहुल चौबे एवं पवन शास्त्री द्वारा विधिवत संपन्न कराया गया। शिवा विश्वकर्मा ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

**यह रहे उपस्थित-** इस अवसर पर लालबाबा मंदिर महिला मंडल की किरण विश्वकर्मा, उमा पटेल, वंदना अग्रवाल, पार्षद जीतू कटारे, मंगेश नायकर, विवेक नायक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## एलआईसी म्यूचुअल फंड ने जबलपुर में ब्रांच खोली

**जबलपुर।** एलआईसी म्यूचुअल फंड (एलआईसी एमएफ) ने शुक्रवार को जबलपुर में अपनी नई शाखा के उद्घाटन की घोषणा की. इस शाखा का उद्घाटन एलआईसी म्यूचुअल फंड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार झा ने किया. एलआईसी ऑफ इंडिया कस्टमर जोन डीबीओ, मरहटल, सिविक सेंटर में यह नई शाखा खोली गई, उन्होंने आगे कहा कि जबलपुर में हमारी भौतिक उपस्थिति निवेशकों को पेशेवर मार्गदर्शन प्रदान करने, निवेश के तरीकों में गुणात्मक सुधार लाने और लंबी अवधि में धन सृजन को बढ़ावा देने में सहायक होगी।



## श्रीश्री मां अम्बा शतचंडी महायज्ञ में भगवान कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**मझौली।** बाजार पलाट मझौली में आयोजित श्री श्री मां अम्बा शतचंडी महायज्ञ के अंतर्गत भागवत कथा में भगवान कृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कथा वाचक श्री दत्त जी महाराज कोनी वाले ने माता सती–दक्ष प्रजापति संवाद, वामन अवतार, अयोध्या में भगवान राम एवं भगवान कृष्ण के जन्म की भावपूर्ण कथा का वर्णन किया। भगवान कृष्ण जन्म के प्रसंग पर हजारों भक्तों ने नाच-गान, ढोल-बैंड और आतिशबाजी के साथ उत्सव मनाया। दत्त महाराज ने कहा कि जो भक्त भगवान की कथा में आनंदपूर्वक नाचता है, उसे तीनों लोकों में कहीं और नाचना नहीं पड़ता।कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक एवं सायं 7 बजे से भगवान राम की रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। यह महायज्ञ एवं कथा 27 जनवरी तक भगवान विष्णु वाराह की कृपा से चलती रहेगी।



## 24 घंटे के भीतर गुलौआ तालाब का एसटीपी शुरू किया जाए

### तालाब का जल जीवन, स्वच्छ जल तथा भू-जल रिचार्ज नष्ट करने वालों पर एफआईआर दर्ज हो

**जबलपुर।** नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने कलेक्टर एवं आयुक्त नगर निगम जबलपुर को ज्ञापन सौंपकर जबलपुर के ऐतिहासिक गुलौआ तालाब में प्रदूषित जल छोड़े जाने से मछलियों व जलीय जीवों की बड़े पैमाने पर मृत्यु, तालाब की जैव विविधता नष्ट होने, स्वच्छ जल एवं भू-जल संरक्षण हेतु तत्काल रोकथाम तथा दोषियों पर दंडात्मक कार्यवाही की मांग की है। बताया गया गुलौआ तालाब का जल जीवन, जैव विविधता न केवल भीषण गंभीर स्थिति में है, बल्कि स्थानीय नागरिकों के स्वास्थ्य, स्वच्छ जल तथा भू-जल रिचार्ज की व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। आठ साल पूर्व लगा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बंद पड़ा है। इस भीषण स्थिति पर आक्रोश व्यक्त करते हुए नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ. पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने शिकायत भेजकर मांग की है कि 24 घंटे के भीतर गुलौआ तालाब का एसटीपी शुरू किया जाए तथा तालाब का जल जीवन, स्वच्छ जल तथा भू-जल रिचार्ज नष्ट करने वालों पर एफआईआर दर्ज की जाए।

एड. प्रभात यादव ने बताया कि पिछले आठ वर्ष की यह स्थिति दायित्वों का स्पष्ट उल्लंघन तथा प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाती हे, इस कारण जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1974, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 जैव विविधता अधिनियम 2002 तथा नगर निगम अधिनियम 1956 का उल्लंघन हुआ है। जन स्वास्थ्य पर घोर आघात हुआ है।

## शासकीय कालेज में निराला, सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर हुए विविध आयोजन

सिहोरा।

शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा कार्यक्रमों की श्रृंखला में हिंदी विभाग द्वारा बसंत पंचमी एवं निराला जयंती के अवसर पर काव्य पाठ का आयोजन प्रभारी प्राचार्य एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.श्रीकृष्ण तिवारी की अध्यक्षता में कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से की गयी। मुख्य अतिथि एवं मुख्य कवि चंद किशोर उर्फ चंदन ने अपनी ग़ज़ल एवं कविता के माध्यम से सब का मन मोह लिया। इसी क्रम में डॉ तिवारी,डॉ.एस के मेहरोलिया,अनिल राजपूत, शिवम शर्मा,भव्या विश्वकर्मा,डॉ.अर्चना नामदेव, डॉ.अजय सिंह सभी ने कविता एवं गजलें प्रस्तुत कर आयोजन में चार चांद लगा दिए। संचालन डॉ माया पारस ने किया।आयोजन में लगभग 150 विद्यार्थी एवं 35 शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहे।



इसी क्रम में सुभाष चंद्र बोस जयंती स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मनाई गई। जिसमें सर्वप्रथम सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा आजादी की लड़ाई से संबंधित लोकगीतों का गायन छात्र आशीष मिश्रा,दिनेश सिंह खंगार एवं अन्य छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया । सुभाष चंद्र बोस के स्वतंत्रता संग्राम के संस्मरण विद्यार्थियों द्वारा सुनाए गए ।

डॉ महरौलिया ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन एवं आजादी में उनके द्वारा दिए गए योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई । सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के ऐसे महानायक थे जिन्होंने राष्ट्रवाद को क्रांतिकारी ऊर्जा,सैन्य अनुशासन और अंतरराष्ट्रीय दृष्टि से जोड़ा। 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कटक नगर में जन्मे सुभाष बाबू ने अपने जीवन को भारत की आज़ादी के लिए समर्पित कर दिया।

उनकी जयंती 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाई जाती है, जो उनके अदम्य साहस,त्याग और संघर्ष का प्रतीक है। यह शोध आलेख सुभाष चंद्र बोस के जीवन,विचारधारा,संघर्ष और स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान का विश्लेषण प्रस्तुत करता है। पराक्रम दिवस का आयोजन प्राचार्य प्रो. एम.के श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित एवं संपन्न किए गए।

## निधन

**श्रीमती कौशल्या बाई राय-** ड्रीमलैंड कॉलोनी बिलहरी निवासी श्री खेमचंद राय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या बाई राय (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती महिन्दर कौर होरा-** आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री जसबीर सिंह होरा की धर्मपत्नी श्रीमती महिन्दर कौर होरा (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती राधा देवी मंडल-** देवरी गिरीडीह झारखंड निवासी श्री कमल मंडल की धर्मपत्नी श्रीमती राधा देवी मंडल (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गरीबदास डटहा-** कछियाना द्वारकानगर लालमाटी निवासी श्री गरीबदास डटहा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राधिका प्रसाद पटेल-** विजय नगर छापर रामपुर निवासी श्री राधिका प्रसाद पटेल (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जसवंत सिंह-** ककरैया तलैया गोरखपुर निवासी श्री जसवंत सिंह (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री प्रभुदयाल पांडे-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री प्रभुदयाल पांडे (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बलराम शिवहरे-** प्रेमसागर चौकी के पास निवासी श्री रेवा प्रसाद शिवहरे के पुत्र श्री बलराम शिवहरे (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री ओम प्रकाश नामदेव-** गढ़ा रामलीला मैदान के पास निवासी श्री देवी प्रसाद नामदेव के पुत्र श्री ओम प्रकाश नामदेव (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजा सोनकर-** छोटी ओमती गीता भवन निवासी श्री राजा सोनकर (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती जमना बाई मरावी-** रेतनाका गौरीघाट रोड निवासी श्री प्रीतम लाल मरावी की धर्मपत्नी श्रीमती जमना बाई मरावी (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश लाल यादव-** पावन भूमि शक्तिनगर निवासी श्री रमेश लाल यादव (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री भगवान दास दिनकर-** मदनमहल स्थित जैन मंदिर के पास निवासी श्री भगवान दास दिनकर (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री घनश्याम डुमार-** सिद्धबाबा वार्ड नटबाबा पहाड़ी निवासी श्री घनश्याम डुमार (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. आरुषि-** मड़ई कला रांझी निवासी श्री राजेश धुर्वे की अल्पायु पुत्री कु. आरुषि का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दुलारे चौधरी-** रामहरख का बगीचा पूर्वी घमापुर निवासी श्री दुलारे चौधरी (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति वर्ग सें.मी.
फिक्स साइज:- 3x5 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 3x5 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 8x5 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362110

**खबर संक्षेप**



## आईआरबी इंफ्रा की कुछ हिस्सों पर टोल वसूली शुरू

**नई दिल्ली।** आईआरबी इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स ने राष्ट्रीय राजमार्ग-27 के लखनऊ–अयोध्या–गोरखपुर खंड और लखनऊ–वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग-731 के लखनऊ–सुल्तानपुर खंड पर टोल वसूली शुरू कर दी है। आईआरबी इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स (आईआरबी इन्फ्रा) ने शुक्रवार को बयान में कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को 9,270 करोड़ रुपये की अग्रिम रियायत शुल्क राशि का भुगतान करने और वित्तीय समापन के बाद टोल वसूली शुरू की गई है।

## इंडिया यामाहा ने तीन लाख से अधिक स्कूटर वापस मंगाए



**नई दिल्ली।** इंडिया यामाहा मोटर ने खराब ब्रेक पार्ट को ठीक करने के लिए अपने 'रे जेडआर 125 एफआई हाइब्रिड' और 'फसिनो 125 एफआई हाइब्रिड' स्कूटर मॉडल की तीन लाख से अधिक इकाइयां वापस मंगाने की घोषणा की है। इंडिया यामाहा मोटर ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने दो मई, 2024 से तीन सितंबर, 2025 के बीच विनिर्मित अपने 125 सीसी स्कूटर मॉडल की 3,06,635 इकाइयों को वापस मंगाने के लिए तत्काल प्रभाव से स्वैच्छिक अभियान शुरू किया है।

## बालाजी वेफर्स में हिस्सेदारी खरीदेगी जनरल अटलांटिक




**नई दिल्ली।** वैश्विक निजी इक्विटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी जनरल अटलांटिक गुजरात स्थित बालाजी वेफर्स में अल्पांश हिस्सेदारी खरीदने की योजना बना रही है। इस निवेश से कंपनी के प्रमुख कॉरपोरेट कार्यों को मजबूती मिलने की उम्मीद है। उद्योग से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि यह वैश्विक निवेशक 'पैकेज्ड स्नैक्स' कंपनी बालाजी वेफर्स में करीब सात प्रतिशत हिस्सेदारी 2,000 करोड़ रुपये से अधिक में हासिल करेगा। इससे कंपनी का मूल्यांकन करीब 35,000 करोड़ रुपये बैठता है।

## रुपया 30 पैसे टूटकर 91.88 प्रति डॉलर पर हुआ बंद

**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को कारोबार के दौरान सर्वकालिक निचले स्तर 92 पर पहुंच गया। हालांकि अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मामूली



सुधार के साथ 91.88 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी के दबाव और वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति से घरेलू मुद्रा दबाव में रही। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कमजोर घरेलू बाजारों और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी से भारतीय रुपया शुरुआती बढ़त गंवा बैठा और कारोबार के दौरान 91.99 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर हुआ 14 अरब डॉलर

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बताया कि 16 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 14.16 अरब डॉलर बढ़कर 701.36 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पिछले सप्ताह में कुल मुद्रा भंडार 39.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 687.19 अरब डॉलर हो गया था। मुद्रा भंडार सितंबर 2024 में 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था, लेकिन हाल के दिनों में इस पर दबाव देखा गया। खासकर तब जब रुपये में अत्यधिक उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग किया गया।

# छंटनी के दौर में आईटी कंपनी इंफोसिस करने जा रही 20,000 ग्रेजुएट्स की भर्ती

## वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक में कंपनी के सीईओ ने की पुष्टि

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में जहां दुनियाभर की कई बड़ी कंपनियां वर्कफोर्स में कटौती कर एआई में भारी निवेश की राह पर चल पड़ी हैं, वहीं आईटी सेक्टर से एक राहत देने वाली खबर सामने आई है। देश की प्रमुख आईटी कंपनी इन्फोसिस ने वित्त वर्ष 2027 में करीब 20,000 ग्रेजुएट्स की भर्ती करने की योजना बनाई है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की सालाना बैठक के दौरान कंपनी के सीईओ सलिल पारेख ने इस बात की पुष्टि की है। इन्फोसिस का यह बड़ा भर्ती प्लान इस बात का संकेत है कि आने वाले वर्षों में एआई और डिजिटल टेक्नोलॉजी से जुड़ी सेवाओं की मांग तेजी से बढ़ने वाली है। सीईओ सलिल पारेख के मुताबिक, कंपनी के क्लाइंट्स की मांग तेजी से बदल रही है और अब उनका झुकाव एआई और ऑटोमेशन की ओर ज्यादा है। इन्फोसिस को सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, कस्टमर सर्विस और एप्लिकेशन मॉडर्नाइजेशन जैसे क्षेत्रों में नए अवसर नजर आ रहे हैं, जहां एआई की भूमिका लगातार बढ़ती जा रही है। गौरतलब है कि पिछले साल टीसीएस, माइक्रोसॉफ्ट समेत कई वैश्विक कंपनियों ने बड़े पैमाने पर छंटनी की थी, जिसके पीछे एआई में निवेश को प्रमुख वजह बताया गया।

### छंटनी के बीच बड़ी खुशखबरी

हालांकि पारंपरिक आईटी सर्विसेज में कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं, लेकिन कंपनी आक्रामक तरीके से नेक्स्ट-जेनरेशन डिजिटल और एआई ट्रांसफॉर्मेशन पर फोकस बढ़ा रही है। यह विस्तार इन्फोसिस की दीर्घकालिक रणनीति को दर्शाता है, जिसमें भविष्य की टेक्नोलॉजी को केंद्र में रखा गया है।




### वर्ष 2026 में 18 हजार कर्मियों की भर्ती कर चुकी

रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 की पहली तीन तिमाहियों में इन्फोसिस पहले ही लगभग 18,000 ग्रेजुएट्स की भर्ती कर चुकी है। दिसंबर तिमाही में ही कंपनी के कर्मचारियों की संख्या में करीब 5,000 का इजाफा हुआ है। उम्मीद जताई जा रही है कि पूरे वित्त वर्ष 2026 में फ्रेशर्स की हायरिंग का आंकड़ा 20,000 तक पहुंच सकता है।

### जोहो ने यह घोषणा तमिलनाडु के तंजावुर जिले के कुंभकोणम से की

# जोहो ने भारतीय उद्यमों के लिए पेश किया एआई से लैस स्वदेशी ईआरपी मंच

एजेंसी ▸▸ कुंभकोणम (तमिलनाडु)

घरेलू सॉफ्टवेयर कंपनी जोहो ने शुक्रवार को भारतीय उद्यमों के लिए अपना नया स्वदेशी 'उद्यम संसाधन नियोजन' (ईआरपी) समाधान पेश किया। इसके जरिये कंपनी छोटे शहरों एवं कस्बों में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के साथ वैश्विक कंपनियों को चुनौती भी देना चाहती है। ईआरपी एक सॉफ्टवेयर प्रणाली होती है जो किसी कंपनी या संगठन के सभी मुख्य कामकाज को एक जगह जोड़कर उसका प्रबंधन करने में मदद करती है। जोहो ने यह घोषणा तमिलनाडु के तंजावुर जिले के कुंभकोणम से की, जहां कंपनी अपनी मौजूदा करीब 200 कर्मचारियों की टीम को चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर 2,000 पेशेवरों की क्षमता वाले एक बड़े परिसर में बदलने की योजना बना रही है।

- कंपनी छोटे शहरों एवं कस्बों में अपनी मौजूदगी बढ़ाएगी

**खास बातें**

- जोहो वैश्विक कंपनियों को चुनौती भी देना चाह रही
- ईआरपी प्रणाली प्रबंधन करने में मदद करती है



### जोहो के स्वदेशी सॉफ्टवेयर का उपयोग

'स्वदेशी' सोच को बढ़ावा देते हुए पिछले साल केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसलों की प्रस्तुति के लिए जोहो के स्वदेशी सॉफ्टवेयर 'जोहो शो' का इस्तेमाल किया था। जोहो का कहना है कि उसका नया ईआरपी समाधान तेजी से बढ़ते भारतीय कारोबार को ज्यादा लागत और जटिल ढांचे के बगैर विस्तार करने में मदद करेगा।

### एआई को अलग से जोड़ने की जगह मंच का हिस्सा बनाया

जोहो ईआरपी में कृत्रिम मेधा (एआई) को अलग से जोड़ने के बजाय मंच का ही हिस्सा बनाया गया है। इससे स्वचालन, भविष्य का अनुमान लगाने, गड़बड़ियों की पहचान और वित्त एवं संचालन से जुड़ी पूरी जानकारी एक ही जगह मिल सकेगी।

### वैश्विक ईआरपी प्रणाली का स्वदेशी विकल्प

जोहो कॉर्प के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शैलेश दवे ने कहा कि यह नया समाधान वैश्विक ईआरपी प्रणालियों का एक मजबूत स्वदेशी विकल्प है। इस अवसर पर जोहो के संस्थापक और मुख्य वैज्ञानिक श्रीधर वेम्बू ने कहा कि तेजी से प्रौद्योगिकी पर निर्भर होती जा रही दुनिया में देशों के लिए प्रौद्योगिकी मामले में आत्मनिर्भरता हासिल करना आवश्यक है।

### ईआरपी मंच पहले भारत में होगा उपलब्ध

वेम्बू ने बातचीत में कहा कि यह ईआरपी मंच पहले भारत में उपलब्ध होगा और फिर चरणबद्ध तरीके से इसे वैश्विक स्तर पर पेश किया जाएगा। अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की कोई योजना नहीं होने पर वेम्बु ने कहा कि निजी कंपनी बने रहने से जोहो को शोध और विकास में भारी निवेश करने का मौका मिलता है।

### ईआरपी विकसित करने में लगे पांच साल

वेम्बू ने कहा कि लगभग पांच साल में विकसित यह ईआरपी मंच जोहो के वित्तीय सॉफ्टवेयर के 15 साल के अनुभव पर आधारित है और कंपनी के लिए एक प्रमुख वृद्धि इंजन बनने की संभावना है।

# एसी उपकरणों के निर्माण के लिए पीएलआई योजना में पांच कंपनियां

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एयर कंडीशनर उपकरणों के निर्माण के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत पांच लाभार्थी कंपनियों को चुना गया है। इनमें किर्लोस्कर न्यूमैटिक, इंडो एशिया कॉपर और गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी शामिल हैं। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। इसके तहत कुल 863 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। यह योजना आधार वर्ष और एक वर्ष की तैयारी की अवधि के बाद पांच वर्षों के लिए बढ़ती बिक्री पर घटते आधार पर 6 से 4 प्रतिशत तक का प्रोत्साहन देती है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि अन्य दो लाभार्थी क्रायोन टेक्नोलॉजी और प्रणव विकास (इंडिया) हैं, जिनका निवेश क्रमशः 175 करोड़ रुपये और 50 करोड़ रुपये है। मंत्रालय ने कहा, ''व्हाइट गुड्स (एसी और एलईडी लाइट) के लिए पीएलआई योजना के तहत चौथे दौर में मिले 13 आवेदनों के मूल्यांकन के बाद 863 करोड़ रुपये के प्रतिबद्ध निवेश वाले

- किर्लोस्कर, न्यूमैटिक, इंडो एशिया कॉपर व गोदरेज शामिल



पांच आवेदकों को अस्थायी रूप से लाभार्थियों के रूप में चुना गया है।'' इन पांच कंपनियों का कुल उत्पादन 8,337.24 करोड़ रुपये का होगा और ये 2027-28 तक 1,799 व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त प्रत्यक्ष रोजगार पैदा करेंगी। किर्लोस्कर न्यूमैटिक ने 320 करोड़ रुपये, इंडो एशिया कॉपर ने 258.97 करोड़ रुपये और गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी ने 58.69 करोड़ रुपये के निवेश का वादा किया है।

### चौथे दौर के लिए विंडो खुली थी

बाकी आठ आवेदकों को जांच और सिफारिशों के लिए विशेषज्ञों की समिति (सीओई) के पास भेजा जा रहा है। चौथे दौर के लिए आवेदन विंडो 15 सितंबर से 10 नवंबर, 2025 तक खुली थी।

# पीएसयू कंपनियों के कर्मियों के वेतन-पेंशन संशोधन को मंजूरी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों और राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के कर्मचारियों के वेतन संशोधन को मंजूरी दे दी है। साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और नाबार्ड के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए पेंशन संशोधन को भी स्वीकृति दी गई है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि इस वेतन संशोधन से कुल 46322 कर्मचारी, 23570 पेंशनधारक और 23260 पारिवारिक पेंशनधारक लाभान्वित होंगे। पीएसयू सामान्य बीमा

- बीमा कंपनियों नाबार्ड आरबीआई के कर्मियों के पेंशन संशोधन को स्वीकृति



कंपनियों के वेतन संशोधन के संबंध में मंत्रालय ने कहा कि यह एक अगस्त 2022 से प्रभावी होगा। इस पर कुल खर्च 8,170.30 करोड़ रुपये होगा जिसमें वेतन संशोधन के तहत बकाया मद में 5,822.68 करोड़ रुपये, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के लिए 250.15 करोड़ रुपये तथा पारिवारिक पेंशन के लिए 2097.47 करोड़ रुपये शामिल हैं। नाबार्ड के लिए वेतन संशोधन एक नवंबर 2022 से प्रभावी होगा जिससे वार्षिक वेतन मद में लगभग 170 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वृद्धि होगी और बकाया भुगतान की कुल राशि करीब 510 करोड़ रुपये होगी।

### महंगाई भत्ते में होगी 10 फीसदी की वृद्धि

सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन और पारिवारिक पेंशन में संशोधन को भी मंजूरी दे दी है। स्वीकृत संशोधन के तहत एक नवंबर 2022 से मूल पेंशन और महंगाई भत्ते में 10 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी।

### वित्तीय बोझ 2,696 करोड़ का आंका गया

इससे कुल वित्तीय बोझ 2,696.82 करोड़ रुपये आंका गया है जिसमें बकाया मद में एकमुश्त 2,485.02 करोड़ रुपये और वार्षिक रूप से 211.80 करोड़ रुपये का आवर्ती खर्च शामिल है।

# अदाणी समूह की कंपनियों के शेयर में 13 प्रतिशत तक की गिरावट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अदाणी समूह की कंपनियों के शेयर में शुक्रवार को 13 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) के कथित धोखाधड़ी और 26.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर के रिश्वत मामले में गौतम अदाणी और सागर अदाणी को समन जारी करने के लिए अदालत से मंजूरी मांगने की खबरों के बाद समूह की कंपनियों के शेयर में गिरावट आई। बीएसई पर समूह की प्रमुख कंपनी, अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 9.38 प्रतिशत टूटकर 1,891.60 रुपये, अदाणी पावर का शेयर 8.84 प्रतिशत फिसलकर 128.35 रुपये पर, अदाणी पोर्ट्स का शेयर 7.81 प्रतिशत फिसलकर 1,303.35 रुपये पर और अदाणी टोटल गैस का शेयर 7.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 507 रुपये पर आ गया। अदाणी पोर्ट्स का शेयर

- एसईसी ने धोखाधड़ी के लिए अदालत समन जारी करने मंजूरी मांगने की खबर से आई गिरावट




### अदाणी समूह ने आरोपों को किया खारिज

अदाणी समूह ने हालांकि आरोपों को खारिज किया और कहा कि अमेरिकी अभियोजकों के आरोप निराधार हैं और समूह सभी कानूनों का अनुपालन करता है। उसने साथ ही कहा कि समूह सभी संभावित कानूनी उपायों का सहारा लेगा।

सबसे अधिक टूटा।अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का शेयर 13.20 प्रतिशत फिसलकर 785 रुपये और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) का शेयर 10.57 प्रतिशत टूटकर 827.20 रुपये पर आ गया। समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट का शेयर 5.98 प्रतिशत फिसलकर 513.50 रुपये पर, सांघी इंडस्ट्रीज का शेयर 5.96 प्रतिशत लुढ़कर 60.06 रुपये पर, एनडीटीवी का शेयर 5.31 प्रतिशत टूटकर 80.72 रुपये पर और एसीसी का शेयर 2.76 प्रतिशत फिसलकर 1,680 रुपये पर आ गया।

# उद्योग ने हरित स्टील को बढ़ावा देने बजट में मांगी सहायता

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आगामी केंद्रीय बजट से पहले घरेलू इस्पात उद्योग ने सरकार से हरित इस्पात को बढ़ावा देने के लिए जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया है। हरित इस्पात कार्बन उत्सर्जन कम करने के भारत के प्रयासों के तहत एक प्रमुख क्षेत्र है।

उद्योग से जुड़े पक्षों ने सरकार से हरित इस्पात उत्पादन में कबाड़ के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए भी उपाय करने का आग्रह किया है। हरित इस्पात उत्पादन में कम कार्बन उत्सर्जन वाली तकनीकों और वैकल्पिक कच्चे माल के अधिक उपयोग पर जोर दिया जाता है। भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) ने अपनी बजट पूर्व मांगों में हरित इस्पात उत्पादन के लिए कबाड़ के उपयोग को प्रोत्साहित करने वाले उपायों की मांग की है। उद्योग निकाय ने सरकार से जीएसटी के तहत 'रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म' (आरसीएम) को पूरी धातु कबाड़ आपूर्ति श्रृंखला पर लागू करने का भी आग्रह किया है।

- सरकार से जरूरी कदम उठाने का किया आग्रह



इसका उद्देश्य कर चोरी रोकना, अनुपालन को सरल बनाना और कारोबार सुगमता में सुधार करना है। जीएसटी के तहत 'रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म' कुछ अधिसूचित वस्तुओं या सेवाओं के लिए कर भुगतान की जिम्मेदारी आपूर्तिकर्ता से प्राप्तकर्ता (खरीदार) पर स्थानांतरित कर देता है। उद्योग मंडल सीआईआई के कार्यकारी निदेशक तथा ग्लोबल इकोलेबलिंग नेटवर्क बोर्ड के चेयरमैन के. एस. वेंकटगिरि ने कहा कि जैसे-जैसे वैश्विक बाजार कम-कार्बन सामग्री की ओर बढ़ रहा है, खरीद प्रतिस्पर्धा का अहम मानक बनती जा रही है।

### लागत व तकनीकी बाधाएं प्रमुख रोड़ा

इक्रा ने कहा कि कम कार्बन वाले हरित इस्पात की ओर बदलाव एक क्रमिक और दीर्घकालिक प्रक्रिया रहने की उम्मीद है, क्योंकि लागत और तकनीकी बाधाएं तेजी से कार्बन मुक्त होने की राह में रोड़ा बनी हुई हैं।

# इंडिग्रिड ने संस्थागत नियोजन से जुटाए 1,500 करोड़ रुपए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इंडीग्रिड इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट ने संस्थागत निवेशकों की व्यापक भागीदारी के बीच संस्थागत नियोजन निर्गम के जरिये 1,500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी के शुक्रवार को बयान में कहा कि 19 जनवरी को शुरू किए गए निर्गम को दो गुना से अधिक अभिदान मिला। इसमें मौजूदा और नए, दोनों तरह के निवेशकों ने हिस्सा लिया। इस निर्गम में 10 बीमा कंपनियों और छह म्यूचुअल फंड ने हिस्सा लिया जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों की 78 प्रतिशत और विदेशी संस्थागत निवेशकों की 12 प्रतिशत हिस्सेदारी रही।

# सिप्ला का लाभ 57 फीसदी घटकर 676 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** दवा बनाने वाली कंपनी सिप्ला का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 57 प्रतिशत घटकर 676 करोड़ रुपये रहा। अमेरिकी बाजार में बिक्री में गिरावट के कारण कंपनी के मुनाफे पर असर पड़ा है। मुंबई स्थित इस दवा कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 1,571 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। सिप्ला ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि आलोच्य तिमाही के दौरान परिचालन आय 7,074 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल की इसी तिमाही में 7,073 करोड़ रुपये थी। कंपनी की उत्तरी अमेरिका में बिक्री इस तिमाही के दौरान 22 प्रतिशत घटकर 1,485 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले साल की समान तिमाही में 1,906 करोड़ रुपये थी।

**अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केंद्र ग्वालियर**
**दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार**
वेबसाइट: https://cdsgwalior.nic.in/, फोन: 0751-2991397 ईमेल: gwalior.cds@gmail.com

**भर्ती सूचना 01/2026**

अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केंद्र-ग्वालियर, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, के तहत एक स्वायत्त संगठन,नीचे दिए गए भर्ती के तरीके के अनुसार निम्नलिखित पदो पर नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित करता है :-

| सं. क्र. | पद | पदों की संख्या | स्तर | श्रेणी | भर्ती की विधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उपनिदेशक (खेल) | 01 | स्तर -11 | अनारक्षित | प्रतिनियुक्ति |
| 2 | प्रशासन और लेखा अधिकारी | 01 | स्तर -10 | अनारक्षित | प्रतिनियुक्ति |

आवेदन प्रारूप और अन्य विवरण, नियम व शर्तें केन्द्र की वेबसाइट https://cdsgwalior.nic.in/notice-category/recruitments/ पर उपलब्ध हैं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में प्रकाशन की तिथि से 45 दिन है। उपरोक्त अधिसूचना के संदर्भ में कोई भी संशोधन / शुद्धिपत्र / अद्यतन केवल केंद्र की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे हमारी वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें।

निदेशक (कार्यवाहक)
cbc 38126/12/0012/2026 अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केंद्र - ग्वालियर

Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK) HOME LOANS • DEPOSITS Translating Dreams into Reality
**केनफिन होम्स लिमिटेड**
78, प्रथम तल, जे.आर. सामा काम्पलेक्स, गोरखपुर, कटंगा जबलपुर-482001
फोन : 0755 -4921736 Mob:7625079237
E-mail-jabalpur@canfinhomes.com, CIN : L85110KA1987PLC008699

**कब्जा नोटिस [नियम 8 (1)] (अचल संपत्ति हेतु)**

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्यूरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के साथ पठित सेक्शन के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत केनफिन होम्स लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक **03-11-2025** को उधारकर्ता - **श्रीमती बबिता बनाफर पत्नि स्व. लखन सिंह बनाफर एवं स्व. लखन सिंह बनाफर के सभी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी** को मांग सूचना पत्र जारी किया एवं नोटिस में दर्शाई राशि **₹ 8,88,463.00 (रुपये आठ लाख अट्ठासी हजार चौर सौ तिरेसठ मात्र)** एवं उस पर संविदात्मक दरों पर अतिरिक्त ब्याज के साथ उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया है।

उधारकर्ताओं/जमानतदारों एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 9 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा दिनांक **23-01-20265** को ले लिया है।

उधारकर्ताओं/जमानतदारों को विशिष्टता और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार खाते में वर्णित राशि ₹ **8,88,463.00 (रुपये आठ लाख अट्ठासी हजार चौर सौ तिरेसठ मात्र)** एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चों के लिए केनफिन होम्स लिमिटेड के अधीन होगा।

**अचल संपत्ति का विवरण**

**संपत्ति स्थित म्यूटेशन एवं खसरा नंबर 124/412/2 का भाग, म्यूटेशन के पश्चात खसरा नंबर 124/4, डायवर्सन खसरा नंबर 124/13, एन.बी.-664, पी.एच. नंबर -60 (पुराना-17), मौजा - महाराजपुर, आर.एन.एम.-महाराजपुर, तहसील -आधारताल और जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश, 482004,** प्लॉट क्षेत्रफल- 850 वर्गफीट एवं निर्मित क्षेत्रफल 750 वर्गफीट। चर्तुसीमाएं: उत्तरः 15 फुट साइड रोड, दक्षिणः खंडेलवाल की संपत्ति, पूर्वः ठाकुर साहब की संपत्ति, पश्चिमः लक्ष्मण प्रसाद की संपत्ति

दिनांक : 23-01-2026
स्थान : जबलपुर
(हस्ता.) प्राधिकृत अधिकारी
केन फिन होम्स लि.

**संयुक्त संचालक, कौशल विकास (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थायें संस्थाये)**
**जबलपुर संभाग जबलपुर, मध्यप्रदेश**
संभागीय आईटीआई परिसर, दमोह रोड, माढोताल, जबलपुर (प्र.म.)
Ph: +91-761-2997584 E-MAIL: jabalpurzonejd2011@gmail.com

क्र-संयु.संचा./क्षेकाज/क्रय/26/60 जबलपुर, दिनांक 14/01/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, कौशल विकास जबलपुर द्वारा जबलपुर संभाग में स्थित विभिन्न शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं हेतु फर्नीचर क्रय करने हेतु निमार्ता या उनके द्वारा अधिकृत डीलर्स से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी निम्नानुसार है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अनुमानित लागत | 10,00,000/- (दस लाख रुपए मात्र) |
| 2 | अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) | 30,000/- (तीस हजार रुपए मात्र) |
| 3 | निविदा दस्तावेज शुल्क | 1000/- + प्रोसेसिंग शुल्क (नॉन-रिफंडेबल) |
| 4 | निविदा जारी एंव डाउनलोड करने की तिथि एंव समय | 23/01/2026 समय: दोपहर 13:00 |
| 5 | निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 23/01/2026 समय: दोपहर 13:00 |
| 6 | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 12/02/2026 समय: दोपहर 12:00 |
| 7 | तकनिकी निविदा खोलने की दिनांक | 18/02/2026 समय: दोपहर 14:00 |

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी, तिथियाँ, शर्तें एंव अन्य विवरण मध्यप्रदेश शासन द्वारा निर्मित ई-टेंडर पोर्टल https://www.mptenders.gov.in उपलब्ध है इच्छुक निविदा-दाता राशि रुपए 1000/- तथा प्रोसेसिंग फीस (नॉन रिफन्डेबल) (पोर्टल अनुसार) का भुगतान कर मध्यप्रदेश शासन द्वारा निर्मित ई- टेंडर पोर्टल https://www.mptenders.gov.in से प्राप्त कर सकते है।

**नोट:- निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, कौशल विकास जबलपुर को रहेगा।**

वेबसाईट: www.mpskills.gov.in
ई-मेल: E-MAIL: jabalpurzonejd2011@gmail.com
संयुक्त संचालक, कौशल विकास, जबलपुर क्षेत्र जबलपुर म.प्र.
G-24805/25 "स्वच्छता ही सेवा"

चिंतन

# मित्रों को ही भारी पड़ रहा है ट्रंप का अस्थिर रवैया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में पूरी दुनिया के लिए भस्मासुर की भूमिका में हैं। वह किसी के भी सिर पर हाथ रखकर उसे भस्म करना चाहते हैं। शुरुआत में जब उन्होंने पूरी दुनिया को टैरिफ की आग में धकेलने की कोशिश की तो इसे अनेक देशों ने कुछ हद तक तार्किक समझा और इस मसले को वार्ता के जरिए सुलझाने के लिए व्यापार समझौतों की पेशकश की। हालांकि इनमें अधिकांश समझौते एकतरफा रहे और ट्रंप ने टैरिफ का डर दिखाकर अपनी मर्जी ही चलाई। भारत ने भी अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की कोशिश की और दोनों देशों के बीच एक साल से इस पर वार्ता के बावजूद सहमति नहीं बन सकी है। हालांकि इस अवधि में अमेरिका ने भारत पर दुनिया में सर्वाधिक 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया। ट्रंप की इस हरकत ने दोनों देशों के संबंधों को निचले स्तर पर पहुंचा दिया है। देखा जाए तो ट्रंप का यह कार्यकाल उनके मित्रों पर ही ज्यादा भारी पड़ रहा है। ग्रीनलैंड पर उनके रुख ने उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन यानी नाटो के भविष्य पर ही प्रश्नचिह्न लगा दिया था। एक बार तो ऐसा लगने लगा था कि अमेरिका और यूरोप की सेनाएं आमने-सामने आ सकती हैं। हालांकि ट्रंप के दावोस में दिए भाषण से संकेत मिला है कि फिलहाल नाटो बच गया है। इसके बावजूद ट्रंप के अस्थिर रवैये को देखते हुए इस बात की गारंटी नहीं दी जा सकती कि आने वाले समय में नाटो का क्या होगा। नाटो की स्थापना 1949 में सोवियत विस्तार और साम्यवाद के खिलाफ एक ढाल के रूप में की गई थी। अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, बेल्जियम, डेनमार्क, फ्रांस, आइसलैंड, इटली, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड, नॉर्वे और पुर्तगाल इसके 12 संस्थापक सदस्य थे। 1989 में सोवियत संघ के पतन के बाद नाटो का विस्तार हुआ। रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद फिनलैंड (2023) और स्वीडन (2024) इसके नवीनतम सदस्य बने। नाटो की स्थापना करने वाली वॉशिंगटन संधि में कहा गया है कि एक या अधिक सदस्यों पर सशस्त्र हमला, सभी पर हमला माना जाएगा। 9/11 के हमलों के बाद इस प्रावधान को लागू किया गया था। ट्रंप लंबे समय से बहुपक्षवाद के प्रति असहमति जताते रहे हैं। हालांकि, नाटो को लेकर उनकी मुख्य शिकायत वित्तीय है। उनका आरोप है कि यूरोप की सुरक्षा का अधिकांश खर्च अमेरिका उठाता है, जबकि अन्य सदस्य अपेक्षाकृत कम योगदान देते हैं। डेनमार्क से ग्रीनलैंड को खरीदने का ट्रंप का विचार एक तरह से नाटो पर वर्षों से हो रहे अमेरिकी खर्च की एक प्रतीकात्मक भरपाई के रूप में सामने आया है। दावोस में ट्रंप ने स्पष्ट किया कि वे ग्रीनलैंड का बलपूर्वक विलय नहीं करेंगे और उन्होंने उस 10% टैरिफ का उल्लेख भी नहीं किया, जिनकी उन्होंने आठ यूरोपीय देशों को धमकी दी थी। फिर भी उनकी चेतावनी स्पष्ट थी 'आप हां कह सकते हैं और हम बहुत आभारी होंगे या आप ना कह सकते हैं और हम याद रखेंगे।' बाद में उन्होंने यह भी कहा कि वे वार्ता चाहते हैं। ग्रीनलैंड में कोई भी अमेरिकी सैन्य कार्रवाई प्रभावी रूप से नाटो को समाप्त कर देगी। यूरोप आर्थिक रूप से शक्तिशाली होने के बावजूद अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिकी परमाणु छतरी पर निर्भर है भले ही ब्रिटेन और फ्रांस स्वयं परमाणु-सशस्त्र देश हैं। यूक्रेन युद्ध के दौरान रूस की परमाणु धमकी का मुकाबला करने में भी अमेरिका ने निर्णायक भूमिका निभाई है, लेकिन ट्रंप की अप्रत्याशित नीतियों के चलते भविष्य के नाटो संकटों में वॉशिंगटन के सहयोग की कोई गारंटी नहीं है।



बोर्ड ऑफ पीस
डॉ. एन. के. सोमानी

# ट्रंप की शांति योजना पर उठते सवाल

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक संघर्षों को रोकने और दुनिया में शांति व स्थिरता स्थापित करने के लिए 'बोर्ड ऑफ पीस' के गठन का ऐलान किया है। बोर्ड में शामिल होने के लिए ट्रंप प्रशासन ने तकरीबन 60 देशों के मुखियाओं को निमंत्रण भेजा है। 35 से अधिक देश इस विश्व संगठन का हिस्सा बनने के लिए राजी हो गए हैं। ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, भारत, रूस और चीन ने अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। वैश्विक संगठनों के प्रति आदर का भाव रखने वाला भारत क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बोर्ड ऑफ पीस का हिस्सा बनना चाहेगा, जो पिछले आठ दशकों से वैश्विक शांति की गारंटी के रूप में काम कर रहे संयुक्त राष्ट्र को चुनौती देने के मनसूबे पाल रहा है।

ग्रीनलैंड पर अमेरिकी स्वामित्व के दावों के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक संघर्षों को रोकने और दुनिया में शांति व स्थिरता स्थापित करने के लिए 'बोर्ड ऑफ पीस' के गठन का ऐलान किया है। बोर्ड में शामिल होने के लिए ट्रंप प्रशासन ने तकरीबन 60 देशों के मुखियाओं को निमंत्रण भेजा है। कहा जा रहा है कि 35 से अधिक देश इस विश्व संगठन का हिस्सा बनने के लिए राजी हो गए हैं। इनमें मध्यपूर्व के सहयोगी देश इजरायल, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, जॉर्डन, कतर और मिस्र शामिल हैं। नाटो सदस्य तुर्की और हंगरी के अलावा मोरक्को, पाकिस्तान, इंडोनेशिया, कोसोवो, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, पैराग्वे, आर्मेनिया, अजरबैजान और वियतनाम भी बोर्ड ऑफ पीस का हिस्सा होने के लिए सहमत हो गए हैं।

ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, भारत, रूस और चीन ने अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। हालांकि, व्यक्तिगत रूप से ट्रंप के पुतिन के साथ संबंध बेहतर है, व्यापार समझौते के बाद चीन-अमेरिकी संबंधों में तल्खी कुछ कम हुई है, लेकिन जिस तरह से बोर्ड ऑफ पीस के चार्टर में वीटो का एक मात्र अधिकार केवल अमेरिका (राष्ट्रपति ट्रंप ) को दिए जाने की बात कही गई है, उसे देखते हुए दोनों साम्यवादी देश शायद इस संशय में हैं कि अमेरिकी पहल का हिस्सा बनने से उनकी स्थिति कमजोर हो सकती है। कमोबेश यही स्थिति ब्रिटेन की है। तीनों का आशंकित होना स्वाभाविक है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में वीटो के मामले में अमेरिका, रूस, चीन और ब्रिटेन की शक्ति बराबर है। पांचवें स्थायी सदस्य फ्रांस ने ट्रंप की योजना का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया है। फ्रांस पर दबाव बनाने के लिए ट्रंप ने फ्रांसीसी वाइन और शैंपेन पर 200 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी है। दिलचस्प बात यह है कि बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने ट्रंप के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। कनाडा भी पूरी तरह से तैयार था लेकिन दावोस में प्रधानमंत्री मार्क कार्नी द्वारा अमेरिका की टैरिफ नीति की निंदा किए जाने के कारण अब ट्रंप ने कनाडा से निमंत्रण को वापस ले लिया है। दरअसल ट्रंप ने 29 सितंबर 2025 को गाजा संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक व्यापक योजना की घोषणा की थी। इसका अरब समुदाय सहित इजरायल और यूरोप के कई देशों ने समर्थन किया। 17 नवबंर को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इसका स्वागत करते हुए भारी बहुमत से प्रस्ताव संख्या 2803 पारित किया। ट्रंप का कहना है कि अब समय आ गया है, जब प्रस्ताव के लक्ष्यों को अमली जामा पहनाया जाए। पूरी योजना का केन्द्र शांति बोर्ड है। चार्टर के अनुसार बोर्ड के सदस्यों का कार्यकाल तीन साल रखा गया है। यदि कोई सदस्य बोर्ड में स्थायी रूप से बने रहना चाहते हैं तो इसके लिए उन्हें 1 अरब डॉलर का योगदान करना होगा। बोर्ड के कार्यकारी मंडल में ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर, विदेशमंत्री मार्को रूबियो, विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर शामिल हैं। बोर्ड की अध्यक्षता ट्रंप ने स्वयं अपने पास रखी है। अध्यक्ष के कार्यकाल की कोई सीमा नहीं है अर्थात कार्यकाल अनिश्चित रखा हुआ है।

जहां तक ट्रंप को बोर्ड से हटाए जाने का सवाल है तो वह स्वेच्छा से त्यागपत्र दे सकते हैं या कार्यकारी



परिषद् के सर्वसम्मत मत द्वारा निर्धारित अक्षमता के आधार पर पद से हटाया जा सकता है। ऐसे में लोकतांत्रिक प्रक्रिया में थोड़ी भी रुचि रखने वाला कोई भी देश इसमें शामिल होगा, इसमें संदेह है। ट्रंप प्रशासन का अनुमान है कि बोर्ड में तकरीबन 60 से अधिक देश शामिल होंगे और 60 अरब डॉलर का निवेश प्राप्त होगा, जिसका उपयोग गाजा के पुनर्निर्माण में किया जाएगा। हालांकि वाशिंगटन शांति बोर्ड को गाजा के पुनर्निर्माण और समृद्धि के लिए एक रोडमैप के रूप में पेश कर रहा है, लेकिन बोर्ड से फिलिस्तीनियों को बाहर रखना अपने आप में आश्चर्यजनक है।

कोई दो राय नहीं कि ट्रंप के शांति बोर्ड का उद्देष्य गाजा में स्थायी शांति और स्थिरता सुनिश्चित करना है, लेकिन जिस तरह से इसे एक नए अंतरराष्ट्रीय संगठन और शांति व्यवस्था स्थापित करने वाले निकाय के रूप में प्रचारित किया जा रहा है, उसे देखते हुए सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या ट्रंप का शांति बोर्ड आने वाले समय में संयुक्त राष्ट्र संघ की जगह लेता हुआ दिखाई देगा। यह सवाल इसलिए भी प्रासंगिक हो जाता है क्योंकि ट्रंप लगातार इस विश्व संस्था की आलोचना करते रहे हैं। ट्रंप खुद भी इस बात की पुष्टि कर चुके हैं। प्रेस ब्रीफिंग में उन्होंने कहा कि उनका बोर्ड अंतरराष्ट्रीय निकाय की जगह ले सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि मैं संयुक्त राष्ट्र क्षमताओं का प्रशंसक हूं लेकिन इस संस्था ने कभी अपनी क्षमता का पूरा इस्तेमाल नहीं किया है। संयुक्त राष्ट्र को उन सभी युद्धों का निपटारा कर देना चाहिए था, जिनका मैंने निपटारा किया। जिस तरह से पिछले दिनों अमेरिका की डेल्टाफोर्स ने वैनेजुएला पर हमला कर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अगवा किया उससे डोनाल्ड ट्रंप और उनकी 'शांति की पहल' पर सवाल उठ रहे हैं। रूस और पाकिस्तान को निमंत्रण भेजे जाने पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

रूस यूक्रेन युद्ध का एक पक्षकार है। एक संप्रभु राष्ट्र पर हमला करने और आतंकवाद को पालने, बढ़ाने और उसका वित्तपोषण करने वाले देश को शांति स्थापना के प्रयासों का हिस्सा बनाना क्या अपने आप में हास्यास्पद नहीं है।इसके अलावा जिस तरह से पाकिस्तान को गाजा में शांति और सुरक्षा के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में शामिल किया जा रहा है, उससे इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू की परेशानी बढ़ सकती है। सवाल तो चार्टर के विभिन्न प्रावधानों पर भी उठ रहे हैं। सदस्यता के लिए इच्छुक देशों के दायित्व क्या होंगे, बोर्ड किन सिद्धांतों के आधार पर आगे बढ़ेगा, इसका कोई पैमाना चार्टर में नहीं है। ऐसे में क्या स्थायी सीट हर वक्त बिक्री के लिए उपलब्ध होगी। 1 अरब डॉलर की राशि क्या तमाम योग्यताओं का निर्धारक बिन्दू होगी।

ऐसे में आशंका इस बात की भी है कि शांति स्थापित करने के उद्देश्य से निर्मित यह मंच कहीं सौदेबाजी का अखाड़ा तो बनकर नहीं रह जाएगा। चार्टर में जिस तरह से बोर्ड ऑफ पीस को ऐसे अंतरराष्ट्रीय संगठन के रूप में दिखाने की कोशिश की गई है, जो संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों में स्थिरता को बढ़ावा देने, विश्वसनीय और वैध शासन को बहाल करने और स्थायी शांति सुनिश्चित करने का प्रयास करता है, उसमें आशंका इस बात की भी है कि बोर्ड का व्यापक चार्टर संयुक्त राष्ट्र के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर सकता है। हालांकि इसकी संभावना नहीं के बराबर है, लेकिन बड़ा सवाल भारत के स्टैंड को लेकर भी है। नियम आधारित व्यवस्था और वैश्विक संगठनों के प्रति आदर का भाव रखने वाला भारत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बोर्ड ऑफ पीस का हिस्सा बनना चाहेगा, जो पिछले आठ दशकों से वैश्विक शांति की गारंटी के रूप में काम कर रहे संयुक्त राष्ट्र को चुनौती देने के मनसूबे पाल रहा है।

(लेखक अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मुद्दा
राजेश माहेश्वरी



# बजट सत्र में जी राम जी पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

संसद के आगामी बजट सत्र में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल पर भारी हंगामा होने की संभावना है। यह मुद्दा मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस द्वारा जोर-शोर से उठाया जा रहा है। यह विधेयक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह लाया गया है और शीतकालीन सत्र में ही संसद के दोनों सदनों से पास हो चुका है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल इस नए बिल को मनरेगा को 'खत्म करने की साजिश' बता रहे हैं। उनका आरोप है कि नए कानून में कई ऐसे बदलाव किए गए हैं, जिनसे गरीबों के रोजगार की गारंटी प्रभावित होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता राहुल गांधी ने घोषणा की है कि वे इस मुद्दे को बजट सत्र के दौरान संसद में उठाएंगे। संसद का बजट सत्र आगामी 28 जनवरी से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। विपक्ष के अनुसार, मनरेगा में 100 दिन का रोजगार सुनिश्चित था, जबकि नए कानून में 125 दिन के रोजगार का प्रावधान है, लेकिन इसके क्रियान्वयन को लेकर आशंकाएं हैं। साथ ही, खर्च का प्रतिशत भी राज्यों को अधिक उठाना पड़ेगा। विपक्षी दलों की बयानबाजी से इस बात के प्रमाण मिल रहे हैं कि आगामी बजट सत्र में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल विपक्ष के लिए सरकार को घेरने का एक प्रमुख मुद्दा होगा, जिससे सदन में हंगामेदार स्थिति उत्पन्न हो सकती है। बीती 22 जनवरी को दिल्ली में 'मनरेगा बचाओ मोर्चा' के राष्ट्रीय सम्मेलन में राहुल गांधी ने कानून का नाम सुनकर व्यंग्य किया और कहा कि उन्हें इसका नाम भी नहीं पता। उन्होंने इसे गरीबों के अधिकार छीनने की साजिश बताया और मोदी सरकार को खुली चेतावनी दी कि अगर गरीब एकजुट हो जाएंगे तो सरकार पीछे हट जाएगी। राहुल गांधी ने कहा, ये नया कानून क्या है, मुझे पता ही नहीं। जिसमें काम की गारंटी थी और पंचायती राज के माध्यम से चलती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम मोदी इसे खत्म करना चाहते हैं और केंद्र को काम व फंड का पूरा नियंत्रण देना चाहते हैं, जिसमें भाजपा शासित राज्यों को प्राथमिकता मिलेगी। वहीं, बीजेपी ने राहुल गांधी और कांग्रेस की तरफ से इस बिल का विरोध करने को लेकर फटकार लगाई है। बीजेपी का कहना है कि राहुल गांधी की आलोचनाओं ने कांग्रेस की हिंदू विरोधी मानसिकता को उजागर किया है। साथ ही कहा कि कांग्रेस गलत जानकारी फैला रही है। सरकार का पक्ष है कि इस कानून का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में 125 दिन के रोजगार की गारंटी देना, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप तैयार करना है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मनरेगा के स्थान पर लागू होने वाला वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025 अभी तक औपचारिक रूप से अधिसूचित और लागू नहीं हुआ है, इसलिए केंद्र सरकार आगामी बजट में इस योजना को निर्बाध समर्थन सुनिश्चित करने के लिए दोहरी बजटीय आवंटन पर विचार कर रही है। नए कानून के तहत नियम अभी तैयार किए जा रहे हैं, इसलिए सरकार संक्रमणकालीन चरण में मनरेगा और वीबी-जी राम जी योजना दोनों के लिए एक साथ निधि उपलब्ध करा सकती है। नियमों के अधिसूचित होने के बाद ही नया कानून लागू होगा। बजट में भारी बढ़ोतरी का संकेत देते हुए, सरकार ने पहले घोषणा की थी कि वीबी-जी आरएएम जी के लिए 1,51,282 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे। सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार अपने बजट घोषणा में इस आवंटन को और बढ़ा सकती है। एमजीएनआरईजीए के लिए वित्त वर्ष 2025 और वित्त वर्ष 2026 दोनों में 86,000 करोड़ रुपये का अपरिवर्तित आवंटन किया गया था। नए अधिनियम के तहत, अनुमानित केंद्रीय निधि का हिस्सा 95,692.31 करोड़ रुपये है, शेष राशि राज्यों द्वारा वहन की जाएगी। नए अधिनियम में केंद्र और राज्यों के बीच 60:40 का लागत-साझाकरण अनुपात अनिवार्य किया गया है। हालांकि, विपक्षी सदस्यों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि राज्यों को निधि आवंटन के प्रस्तावित मानदंडों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। इससे पहले 22 जनवरी की सुबह जी राम जी बिल को लेकर कर्नाटक विधानसभा में हंगामा देखने को मिला। जहां राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने राज्य सरकार की तरफ से तैयार भाषण पढ़ने से इनकार कर दिया। इसमें जी राम जी बिल को लेकर आलोचना शामिल था। जी राम जी बिल पास होने के वक्त विपक्ष ने संसद के शीतकालीन सत्र में खूब हंगामा किया था। विपक्ष ने संसद से बाहर भी इसका विरोध किया था। विपक्षी नेताओं की ताजा बयानबाजी से साफ है बजट सत्र में जी राम जी की गूंज जोर-शोर से सुनाई देगी।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# चरित्र गठन की विशाल व्यायामशाला है संसार



संकलित
दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।

# मुनि के शाप ने देवराज इंद्र से छीन लिया था स्वर्ग



संकलित
प्रेरणा

एक दिन दुर्वासा मुनि विष्णु जी के पास पहुंचे। उस समय विष्णु जी ने दुर्वासा मुनि को अपनी दिव्य माला उपहार में दी। विष्णु जी से मिलकर दुर्वासा मुनि लौट रहे थे। तभी उन्हें रास्ते में देवराज इंद्र दिखाई दिए। इंद्र अपने ऐरावत हाथी पर सवार थे और दुर्वासा मुनि पैदल थे। इन दोनों ने एक-दूसरे को देख लिया। उस समय दुर्वासा जी ने सोचा कि विष्णु जी ने जो माला दी है, वह मेरे किसी काम की नहीं है। ये माला इंद्र को दे देता हूं। इंद्र स्वर्ग के राजा हैं तो उनके गले में ये माला शोभा देगी। ऐसा सोचकर दुर्वासा मुनि ने विष्णु जी की माला इंद्र को उपहार में दे दी। देवराज इंद्र ने दुर्वासा जी से वह माला ले ली। उस समय देवराज इंद्र का अहंकार जाग गया। वह अपने ऐरावत हाथी पर बैठे हुए थे, स्वर्ग के राज-पाठ का घमंड था। इसी घमंड की वजह से इंद्र ने सोचा कि ये सामान्य सी माला मेरे काम नहीं आएगी। ये सोचकर इंद्र ने वह माला अपने ऐरावत हाथी के ऊपर डाल दी। ऐरावत ने अपनी सूंड से वह माला पकड़ी और पैरों से कुचल दी। ये सब दुर्वासा मुनि ने देख लिया, अपने उपहार का ऐसा अपमान देखकर वे क्रोधित हो गए। गुस्से में उन्होंने इंद्र से कहा कि आज तूने अपने राज-पाठ और पद के घमंड में मेरे उपहार का अनादर किया है, मैं तूझे शाप देता हूं, तेरा सारा वैभव चला जाएगा और तू स्वर्गहीन हो जाएगा। इसके बाद असुरों ने देवताओं पर आक्रमण कर दिया और देवता पराजित हो गए। इंद्र को स्वर्ग से जाना पड़ा था।

## सटाका




## आज की पाती

### रेवड़ियां बांटना कितना उचित

सभी राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए सरकारी खजाने से मुफ्त धन व अन्य वस्तुएं बांटने की घोषणा पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा याचिका स्वीकार करने का स्वागत है। सुप्रीम कोर्ट ने देश पर बढ़ते कर्ज और चुनावी लोकलुभावन घोषणाओं के बीच के खतरनाक संबंध को गंभीरता से लेते हुए जनहित याचिका की सुनवाई के लिए तत्परता दिखाई है, क्योंकि यह मुद्दा केवल चुनावी नैतिकता तक सीमित नहीं, बल्कि देश की दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता से जुड़ा है। पिछले एक दशक में राज्यों का सार्वजनिक ऋण तेजी से बढ़ा है और रिज़र्व बैंक की विभिन्न रिपोर्टें यह संकेत देती हैं कि कई राज्य अपने राजस्व का बड़ा हिस्सा केवल ब्याज चुकाने में खर्च कर रहे हैं, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत ढांचे और सुरक्षा जैसे जरूरी क्षेत्रों के लिए संसाधन सीमित हो रहे हैं।

*- प्रदीप सक्सेना, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### मछुआरों के लिए काम



पिछले एक दशक में, एनडीए सरकार ने मछुआरों के लिए व्यापक रूप से काम किया है। हमारा जोर उनके लिए बेहतर बाजार और प्रौद्योगिकी सुनिश्चित करने पर रहा है। आने वाले समय में यह कार्य और भी अधिक जोश के साथ जारी रहेगा।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### मुखर्जी के विचार



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बंगाल से निकलकर भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी। आज उनके विचार को भाजपा विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में जन-जन के बीच पहुंचा रही है।

**- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### कपड़ा निर्यातकों को नुकसान



अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ और अनिश्चितता से भारत के कपड़ा निर्यातकों को भारी नुकसान हो रहा है। पीएम मोदी ने कोई राहत नहीं दी है और न ही टैरिफ के बारे में बात की है, जबकि 45 करोड़ से अधिक नौकरियां और व्यवसाय खतरे में हैं।

**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### निष्ठाएं बिक रहीं



आज निष्ठाएं आसानी से बिक जाती हैं। सिद्धांतों को यूं ही त्याग दिया जाता है और राजनीति पूरी तरह अवसरवादी हो गई है। आज की राजनीति में सफलता इस बात से नहीं आंकी जाती कि कौन से मुद्दे सामने लाए गए या क्षेत्रीय और भाषाई अस्मिता को कितनी मजबूती से जीवित रखा गया।

**- राज ठाकरे, मनसे प्रमुख**

## करंट अफेयर

# ट्रंप का जेपी मॉर्गन पर पांच अरब डॉलर का मुकदमा दायर



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बैंकिंग क्षेत्र की दिग्गज जेपीमॉर्गन चेस और उसके सीईओ जेमी डिमॉन पर पांच अरब डॉलर का मुकदमा दायर किया है। ट्रंप का आरोप है कि जनवरी 2021 में उनके पद छोड़ने के बाद जेपीमॉर्गन ने राजनीतिक कारणों से उन्हें और उनके व्यवसायों को बैंकिंग सेवाएं देना बंद कर दिया था। फ्लोरिडा के मियामी-डेड काउंटी कोर्ट में दायर मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि जेपीमॉर्गन ने फरवरी 2021 में बिना किसी स्पष्टीकरण के मात्र 60 दिन के नोटिस पर कई खाते अचानक बंद कर दिए। ट्रंप का दावा है कि जेपीमॉर्गन और डिमोन के ऐसा करने से राष्ट्रपति और उनके व्यवसायों को लाखों डॉलर का नुकसान हुआ, उनके कामकाज में बाधा आई और ट्रंप तथा व्यवसायों को मजबूरन अन्य बैंकों में तत्काल खाते खोलने पड़े। मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि 'जेपीएमसी ने (ट्रंप और उनके व्यवसायों को) बैंकिंग सेवाओं से बाहर कर दिया क्योंकि उसका मानना था कि उस समय की राजनीतिक लहर ऐसा करने के पक्ष में थी।' मुकदमे में ट्रंप ने आरोप लगाया कि बैंक ने जब उनके खाते बंद करना शुरू कर दिया तो उन्होंने व्यक्तिगत रूप से डिमोन के साथ इस मुद्दे को उठाने की कोशिश की और डिमोन ने ट्रंप को आश्वासन दिया था कि वह पता लगाएंगे कि क्या हो रहा है।

## ऑफ बीट

# कसरत की थकान से उबरने में आइस बाथ है लोकप्रिय



पिछले कुछ साल में 'आइस बाथ' का चलन तेजी से बढ़ा है। दुनिया भर में खुद को स्वस्थ रखने वाले और व्यायाम करने वाले लोग इसे अपना रहे हैं, हालांकि पहले केवल एथलीट ही इसका उपयोग करते थे। 'आइस बाथ' का मतलब बर्फ के छोटे-छोटे टुकड़ों से भरे पानी में नहाना है। कसरत की थकान से उबरने के लिए 'आइस बाथ' 'आइस बाथ' लेने का मुख्य कारण मांसपेशियों में दर्द को कम करना और व्यायाम के बाद थकान से उबरना है। धावक, भारोत्तोलक और फुटबॉल खिलाड़ी सहित एथलीट आमतौर पर 'आइस बाथ' का उपयोग करते हैं। इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि 'आइस बाथ' लेने से कसरत के बाद होने वाली थकान को दूर किया जा सकता है। शोध से पता चला है कि गहन व्यायाम के तुरंत बाद 'आइस बाथ' लेने से अगले कुछ घंटे और दिनों में मांसपेशियों का दर्द कम हो सकता है। 'आइस बाथ' से मांसपेशियों की ताकत, मजबूती और लचीलेपन जैसी चीजों में मदद मिल सकती है। 'आइस बाथ' से व्यायाम के बाद होने वाली सूजन, मांसपेशियों की सूजन और मांसपेशियों की क्षति जैसी चीजों में सुधार हो सकता है। अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें लगातार कई दिन तक तीव्र व्यायाम करना पड़ता है तो आपके लिए 'आइस बाथ' एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

जम्मू और कश्मीर के पूंछ में 6 साल बाद तेज बर्फबारी हुई है और इससे स्थानीय निवासियों में खुशी का माहौल है। श्रीनगर, पहलगाम, बारामूला, रियासी, गुलमर्ग और पूंछ में सुबह से ही लगातार बर्फबारी हो रही है। पर्यटकों को बर्फबारी का मजा लेते हुए भी देखा गया

### कड़कड़ाती सर्दी के बीच मौसम ने ली करवट

# उत्तर भारत के कई इलाकों में भारी बर्फबारी, पर्यटकों के चेहरे खिले

**एजेंसी ▸▸ श्रीनगर/ शिमला**

कड़कड़ाती सर्दी के बीच उत्तर भारत में मौसम ने करवट ले ली है। उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में बदले मौसम का प्रभाव देखने को मिल रहा है। जम्मू और कश्मीर के कई इलाकों में सुबह से ही भारी बर्फबारी देखने को मिल रही है।

जम्मू और कश्मीर के पूंछ में 6 साल बाद तेज बर्फबारी हुई है और इससे स्थानीय निवासियों में खुशी का माहौल है। श्रीनगर, पहलगाम, बारामूला, रियासी, गुलमर्ग और पूंछ में सुबह से ही लगातार बर्फबारी हो रही है। पर्यटकों को बर्फबारी का मजा लेते हुए भी देखा गया।

- श्रीनगर में फ्लाइट ऑपरेशंस बुरी तरह प्रभावित
- भारत-तिब्बत रोड का एक बड़ा हिस्सा बाधित


जम्मू में घरों पर जमी बर्फ

**श्रीनगर में हवाई सेवाएं बाधित**

*खराब मौसम के चलते श्रीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फ्लाइट ऑपरेशंस बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। खराब दृश्यता और रनवे पर जमी बर्फ के कारण न तो उड़ानों की लैंडिंग हो सकी और न ही टेकऑफ। एयरलाइंस ने यात्रियों को उड़ानों में देरी और रद्द होने की चेतावनी दी है और यात्रियों से अपनी-अपनी एयरलाइंस से संपर्क में रहने की अपील की गई है।*

**सैलानियों से गुलजार हुए हिल स्टेशन**

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला और मनाली में शुक्रवार को मौसम की पहली बर्फबारी हुई। इससे सड़कें और पहाड़ पूरी तरह से सफेद हो गए। बर्फ से ढके नजारों का मजा लेने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक भी पहुंचे हैं।


शिमला में बर्फबारी से यातायात प्रभावित

लाहौल-स्पीति, चंबा, कुल्लू, किन्नौर, सिरमौर, मंडी और शिमला जिलों के ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी हो रही है। शिमला के पास कुफरी और नारकंडा जैसी जगहों पर भी बर्फबारी हो रही है। कांगड़ा घाटी की शानदार धौलाधार पर्वत श्रृंखलाओं पर बर्फ की ताजी चादर बिछ गई है। शिमला से 10 किमी दूर ढल्ली से आगे ट्रैफिक रोक दिया गया, क्योंकि भारत-तिब्बत रोड का एक बड़ा हिस्सा बर्फ की मोटी चादर से ढका हुआ था। भारी बर्फबारी के कारण पूरा किन्नौर जिला और शिमला जिले के नारकंडा, जुब्बल, कोटखाई, कुमारसैन, खड़ापत्थर, रोहड़ू और चौपाल जैसे शहर कट गए हैं।


मसूरी के घर और पेड़ बर्फ में लिपटे

**मसूरी से लेकर ऊंचे इलाकों तक बर्फ की सौगात**

उत्तराखंड के मसूरी समेत कई ऊंचाई वाले इलाकों में सीजन की पहली बर्फबारी देखने को मिली। हल्की बारिश के बाद जैसे ही तापमान गिरा, मसूरी की पहाड़ियां, सड़कें और देवदार के पेड़ बर्फ की सफेद चादर में लिपट गए। मसूरी, धनोल्टी, चकराता, औली, गंगोत्री टिहरी और आसपास के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रुक-रुक कर बर्फबारी होती रही।

## खबर संक्षेप

### अमेजन ने पेश किया हेल्थ एआई असिस्टेंट

**नई दिल्ली।** अमेजन ने अपने 'वन मेडिकल' सदस्यों के लिए एक क्रांतिकारी हेल्थ एआई असिस्टेंट पेश किया है। यह टूल न केवल आपके मेडिकल रिकॉर्ड के आधार पर सलाह देगा, बल्कि अपॉइंटमेंट बुक करने और दवाएं मैनेज करने में भी मदद करेगा। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में यह एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है। यह कोई साधारण चैटबॉट नहीं है। अमेजन की बेडरॉक सर्विस की एडवांस तकनीक का इस्तेमाल करता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह आपकी पिछली बीमारियों, लैब रिपोर्ट और चल रही दवाओं को समझकर आपको व्यक्तिगत सलाह देता है।



### मस्क बोले - मनुष्यों से बुद्धिमान हो जाएगा एआई

**दावोस।** वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में एलन मस्क ने एआई के भविष्य को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि तेजी से बढ़ती कंप्यूटिंग पावर के कारण आने वाले 5 वर्षों में एआई इंसानों की सामूहिक बुद्धिमत्ता यानी पूरी मानव जाति के ज्ञान से भी आगे निकल सकती है। मस्क के मुताबिक, इस साल के अंत या अगले साल तक ऐसा एआई आ सकता है जो किसी एक इंसान से ज्यादा समझदार हो। सुपर-ह्यूमन इंटेलिजेंस की दिशा में बदलाव इसी दशक में बहुत तेज रफ्तार से होगा।



### थाइलैंड जा रहे प्लेन की चीन में इमरजेंसी लैंडिंग

**बीजिंग।** शुक्रवार को को अजुर एयरलाइंस की फ्लाइट जेडएफ-2998 थाईलैंड के फुकेट से रूस के बरनौल जा रही थी। तभी पायलट को हवा में तकनीकी खराबी का सिग्नल मिला, जिसके बाद चीन के लांझोऊ एयरपोर्ट पर फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इस फ्लाइट में 238 यात्री सवार हैं। एयरलाइंस के प्रवक्ता ने बताया कि फ्लाइट की लैंडिंग सुरक्षित तरीके से हो गई। प्लेन में सवाल 238 सभी सवार यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित है। प्लेन में तकनीकी खराबी की जांच की जा रही है।



### एक साल के नोटिस के बाद फैसला

## अमेरिका ने डब्ल्यूएचओ छोड़ा, 2380 करोड़ का बकाया देने से किया मना



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

**एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क**

अमेरिका ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से हटने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। संघीय अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह घटनाक्रम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वैश्विक स्वास्थ्य निकाय के प्रति वाशिंगटन की 78 साल पूरी प्रतिबद्धता खत्म किए जाने का नोटिस देने के लगभग एक साल बाद सामने आया है।

अधिकारियों ने बताया कि अमेरिका आधिकारिक तौर पर डब्ल्यूएचओ से बाहर हो गया। अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि हमारी डब्ल्यूएचओ में दोबारा शामिल होने की कोई योजना नहीं है। अमेरिका अब देशों के साथ सीधे संपर्क करके रोग निगरानी और दूसरे प्राथमिकताओं पर काम करेगा। वहीं, डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, अमेरिका ने 2024 और 2025 के लिए अपने किसी भी बकाया का भुगतान नहीं किया है, जिसके परिणामस्वरूप 13.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 2380 करोड़) से अधिक का बकाया रह गया है।

**66 संगठनों से बाहर निकलेगा**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अमेरिका को आधिकारिक रूप से बाहर निकालने की घोषणा की है। इसमें 35 गैर-संयुक्त राष्ट्र संगठन और 31 संयुक्त राष्ट्र की संस्थाएं शामिल हैं। व्हाइट हाउस और स्टेट डिपार्टमेंट के अनुसार ये संगठन अमेरिकी हितों के खिलाफ हैं। इनमें पैसों की बर्बादी होती है। इसके अलावा ये गैरजरूरी या खराब तरीके से चलाए जा रहे हैं। इस कदम को ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति का हिस्सा बताया जा रहा है, जो वैश्विक संस्थाओं से दूरी बनाने पर जोर देती है। अमेरिका भारत की पहल से बने संगठन इंटरनेशनल सोलर अलायंस (आईएसए) को भी छोड़ रहा है।

**बीमारी से जूझ रहे ट्रंप**




राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हाथों पर चोट के निशान महीनों से चर्चा का विषय बने हुए हैं। 22 जनवरी को अपने नए 'बोर्ड ऑफ पीस' के साइनिंग सेरेमनी में राष्ट्रपति की बाईं हथेली पर एक बड़ा चोट का निशान दिखा। ये निशान चर्चा की विषय इसलिए बना क्योंकि पहले यह चोट उनके दाहिने हाथ पर देखी गई थी। व्हाइट हाउस प्रवक्ता लेविट ने कहा कि दावोस में बोर्ड ऑफ पीस इवेंट में, प्रेसिडेंट ट्रंप का हाथ साइनिंग टेबल के कोने से टकरा गया।

### ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने यूरोपीय संसद को दी जानकारी

# यूरोपीय यूनियन ने भारत के साथ नए रक्षा समझौते को दी मंजूरी, अगले हफ्ते दिल्ली में होगी बड़ी डील

*कलास ने कहा कि यह साझेदारी एक बड़े रणनीतिक एजेंडे का हिस्सा होगी। इस एजेंडे में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट यानी मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), सैन्य और सुरक्षा समझौता, साइबर सुरक्षा, समद्री सुरक्षा और काउंटर टेररिज्म शामिल है*

- एग्रीमेंट से आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में मदद मिलेगी
- ईयू के प्रतिनिधिमंडल में लगभग 90 सदस्य शामिल होंगे


ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास

**एजेंसी ▸▸ ब्रुसेल्स**

यूरोपीय यूनियन (ईयू) ने भारत के साथ नए रक्षा समझौते (सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट) को मंजूरी दे दी है। अगले हफ्ते नई दिल्ली में होने वाले भारत-ईयू शिखर सम्मेलन में इस पर हस्ताक्षर होंगे। ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने यूरोपीय संसद में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी एक बड़े रणनीतिक एजेंडे का हिस्सा होगी।

इस एजेंडे में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट यानी मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), डिफेंस एंड सिक्योरिटी डील, साइबर सिक्योरिटी, समद्री सुरक्षा और काउंटर टेररिज्म शामिल है। बता दें, यूरोपियन परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन भारत आ रहे हैं। वे 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

**समुद्री सुरक्षा और साइबर सिक्योरिटी में सहयोग बढ़ेगा**

कलास ने बताया कि भारत और ईयू के बीच सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट से आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे समुद्री सुरक्षा और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ेगा। कलास ने कहा कि यूरोप भारत के साथ एक नए और मजबूत एजेंडे पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत, यूरोप की आर्थिक मजबूती के लिए बहुत जरूरी होता जा रहा है। भारत आ रहे ईयू के प्रतिनिधिमंडल में लगभग 90 सदस्य शामिल होंगे। इनमें काजा कलास, ट्रेड कमिश्नर मारोस सेफकोविक और कई निदेशक रहेंगे।

**भारत-ईयू में व्यापार समझौता भी संभव**

भारत और ईयू के बीच 27 जनवरी को एफटीए पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। इसके लिए दोनों देश कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करेंगे। पहले यूरोपीय संसद को हां करनी होगी। यूरोपीय परिषद की मंजूरी के बाद ट्रेड कमिश्नर सेफकोविक इसे भारत के सामने हस्ताक्षर के लिए पेश करेंगे। समिट के दौरान भारत और ईयू 2030 तक के लिए एक राजनीतिक एजेंडा भी पेश करेंगे।

**ईयू-भारत का साथ आना फायदेमंद**

कलास ने कहा कि अस्थिर दुनिया में मिलकर काम करना दोनों के लिए फायदेमंद होगा। एफटीए से बाजार खुलेगा, जिससे देशों के सामान पर टैक्स और रुकावटें कम होंगी। इसकी वजह से ज्यादा कंपनियां और व्यापारी एक-दूसरे के देश में सामान बेच और खरीद सकते हैं। जिससे निर्यात भी बढ़ेगा। इसके अलावा तकनीक, दवा और सेमीकंडक्टर के सहयोग में भी मदद होगी। नौकरी और पेशेवरों की आवाजाही इस नए एजेंडे का तीसरा हिस्सा है।

**ईयू, भारत का बड़ा बिजनेस पार्टनर**

*ईयू विदेश नीति प्रमुख ने कहा कि ईयू भारत का बड़ा बिजनेस पार्टनर है। 2023–24 में भारत और यूरोप के बीच व्यापार 135 बिलियन डॉलर का रहा था। अगर एफटीए पर सहमति बनती है, तो दोनों देशों के व्यापार को बढ़ेगा। दोनों पक्ष बातचीत पूरी होने की घोषणा करने वाले हैं। इसे भारत का अब तक का सबसे बड़ा व्यापार समझौता माना जा रहा है। ईयू के लिए भारत इसलिए भी जरुरी है, क्योंकि वह चीन पर निर्भरता कम करना चाहता है। भारत जैसे भरोसेमंद देशों से मजबूत रिश्ते बनाना चाहता है। भारत के लिए ईयू तक नजदीकी पहुंच से निर्यात बढ़ाने और निर्माण क्षेत्र को बढ़ाने में मदद मिलेगी।*

**कामगारों को भी मिलेगा फायदा**

कलास ने कहा कि दोनों देश सीजनल वर्कर्स, छात्रों, शोधकर्ताओं और कुशल कामगार की आवाजाही आसान करने के लिए भी समझौता करेंगे। इससे तकनीक और अनुसंधान में सहयोग बढ़ेगा। दोनों देश अभी कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म जैसे विवादित मुद्दों पर सहमति बनाने के लिए बात कर रहे हैं। इसके लिए हल निकाला जा रहा।

## 10 बलिदानी जवानों को नम आंखों से दी विदाई


*डोडो। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में गुरुवार को भद्रवाह-चंबा मार्ग पर सेना का वाहन गहरी खाई में गिरने से 10 जवान बलिदान हो गए और 11 घायल हो गए। उनके सम्मान में सेना और प्रशासन ने टेक्निकल एयरपोर्ट पर शुक्रवार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। व्हाइट नाइट कॉर्प्स के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल पीके मिश्रा सहित थल सेना, वायु सेना, सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, पुलिस और नागरिक प्रशासन के अधिकारी शामिल हुए। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की ओर से भी बलिदान जवानों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। जम्मू जोन के पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन टुटी और जम्मू के सीआरपीएफ के आईजी आर. गोपाल कृष्ण राव ने तिरंगे में लिपटे जवानों के पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की।*

### सीरियाई सेना की बड़ी कार्रवाई

## आईएसआईएस आतंकियों को रखे जाने वाली जेल पर किया 'कब्जा'

**एजेंसी ▸▸ रक्का (सीरिया)**

सीरिया की सेना ने शुक्रवार को देश के उत्तरी हिस्से में इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के सदस्यों को रखने वाली एक जेल पर नियंत्रण हासिल कर लिया है। सीरियाई सेना ने इस हिस्से पर अपने कब्जे का ऐलान तब किया, जब कुर्द लड़ाके इस इलाके को छोड़कर चले गए। सीरिया के आंतरिक मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अब सरकार की जेल प्राधिकरण अल-अक्तान जेल (रक्का शहर के उत्तर में स्थित) की जिम्मेदारी संभाल रही है, और बंदियों के फाइलों की समीक्षा की जा रही है। अल-अक्तान जेल दूसरी जेल है जिस पर सरकार का नियंत्रण आया है। इससे पहले सोमवार को इराक सीमा के पास शद्दादेह जेल में सैनिकों के प्रवेश के दौरान अराजकता में 120 आईएस बंदी भाग निकले थे। उनमें से अधिकांश को दोबारा पकड़ लिया गया है। अल-अक्तान जेल में प्रवेश दो दिन बाद हुआ है।


सीरियाई सेना

### गोवा नाइटक्लब अग्निकांड

## ईडी की बड़ी कार्रवाई, लूथरा बंधुओं के 9 ठिकानों पर छापे, तलाशी जारी

**एजेंसी ▸▸ गोवा**

प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को गोवा, दिल्ली और हरियाणा में छापेमारी की। यह कार्रवाई गोवा के एक नाइटक्लब के मालिकों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज करने के बाद की गई है। ईडी ने करीब आठ से नौ ठिकानों पर तलाशी ली है। इनमें भाई सौरभ और गौरव लूथरा और सह-मालिक अजय गुप्ता के दिल्ली के किंग्सवे कैंप स्थित दफ्तरों और रिहाइशी जगहों के साथ-साथ गुरुग्राम (हरियाणा) के तत्वम विला भी शामिल हैं। इसके अलावा गोवा में सरपंच रोशन रेडकर और पंचायत सचिव रघुवीर बागकर के ठिकानों पर भी तलाशी ली जा रही है। ईडी अधिकारियों के अनुसार, रेडकर और बागकर पर क्लब के लिए अवैध व्यापार लाइसेंस और एनओसी जारी करने में मदद करने का आरोप है।



गोवा में बर्च बाय नाइटक्लब

# ईरान में नहीं रुक रहे प्रदर्शन, 5000 से भी ज्यादा मौतें, हजारों गिरफ्तार

### ट्रंप के बयान से पश्चिम एशिया में तनाव गहराया, ईरान सरकार ने माना 3,117 लोगों की मौत हुई

## ट्रंप बोले- नौसेना का 'आर्माडा' मदद के लिए पहुंच रहा, हिम्मत बनाए रखें

**एजेंसी ▸▸ तेहरान**

ईरान में 28 दिसंबर से शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद हालात लगातार बिगड़ते गए। इंटरनेट बंद होने और अंतरराष्ट्रीय कॉल रोकने से सही जानकारी सामने लाना मुश्किल हो गया है। इसके बावजूद मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने बताया कि सुरक्षा बलों की कार्रवाई में हजारों लोग मारे गए हैं। ट्रंप ने इन हालात पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अमेरिकी नौसेना का 'आर्माडा' यानी जहाजों का बड़ा समूह क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है। यह बड़ा बेड़ा ईरान के नजदीक पहुंच रहा है। हिम्मत बनाए रखें। इस बयान के बाद पश्चिम एशिया में तनाव और गहरा गया है।

*ईरान सरकार ने आधिकारिक तौर पर कई मृतकों को 'आतंकी' घोषित किया*



अयातुल्ला अली खामेनेई और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

**26800 लोग गिरफ्तार**

मानवाधिकार संगठनों के अब तक कुल 5,002 लोगों की मौत हो गई है। इनमें से 4,716 प्रदर्शनकारी शामिल हैं। इसके अलावा 203 सरकारी पक्ष से जुड़े लोग, 43 बच्चे और 40 ऐसे नागरिक भी मारे गए जो प्रदर्शनों में शामिल नहीं थे। वहीं 26,800 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है। वहीं, ईरानी सरकार ने पहली बार आधिकारिक रूप से मौतों का आंकड़ा जारी किया है। सरकार के अनुसार कुल 3,117 लोगों की मौत हुई है। इनमें 2,427 लोग नागरिक और सुरक्षाकर्मी बताए गए हैं। बाकी मृतकों को सरकार ने 'आतंकी' करार दिया है। मानवाधिकार कार्यकर्ता सरकार के आंकड़ों पर सवाल उठा रहे हैं।

**फांसी रोकने का ट्रंप का दावा खारिज**

ईरान के शीर्ष अभियोजक मोहम्मद मोवाहेदी ने शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस दावे को 'पूरी तरह झूठा' बताकर खारिज कर दिया कि देश भर में विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिरासत में लिए गए 800 लोगों की फांसी उनके दखल देने की वजह से रुकी है। ईरान के अधिकारियों ने कहा है कि कुछ कैदियों पर ऐसे आरोप हैं जिनमें मौत की सजा दी जा सकती है। मोवाहेदी ने कहा कि यह दावा पूरी तरह से झूठा है; ऐसी कोई संख्या उपलब्ध नहीं है।

### झारखंड में बोले एडमिरल त्रिपाठी

## भारत का 95 प्रतिशत व्यापार समुद्री मार्गों से, हमारा काम सुरक्षित रखना

**एजेंसी ▸▸ रांची**

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने 'विकसित भारत 2047' की तुलना एक समुद्री यात्रा से करते हुए शुक्रवार को इस बात पर जोर दिया कि भारत समेत दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं व्यापार और विकास के लिए महासागरों पर काफी हद तक निर्भर हैं। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि दुनिया का 90 प्रतिशत निर्यात-आयात व्यापार समुद्र के रास्ते होता है और भारत का 95 प्रतिशत व्यापार समुद्री मार्गों से होता है जिससे विकसित भारत के लक्ष्य को 2047 तक प्राप्त करने के लिए महासागर प्राथमिक माध्यम बन जाते हैं।



**भारतीय नौसना को दुनिया पहचान रही**

*भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाली शक्ति है और आज दुनिया इसे इसी रूप में पहचान रही है। नीली अर्थव्यवस्था का हमारी अर्थव्यवस्था में योगदान अभी सिर्फ 4% है जो बहुत कम है और विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप इसे दहाई अंकों तक बढ़ाया जाना चाहिए। हमारी ऊर्जा जरूरतों का 88% समुद्र के रास्ते आता है और यदि कच्चे तेल की कीमत प्रति मीट्रिक टन एक अमेरिकी डॉलर बढ़ती है तो भारत को अतिरिक्त 10000 करोड़ देना होता है।*

## बसंत पंचमी पर श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में विशेष पूजन एवं सहस्त्रार्चन

# ब्रह्म विद्या, बुद्धि एवं वाक की अधिष्ठात्री हैं मां सरस्वतीः ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द



हरिभूमि, जबलपुर।

बसंत पंचमी के पावन अवसर पर श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में ज्ञान, विद्या और वाणी की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का भव्य एवं विशेष पूजन सम्पन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर कलम एवं पीत पुष्पों द्वारा सहस्त्रार्चन किया गया, जो ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द जी महाराज के परम सान्निध्य में विधिवत संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ-साथ विद्यार्थी बालक-बालिकाओं की विशेष उपस्थिति रही।

### ब्रह्म विद्या, बुद्धि और वाक की अधिष्ठात्री-

पूजन उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द जी महाराज ने कहा कि मां सरस्वती ब्रह्म विद्या, बुद्धि और वाक की अधिष्ठात्री देवी हैं। वह संगीत, कला, वाणी, मातृत्व, आध्यात्मिकता, विद्या, ज्ञान, ग्रंथ, मंत्र, तंत्र तथा नदियों की संरक्षिका हैं। मानव जीवन में विवेक, प्रज्ञा और सद्बुद्धि का विकास मां सरस्वती की कृपा से ही संभव है।

### सरस्वती परम चेतना का स्वरूप-

महाराज श्री ने ऋग्वेद में वर्णित भगवती सरस्वती के मंत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रणो देवी सरस्वती वाजेभिर्वजिनीवती, धीनामणित्रयवतु। उन्होंने इसका भावार्थ स्पष्ट करते हुए बताया कि मां सरस्वती परम चेतना का स्वरूप हैं, जो मनुष्य की बुद्धि, मेधा और मनोवृत्तियों की रक्षा करती हैं। जीवन में जो भी आचार, संस्कार और बौद्धिक क्षमता है, उसका मूल आधार माँ सरस्वती ही हैं।

### कलम ज्ञान, लेखन और वाणी की प्रतीक-

उन्होंने कहा कि कलम से किया गया पूजन विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए अत्यंत फलदायी माना गया है, क्योंकि कलम ज्ञान, लेखन और वाणी की प्रतीक है। बसंत पंचमी का पर्व ज्ञानार्जन, विद्या साधना और आत्मिक उन्नति का संदेश देता है। इस दिन माँ सरस्वती की आराधना से जीवन में अज्ञान का अंधकार दूर होता है और सद्बुद्धि का प्रकाश फैलता है।

### कृपा से आती हैं शुद्धता और कर्म में श्रेष्ठता-

महाराज श्री ने बताया कि मां सरस्वती को वागीश्वरी, शारदा, भगवती और वीणावादिनी जैसे अनेक नामों से जाना जाता है। संगीत की उत्पत्ति का कारण होने से वे संगीत की अधिष्ठात्री देवी भी हैं। उनकी कृपा से ही वाणी में माधुर्य, विचारों में शुद्धता और कर्म में श्रेष्ठता आती है।

### यह रहे उपस्थित-

इस अवसर पर डॉ. मनीष पाण्डेय, पद्मा मेनन, घनश्याम मिश्रा, संजय गुरु, आदर्श तिवारी, ऋषि अग्रवाल, विवेक गुप्ता, विवेक सुहाने, आशीष चौकसे, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, तुलसी अवस्थी, वैभव दुबे, पीयूष दुबे, अंकित दीक्षित, सोनू कुरेले, राहुल मौर्य ,राज गुप्ता, गोविंद साहू, शिव गुप्ता, लकी शर्मा, सुनील गुप्ता, रोहित तिवारी समेत, अभिषेक उपाध्याय, मनोज सेन सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन मां सरस्वती की आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

# शांतम प्रज्ञा आश्रम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई

**जबलपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती 23 जनवरी को शांतम प्रज्ञा आश्रम नशा मुक्ति, मनोआरोग्य एवं दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर नेताजी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर राष्ट्रगान के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आश्रम में उपचाररत नशा पीड़ितों ने नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। आश्रम संचालक एवं क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट मुकेश कुमार सेन ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन साहस, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। उन्होंने 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा' जैसे प्रेरणादायक नारे से देशवासियों को एकजुट किया और आज़ाद हिंद फौज का नेतृत्व किया। कार्यक्रम में नेताजी के विचारों को आत्मसात करने और उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया गया।




# एक परिवार बनेगा हिन्दू समाज, तभी राष्ट्र होगा समर्थः दत्तात्रेय होसबोले

**जबलपुरः** जबलपुर की सुहागी बस्ती में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि जब सम्पूर्ण हिन्दू समाज एक परिवार की भावना से एकजुट होकर कार्य करेगा, तभी राष्ट्र समर्थ बनेगा। उन्होंने कहा कि हिन्दू संस्कृति धरती को माता मानती है और नारी, ज्ञान व समृद्धि की पूजा करती है, किंतु समाज में यदि सुरक्षा के लिए कानूनों की आवश्यकता पड़ती है तो आत्ममंथन और सुधार जरूरी है।सम्मेलन को संबोधित करते हुए संत श्री गिरिशानंद जी महाराज ने कहा कि हिन्दू समाज भगवान का विराट स्वरूप है, जिसमें सभी वर्ग समरसता के साथ जुड़े हैं। डॉ. अमिता सक्सेना ने समाज निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम से पूर्व विशाल बाइक रैली निकाली गई। शुभारंभ गौपूजन, तुलसी पूजन, कन्या पूजन एवं भारत माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन से हुआ। समापन पर सामूहिक भारत माता की आरती एवं भंडारे का आयोजन किया गया। सुहागी बस्ती के नागरिकों की बड़ी सहभागिता रही।



# बसंत पंचमी के अमृत अवसर पर 64 योगिनी मंदिर में ध्वजा पूजन संपन्न



**जबलपुर।** अखिल भारतीय मां नर्मदा चैतन्य महाप्रभु लोक कल्याण समिति जबलपुर द्वारा बसंत पंचमी के पावन पर्व पर सीताराम आश्रम भेड़ाघाट से कड़कड़ाती ठंड में भजन संकीर्तन ढोल नगाड़े, बैंड, बांसुरी के साथ निःशुल्क माघ मास कल्पवास के 20वें दिवस पर महंत बाल योगी कृष्ण दास महाराज एवं साध्वी कल्याणी दासी माताजी, भागवताचार्य पंडित मनमोहन दुबे के सानिध्य में कल्पवासियों (भक्तगणों) ने ध्वज यात्रा लेकर 64 योगिनी माता मंदिर में वैदिक मंत्रों के साथ विधि विधान से ध्वज पूजन कर मैया रानी के पावन स्थल पर ध्वज अर्पित किया। कार्यक्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम मनोहर पटेल ने बताया कल्पवास के दौरान प्रातः कल्पवासियों को चाय, नाश्ता कराया गया। बालभोग सीताराम संकीर्तन द्वारा श्रीमद् भागवत कथा, नर्मदा महापुराण, माघ पूर्णिमा तक प्रयागराज की तर्ज में कल्पवास किया जा रहा है। माघ मास में राम कथा का विशेष महत्व है क्योंकि यह महीना, भगवान विष्णु और कृष्ण को प्रिय है, जिसमें स्नान, दान, जप और तप से पापों का नाश होता है और आध्यात्मिक शक्ति मिलती है। राम कथा इस पवित्र माह के पुण्य को और बढ़ाती है, सत्य, धर्म और सद्भाव का संदेश देती है, मन को शांति और आत्मा को नई ऊर्जा प्रदान करती है, जिससे भक्तगण भगवान राम की भक्ति में लीन होकर मोक्ष का मार्ग प्रशस्त कर पाते हैं। ध्वज पूजन के पश्चात श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा के पावन तट से हरि नाम संकीर्तन किया, साथ ही समिति द्वारा आश्रम में भव्य भंडारे भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम मनोहर पटेल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहित तिवारी, सचिव सुरेश विश्वकर्मा, सहसचिव दीपक तिवारी, सुरेंद्र गिरी गोस्वामी, नितिन चौबे, दुर्गेश कुमार, मनोहर विश्वकर्मा, रोहित पटेल, गणेश विश्वकर्मा, सत्य प्रकाश नामदेव, देवेंद्र नेमा आदि उपस्थित रहे।



# कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि आज मुख्यमंत्री के नाम कमिश्नर जबलपुर संभाग जबलपुर में संयुक्त आयुक्त विकास राजेश दीक्षित को कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु 04 सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर राज्य कर्मचारियों का मंहगाई भत्ता 55 प्रतिशत से बढ़ाकर 58 प्रतिशत किए जाने, राज्य कर्मचारियों को केन्द्र कर्मचारियों की भांति स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ देने, लिपिकीय कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर करनें एवं नवनियुक्त कर्मचारियों की स्टायफंड वेतन व्यवस्था बंद कर नियुक्ति दिनांक से ही 100 प्रतिशत वेतन दिए जाने की मांग को लेकर जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर संगठन के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, हेमन्त ठाकरे, राजेश सहारिया, फिलिप अन्थोनी, एनोस विक्टर, राकेश श्रीवास, दिनेश गोंड़, राजकुमार यादव, सुरेन्द्र चौधरी, क्लेमेन्ट पायस, लालजी प्रसाद, मनमोहन चौधरी, गुडविन चार्ल्स, आदि उपस्थित रहे।

# आहार वही अच्छा, जो जीवन को स्वास्थ्य से भर देः मल्लिका नड्डा

## शासकीय होम साइंस कॉलेज एवं अपोलो हॉस्पिटल के ईट राइट, शाइन ब्राइट का आयोजन

**जबलपुर।** शासकीय मोहनलाल हरगोविंद दास गृह विज्ञान एवं विज्ञान स्वशासी महिला महाविद्यालय में अपोलो हॉस्पिटल के सहयोग से 'ईट राइट, शाइन ब्राइट' स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मल्लिका बनर्जी नड्डा ने कहा कि सबसे अच्छा आहार वही है, जो जीवन को स्वास्थ्य से भर दे। उन्होंने छात्राओं से हीमोग्लोबिन स्तर, संतुलित आहार और मोटे अनाज (मिलेट्स) के महत्व पर संवाद किया।




विशिष्ट अतिथि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष डॉ. सौरभ बड़ेरिया ने जंक फूड से होने वाले नुकसान बताए और अनुशासन को अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी बताया। वक्ताओं ने महिला स्वास्थ्य, सर्वाइकल व ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता और नियमित जांच पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में ब्रिगेडियर (डॉ.) सत्यानंद के.एस.एम. एवं डॉ. विभा श्रीपाल ने आहार और मानसिक स्वास्थ्य के संबंध पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ आहार और अनुशासित जीवनशैली अपनाने के संकल्प के साथ हुआ।

छात्राओं के शैक्षणिक विकास की दिशा में एक बड़ी घोषणा करते हुए डॉ. सौरभ बड़ेरिया ने महाविद्यालय को पाँच स्मार्ट बोर्ड प्रदान करने का संकल्प लिया। प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ल ने छात्राओं के हित में इस मांग को श्रीमती नड्डा के समक्ष रखा था, जिसे सहर्ष स्वीकार कर लिया गया। इस अवसर पर मंच पर अतिथि एवं जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष सीमा सिंह जुग्गी और समन्वयक डॉ. सुनील मिश्र भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन इस सामूहिक संकल्प के साथ हुआ कि स्वस्थ आहार और अनुशासित जीवन ही एक उज्जवल भविष्य का आधार बनेगा।

# स्वच्छता मित्रों को सम्मानित किया



**जबलपुर।** भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट से जबलपुर टीम द्वारा स्वच्छता मित्रों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेश कुमार पांडे एवं कृष्णकांति पांडे रहे, इनकी सहयोगी संभाग अध्यक्ष अनीता दुबे एवं जबलपुर टीम रही। आज का स्वच्छता मित्र सम्मान कार्यक्रम सिद्धबाबा वार्ड रामलीला मैदान में किया गया, इस कार्यक्रम में वार्ड की सफाई करने वाले सभी कर्मचारियों को कम्बल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घमापुर थाना प्रभारी मैडम इंद्रा ठाकुर, एसआई दिनेश गौतम, नगर निगम जॉन अधिकारी, सिद्धबाबा वार्ड की पार्षद वर्षा मुकेश बिरहा, भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट की प्रदेश प्रवक्ता सौंपा शाह चटर्जी रहीं। हमारी टीम द्वारा सभी का स्वागत वंदन मोती की माला, तिलक लगाकर किया गया। इसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्रदेश प्रवक्ता द्वारा संगठन किन-किन विषयों पर कार्य करता है, इस पर प्रकाश डाला गया। आज के कार्यक्रम में टीम के सदस्य एवं पदाधिकारी, प्रदेश प्रवक्ता सौंपा शाह चटर्जी, संभाग अध्यक्ष अनीता दुबे, जिला अध्यक्ष धनराज सोनकर, जिला अध्यक्ष ममता यादव, महामंत्री अर्चना यादव, तहसील अध्यक्ष नीलम गोंटिया, तहसील अध्यक्ष रश्मि केवट, तहसील अध्यक्ष शुभम द्विवेदी, जिला कार्यकारणी सदस्य रेखा पटेल, रेखा रैकवा, आशा गोस्वामी, शिव प्रसाद दुबे, सुरेश कुमार पांडे, कृष्णकांति पांडे उपस्थित रहे।



# एमएस फ़ैशन सिलाई सेंटर का शुभारंभ हुआ

**जबलपुर।** बृजमोहन नगर मांडवा में एमएस फ़ैशन सिलाई सेंटर में निःशुल्क प्रशिक्षण केंद्र का विधिवत रूप से शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर केंद्र के संचालक एवं शिवसेना पूर्व पार्षद ठाणेश्वर महावर ने विधिवत रूप से पूजन अर्चन कर प्रशिक्षण केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमन्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण केंद्र में ठाणेश्वर महावर ने बताया कि 112 महिलाएं प्रशिक्षण निःशुल्क प्राप्त कर रही हैं, शुभारंभ के अवसर पर शिवसेना के वरिष्ठ पदाधिकारी शैलेंद्र बारी भी अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित रहे।

# 56 भोग लगाकर की गोवर्धन पूजा



**जबलपुर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास सामुदायिक भवन बाई का बगीचा में आयोजित विराट श्री शतचंडी महायज्ञ में आज वैदिक मंत्र उच्चारण से श्री दस महाविद्याओं को आहूतियां दी गईं, हवन प्रारंभ हुआ। यज्ञ के मुख्य सूत्रधार गुरुदेव, तपोनिष्ठ, कर्मयोगी, तंत्र साधक श्रीश्री 108 महंत स्वामी कालीनंद महाराज के पावन सानिध्य में श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास साध्वी डॉ. महंत प्रज्ञा भारती ने श्री बाल कृष्ण लीला, कंस वध, गोवर्धन पूजन कर 56 भोग लगाया और कथा प्रसंग कर अमृतमयी वाणी से रसपान कराया। कथा में पूज्य पाद महंत स्वामी बालकदास महाराज गाडरवारा, पूज्य पाद महंत स्वामी रामजी शरणजी महाराज, पूज्य पाद मयंकनाथ महाराज, पूज्य पाद अनूपनाथ महाराज, रामछवि महाराज की पावन उपस्थिति रही। वहीं पूर्व विधानसभा के विधायक लखन घनघोरिया, पार्षद कल्लन गुप्ता ने भी कथा में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित किया। गढ़चिरौली महाराष्ट्र से दिनेश चिकुनवार ने गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वामी कालीनंद जनकल्याण संस्था के मुन्ना पाण्डे, विश्वनाथ सिंह ठाकुर, एड. राकेश तिवारी, विनोद डांगे, आनंद नेमा, संजय बिरहा, विकास महाराज, राजा सोनकर, बलराज सोनकर, डॉ. वैभव सिंह ठाकुर, सजल सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश ठाकुर, मनीष शास्त्री, कुलदीप वर्मा, मुरली चौधरी, सतीश यादव, ने कथा में उपस्थिति की अपील की है।

# पंडित जगन्नाथ बाल मंदिर विद्यालय में बसंतोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**जबलपुर।** आज कान्यकुब्ज सभा भवन में सभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा पंडित जगन्नाथ बाल मंदिर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला, जबलपुर के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती का पूजन अर्चन वंदन किया, बच्चों ने सरस्वती की वंदना सुंदर नृत्य के द्वारा की, साथ ही संगीत की शिक्षिका सौम्या त्रिपाठी मिश्रा द्वारा आरती गायन एवं नर्मदा स्तुति की गई। विभिन्न प्रकार के प्रसाद मिठाई का भोग लगाकर बच्चों में वितरित किए गए। शाला प्राचार्य विजयलक्ष्मी, सौम्या त्रिपाठी, निर्मला चौकसे, विजेता मिश्रा, पूनम मिश्रा, पार्वती नायक, सुमन साहू, आकृति शिक्षिकाओं ने सभा सदस्यों के साथ सरस्वती पूजन किया जिसमें डॉ. आशा पांडे, नमिता त्रिपाठी, गिरीश अवस्थी, सतीश अवस्थी पाठक, डॉ. अरुण मिश्रा, सुषमा त्रिपाठी, अल्का मिश्रा, रेखा मिश्रा सहभागी रहे। सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल के बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई और तरह तरह के नृत्य करने लगे। कार्यक्रम के अतिथिगण एवं स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाओं ने भी भरपूर आनंद उठाया एवं कार्यक्रम की सराहना की।




**नाम सुधार सूचना**

मैं फखरूद्दीन फखर Fakhrdduin Fakhar आयु 58 वर्ष पिता स्व. श्री कमरूद्दीन फखर निवासी- 495, बोहरा गली, जवाहरगंज वार्ड 22. जबलपुर (म.प्र.) में शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि 1. यह कि, मैं उपरोक्त पते पर स्थायी रूप से निवासरत हूँ ।2. यह कि, मेरा पासपोर्ट क्र. J6558941 वैधता दिनांक 17.05.2021 है अपने पासपोर्ट को बेरीफिकेशन करवाना चाहता हूँ। जिसमें मेरा नाम फखरूद्दीन Fakhrdduin दर्ज है जो अधूरा नाम है। जबकि मेरा वास्तविक नाम फखरूद्दीन फखर Fakhrdduin Fakhar सही नाम है। 3. यह कि, मेरा आधार कार्ड नं. 81599348 0876 पेनकार्ड नं. ABHPF0807A वोटर आई डी नं. XAJ0028613 मुझे भारतीय नागरिकता प्राप्त है मैं जबलपुर में जन्म से निवासरत हैं। 4. यह कि मेरे विरुद्ध जबलपुर अथवा भारत वर्ष के किसी भी न्यायालय / थाने में कोई भी आपराधिक प्रकरण दर्ज / लंबित / पंजीबद्ध नहीं है । 5. यह कि, और ना ही मुझे किसी भी न्यायालय द्वारा दंडित किया गया है न ही मुझे किसी भी न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया है। 6. यह कि, अब मुझे फखरुद्दीन Fakhrdduin के स्थान पर फखरूद्दीन फखर Fakhrdduin Fakhar के नाम से जाना एवं पहचाना जाये ।

जबलपुर, दिनांक- 22.01.2026

शपथकर्ता
Fakhrdduin Fakhar

**नाम सुधार सूचना**

मैं फातेमा फखर Fatema Fakhar आयु 50 वर्ष पति श्री फखरुद्दीन फखर Fakhrdduin Fakhar निवासी 495, बोहरा गली, जवाहरगंज वार्ड 22, जबलपुर (म.प्र.) में शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ कि 1. यह कि, मैं उपरोक्त पते पर स्थायी रूप से निवासरत हूँ ।2. यह कि, मेरा पासपोर्ट क्र. 19940650 वैधता दिनांक 08.12.2021 है अपने पासपोर्ट को बेरीफिकेशन करवाना चाहती हूँ। जिसमें मेरा नाम फातेमा Fatema दर्ज है जो अधूरा नाम है। जबकि मेरा वास्तविक नाम फातेमा फखर Fatema Fakhar सही नाम है। 3. यह कि, मेरा आधार कार्ड नं. 60945125 7046 पेनकार्ड नं. AFPPF 2905P वोटर आई डी नं. XAJ0028621 मुझे भारतीय नागरिकता प्राप्त है मैं जबलपुर में जन्म से निवासरत हूँ । 4. यह कि मेरे विरुद्ध जबलपुर अथवा भारत वर्ष के किसी भी न्यायालय / थाने में कोई भी आपराधिक प्रकरण दर्ज / लंबित / पंजीबद्ध नहीं है। 5. यह कि, और ना ही मुझे किसी भी न्यायालय द्वारा दंडित किया गया है न ही मुझे किसी भी न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया है। 6. यह कि, अब मुझे फातेमा Fatema के स्थान पर फातेमा फखर Fatema Fakhar के नाम से जाना एवं पहचाना जाये ।

जबलपुर, दिनांक- 22.01.2026

शपथकर्ता
Fatema Fakhar

**नाम सुधार सूचना**

मैं शब्बीर फखर Shabbir Fakhar आयु 20 वर्ष पिता श्री फखरूद्दीन फखर Fakhrdduin Fakhar निवासी - 495, बोहरा गली, जवाहरगंज वार्ड 22, जबलपुर (म.प्र.) में शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि 1. यह कि, मैं उपरोक्त पते पर स्थायी रूप से निवासरत हैं। 2. यह कि, मेरा पासपोर्ट क्रं. J7999142 वैधता दिनांक 17.12.2016 है अपने पासपोर्ट को बेरीफिकेशन करवाना चाहता हूँ। जिसमें मेरा नाम शब्बीर Shabbir दर्ज है जो अधूरा नाम है। जबकि मेरा वास्तविक नाम शब्बीर फखर Shabbir Fakhar सही नाम है। 3. यह कि, मेरा आधार कार्ड नं. 517097358709 मुझे भारतीय नागरिकता प्राप्त है मैं जबलपुर में जन्म से निवासरत हूँ । 4. यह कि मेरे विरुद्ध जबलपुर अथवा भारत वर्ष के किसी भी न्यायालय थाने में कोई भी आपराधिक प्रकरण दर्ज/लंबित/पंजीबद्ध नहीं है। 5. यह कि, और ना ही मुझे किसी भी न्यायालय द्वारा दंडित किया गया है न ही मुझे किसी भी न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया है। 6. यह कि, अब मुझे शब्बीर Shabbir के स्थान पर शब्बीर फखर Shabbir Fakhar के नाम से जाना एवं पहचाना जाये ।

जबलपुर, दिनांक- 22.01.2026

शपथकर्ता
Shabbir Fakhar

**न्यायालय तहसीलदार**
**तहसील आधारताल, जबलपुर**
रा.प.क./1504/6/2025-2026
जबलपुर, दिनाक 21/1/26
**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति विमलेश साहू अन्य पति श्री कुंजीलाल साहू निवासी 1141/4 जयप्रकाश नगर अधारताल जबलपुर के द्वारा मौजा जबलपुर नजूल ब्लॉक नंबर/प्लॉट नंबर 16,17/1स्थित भूमि खसरा नंबर 37 में से रकबा 2955 वर्गफुट भूमि पर प्यारेलाल, कुंजीलाल आत्मज बारेलाल साहू अन्य की मृत्यु दिनांक 16/6/87 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/फौती/वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज सलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 6/2/26 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकती है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-21/1/26
पेशी दिनांक-6/2/26

सील

तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर

**CHANGE OF NAME**

I, Army No. 15383469X Rank EX-HAV Name SUSHIL GAUTAM S/O MUNI LAL GAUTAM resident of H NO. 31/1, NEAR POPULAR BREAD FACTORY, TILHARI, JABALPUR (MP)- 482020 AADHAR CARD NO. 7642 8417 4638 I, have changed name of my DAUGHTER, from DIKSHA (name as per my ARMY SERVICE RECORDS) to DIKSHA GAUTAM (name as per my DAUGHTER, AADHAR CARD NO. 6743 3920 5904 AND PAN CARD NO. EMAPG2007M) vide affidavit dated 23/01/2026 formerly before Public Notary JABALPUR (MP)

CORRECT NAME-DIKSHA GAUTAM
INCORRECT NAME-DIKSHA

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS **PROMOD CHANDRA** I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS **PROMOD CHANDRA SHARMA** S/O MUKUND DEVA SHARMA RESIDEND OF- HIG NO. 9, NEHARU WARD, HOUSING BOARD COLONY, MURWARA, KATNI (M.P.) 483504.

77AA 594431

# बाइस हजार नेत्रहीनों को मिली नेत्र ज्योति





**मुंबई।** रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर चेयरपर्सन नीता अंबानी ने नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (एनएबी) के 75वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुई। यह अवसर केवल एक संस्था की गौरवशाली यात्रा का उत्सव नहीं था, बल्कि एनएबी इंडिया और रिलायंस फाउंडेशन दृष्टि के बीच पिछले 22 वर्षों से चली आ रही मजबूत, संवेदनशील और प्रभावी साझेदारी के पूर्ण होने का भी प्रतीक बना।

इस अवसर पर आयोजित समारोह में देशभर से सामाजिक कार्यकर्ता, चिकित्सक, दृष्टिबाधित लाभार्थी, कॉरपोरेट प्रतिनिधि एवं स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दृष्टिबाधित व्यक्तियों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को साझा करना तथा भविष्य की योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत करना था।रिलायंस फाउंडेशन दृष्टि और एनएबी इंडिया की यह साझेदारी अब तक 22,000 से अधिक जरूरतमंद लोगों को नेत्र-ज्योति लौटाने में सफल रही है। इस पहल के अंतर्गत देश के विभिन्न हिस्सों में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर, अत्याधुनिक तकनीक से युक्त नेत्र शल्य चिकित्सा, परामर्श सेवाएं, पुनर्वास कार्यक्रम तथा जागरूकता अभियान संचालित किए जा रहे हैं।श्रीमती नीता अंबानी ने अपने संबोधन में कहा कि "दृष्टि केवल आंखों से देखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन को नए अवसरों, आत्मविश्वास और सम्मान के साथ जीने की शक्ति प्रदान करती है। जब किसी व्यक्ति को दोबारा देखने की क्षमता मिलती है, तो उसका पूरा संसार बदल जाता है।" उन्होंने एनएबी जैसी संस्थाओं की भूमिका को समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि यह साझेदारी मानवीय संवेदनाओं और तकनीकी सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने यह भी कहा कि रिलायंस फाउंडेशन का उद्देश्य केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि दृष्टिबाधित व्यक्तियों को शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना भी है। इसी दिशा में 'दृष्टि' पहल के माध्यम से पुनर्वास, प्रशिक्षण और समावेशी विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एनएबी इंडिया के पदाधिकारियों ने भी रिलायंस फाउंडेशन के सहयोग को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस सहयोग से लाखों परिवारों में खुशियां लौटी हैं। जिन लोगों ने वर्षों तक अंधकार में जीवन बिताया, वे आज आत्मविश्वास के साथ पढ़-लिख रहे हैं, काम कर रहे हैं और समाज की मुख्यधारा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। समारोह के अंत में लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस पहल ने न केवल उनकी दृष्टि लौटाई, बल्कि उन्हें एक नया जीवन, नई पहचान और आत्मसम्मान भी दिया है। यह साझेदारी आज सामाजिक उत्तरदायित्व, करुणा और सेवा भावना का एक प्रेरक मॉडल बन चुकी है, जो आने वाले वर्षों में और अधिक लोगों के जीवन को रोशन करने की दिशा में निरंतर अग्रसर है।





## मोटोरोला ने लॉन्च किया अल्ट्रा-प्रीमियम फ्लैगशिप स्मार्टफोन 'मोटोरोला सिग्नेचर'

**नई दिल्ली।** मोटोरोला ने भारत में अपना नया अल्ट्रा-प्रीमियम फ्लैगशिप स्मार्टफोन मोटोरोला सिग्नेचर लॉन्च किया है, जिसकी कीमत 54,999 रखी गई है। यह स्मार्टफोन डीएक्सओमार्क गोल्ड लेबल सर्टिफिकेशन के साथ आता है और 100,000 रुपये से कम के सेगमेंट में भारत का नंबर 1 कैमरा फोन बताया जा रहा है।फोन में ट्रिपल 50MP सोनी लिटिया कैमरा सिस्टम, 8K वीडियो रिकॉर्डिंग, 100x सुपर जूम, और एडवांस्ड moto AI व गूगल AI फीचर्स दिए गए हैं। इसमें स्नैपड्रैगन 8 जेन 5 प्रोसेसर, 16GB RAM, 1TB स्टोरेज, 6.8-इंच एक्सट्रीम एमो एलइडी डिस्प्ले और 165Hz रिफ्रेश रेट शामिल है। लग्ज़री डिजाइन के साथ यह फोन भारत का पहला स्मार्टफोन है जो सिग्नेचर क्लब प्रिविलेज सर्विस के साथ आता है, जिसमें ट्रैवल, लाइफस्टाइल और कंसीयर्ज सेवाएं मिलती हैं। इसके साथ मोटोरोला ने पोलार की सहयोग से बनी घड़ी भी लॉन्च की है। मोटोरोला इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर टी.एम. नरसिम्हन के अनुसार, यह लॉन्च भारत में अल्ट्रा-प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट के लिए नया बेंचमार्क स्थापित करेगा।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने नई कुशाक पेश की

**जबलपुर।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में अपनी अपडेटेड एसयूवी नई कुशाक पेश की है। यह मॉडल यूरोपियन टेक्नोलॉजी को भारतीय सड़कों के लिए आसान और किफायती बनाने की ब्रांड की रणनीति को आगे बढ़ाता है। नई कुशाक को इजी टू लव थीम के साथ पेश किया गया है, जिसमें डिजाइन, ड्राइविंग, सेफ्टी और ओनरशिप एक्सपीरियंस पर खास जोर दिया गया है। नई कुशाक में मॉडर्न सॉलिड डिजाइन, मोंटे कार्लो बैज, सभी वैरिएंट्स में टर्बोचार्ज्ड इंजन और असली ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन की रेंज दी गई है। सेगमेंट में पहली बार 1.0 टीएसआई इंजन के साथ 8-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक, पैनोरमिक सनरूफ और रियर सीट मसाज फंक्शन जैसे फीचर्स शामिल किए गए हैं। सेफ्टी के लिहाज से, कार 5-स्टार ग्लोबल एनसीएपी रेटिंग के साथ आती है और सभी वैरिएंट्स में छह एयरबैग सहित 25 से अधिक सेफ्टी फीचर्स स्टैंडर्ड हैं। स्कोडा सुपर केयर पैकेज के तहत 4 साल की वॉरंटी, रोडसाइड असिस्टेंस और 4 फ्री सर्विस भी दी जा रही हैं। नई कुशाक की बुकिंग 15,000 में शुरू हो चुकी है और डिलीवरी मार्च 2026 के अंत तक शुरू होगी।



# कब्र से रिश्तेदारों के कंकाल निकालकर उनके साथ नाचते हैं यहां के लोग

एंटानानारिवो। दुनिया में कुछ परंपराएं ऐसी हैं जो हैरान भी करती हैं और सोचने पर मजबूर भी। मेडागास्कर की एक रस्म में लोग जरे हुए अपनों को कब्र से निकालकर उनके साथ नाचते हैं। यहां मौत का मतलब विदाई नहीं, बल्कि दोबारा मिलना है। मेडागास्कर के मालगासी समुदाय में एक अनोखी और रहस्यमयी परंपरा निभाई जाती है, जिसे फामादीहाना कहा जाता है। इस रस्म में परिवार वाले अपने पूर्वजों की कब्र खोलते हैं, उनके अवशेषों को नए रेशमी कफन में लपेटते हैं और संगीत के साथ नाचते गाते हैं। यहां मौत को अंत नहीं माना जाता। लोगों का भरोसा है कि पूर्वजों की आत्माएं आसपास ही रहती हैं और समय-समय पर अपनों से मिलने धरती पर लौटती हैं।

## रोंगटे खड़े कर देने वाली अजीबोगरीब परंपरा

### बीमारी और बहस के बीच परंपरा

2017 में प्लेग फैलने के बाद सरकार ने कुछ नियम बनाए, खासकर संक्रामक बीमारी से मरने वालों की कब्रें न खोलने को कहा गया। बावजूद इसके कई लोग आज भी इस परंपरा को निभाते हैं। उनका कहना है कि यह डर नहीं, बल्कि मोहब्बत की रस्म है। यह परंपरा बताती है कि हर संस्कृति मौत को अलग नजर से देखती है। कहीं मातम है तो कहीं जश्न। यह खबर दुनिया की विविध सोच और इंसानी रिश्तों की गहराई को दिखाती है। फामादीहाना डरावनी लग सकती है, लेकिन मालगासी लोगों के लिए यह यादों, इज्जत और मोहब्बत का त्योहार है। शायद यही वजह है कि सदियों बाद भी यह रस्म जिंदा है।



### कब्रिस्तान में संगीत और जश्न

फामादीहाना हर पांच से सात साल में मनाई जाती है। इस दौरान कब्रिस्तान किसी त्योहार जैसा लगने लगता है। ढोल बजते हैं, लोग नाचते हैं, खाना पकता है और अपनों से बातें की जाती हैं, जैसे वे अभी भी साथ हों। पर्यटकों के लिए यह नजारा चौंकाने वाला होता है। यहां उंगली से इशारा करना भी मना है, क्योंकि माना जाता है कि इससे आत्माएं नाराज हो सकती हैं।



# समुद्र में समा जाएगा भारत का ये हिस्सा! करोड़ लोगों के पैरों तले खिसक रही है जमीन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गंगा-ब्रह्मपुत्र डेल्टा, जहां दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी रहती है, वह धीरे-धीरे पानी में डूब रहा है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अगर यह सिलसिला जारी रहा तो लगभग 23 करोड़ लोगों की जान और घर खतरे में पड़ सकते हैं। यह एक बहुत बड़ी कुदरती आपदा साबित हो सकती है। एक नई रिपोर्ट में हैरान करने वाली बात सामने आई है, जिसमें बताया गया है कि दुनिया की कई बड़ी नदियों के डेल्टा बहुत तेजी से नीचे धंस रहे हैं। इनके डूबने की रफ्तार का जलस्तर बढ़ने की रफ्तार के बराबर या उससे भी कहीं ज्यादा तेज है।



### क्या पूरा इलाका एक साथ डूब रहा है?

वैज्ञानिकों का कहना है कि पूरा डेल्टा एक जैसा नहीं धंस रहा है, हालांकि इसमें कुछ अंतर है। जहां नदियों से अब भी भरपूर मिट्टी आ रही है वे इलाके थोड़े मजबूत और स्थिर हैं। वहां जमीन उतनी तेजी से नीचे नहीं जा रही।

### समुद्र से भी ज्यादा तेजी से नीचे जा रही है जमीन

सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि गंगा-ब्रह्मपुत्र डेल्टा की जमीन समुद्र का स्तर बढ़ने की तुलना में कहीं ज्यादा तेजी से नीचे धंस रही है। वहां रहने वाले लोगों के लिए समुद्र का पानी उतनी तेजी से ऊपर नहीं आ रहा जितनी तेजी से उसकी जमीन नीचे जा रही है। इसका मतलब है कि पूरा इलाका बहुत जल्द समुद्र में समा सकता है। अब वहां पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा बार बाढ़ आएगी।

### क्यों डूब रहा है गंगा-ब्रह्मपुत्र डेल्टा?

वैज्ञानिकों की रिसर्च से पता चला है कि इस इलाके के डूबने की 2 बड़ी वजहें हैं। यह डेल्टा नदियों द्वारा लाई गई नरम मिट्टी से बना है। हजारों सालों से जमा मिट्टी धीरे-धीरे दबती है और नीचे धंसती है जो एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। अब इंसान अपनी गतिविधियों से इस प्राकृतिक प्रक्रिया को और भी ज्यादा तेज कर रहा है।

### इंसानों की किन गलतियों से डूब रही है जमीन?

इंसान पीने और खेती के लिए जमीन के अंदर से बहुत ज्यादा पानी निकाल रहे हैं। इससे जमीन के अंदर की परतें पिचक जाती हैं और ऊपर की जमीन नीचे धंसने लगती है। शहरों का तेजी से बढ़ना, भारी मशीनें, बड़ी इमारतें और नदियों के किनारे बने बांध इस कमजोर जमीन पर बहुत ज्यादा दबाव डाल रहे हैं। पहले यहीं मिट्टी डेल्टा में जमा होकर उसे ऊंचा बनाए रखती थी।

## समुद्र में खौलता पानी और उठते बुलबुले! गुजरात-महाराष्ट्र तट पर खलबली

**नई दिल्ली।** गुजरात और महाराष्ट्र के पालघर के पास समुद्र में पानी अचानक खौलता हुआ देखा गया है। प्रशासन ने तुरंत ही इसकी जांच के आदेश दिए हैं और कुछ समय के लिए मछुआरों को इससे दूर रहने की चेतावनी दी गई है। गुजरात में समुद्र के पास अचानक उबलने जैसी हलचल दिखने के बाद महाराष्ट्र के पालघर जिले में मछुआरों और अधिकारियों को सावधान कर दिया गया है। मछुआरों ने कुछ ऐसे वीडियो बनाए हैं, जिनमें समुद्र का पानी किसी खौलते हुए बर्तन की तरह उबलता और बुलबुले छोड़ता दिख रहा है।

इस अजीब घटना को देखकर आपदा प्रबंधन की टीम चौकन्नी हो गई है और तुरंत ही जांच शुरू कर दी गई है। वैज्ञानिक पता लगा रहे हैं कि यह हलचल आखिर क्यों हो रही है। उन्हें शक है कि शायद समुद्र के नीचे कोई गैस लीक हो रही है या कोई पाइपलाइन फट गई है। वैज्ञानिकों ने बताया कि, समुद्र में दिख रही यह हलचल बहुत ही अजीब है और इस पर तुरंत बड़े समुद्री एक्सपर्ट को ध्यान देने की जरूरत है। यह इलाका जहाजों के आने-जाने और मछली पकड़ने के लिए बहुत खास है, इसलिए चिंता और बढ़ गई है। जिस जगह पर यह घटना हुई वह समुद्री रास्तों के बहुत करीब है, जिससे जहाजों के टकराने का डर है। समुद्र की गहराई में जमीन के नीचे से प्राकृतिक रूप से मीथेन गैस निकल सकती है।

## सोनी मैक्स पर 'महाअवतार नरसिम्हा' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर आज





**मुंबई।** सोनी मैक्स शनिवार, 24 जनवरी को रात 8 बजे भारतीय पौराणिक कथाओं पर आधारित अवॉर्ड-विनिंग एनिमेटेड फिल्म 'महाअवतार नरसिम्हा' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर करने जा रहा है। समीक्षकों द्वारा सराही गई यह फिल्म भगवान नरसिम्हा की दिव्य कथा को भव्य एनीमेशन और भावनात्मक कहानी के माध्यम से प्रस्तुत करती है। फिल्म के निर्देशक अश्विन कुमार के अनुसार, कहानी की आध्यात्मिक गहराई और भावनाओं को जीवंत बनाने में वॉइस परफॉर्मेंस की अहम भूमिका रही है। बच्चों, परिवारों और पौराणिक कथाओं में रुचि रखने वाले दर्शकों के लिए यह फिल्म बुराई पर अच्छाई की जीत का सशक्त संदेश देती है।

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद–विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान–सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार–चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता

# शौक बड़ी चीज है! डेढ़ लाख का घोड़ा एक हजार रुपए प्रतिदिन का खर्च!



**जहानाबाद।** घोड़ा पालना बहुत लोगों का शौक होता है। कुछ लोगों का मानना है कि घोड़ा से चलने में सड़क पर जो आनंद आता है, गाड़ी में वो कहां? बस इन्हीं सोच को ले बिहार के जहानाबाद जिला निवासी श्याम सुंदर सिंह 12 साल से घोड़ा पाल रखे हैं। अभी उनके पास 150000 का राजस्थानी नस्ल का घोड़ा है। वो भी 15 महीने का बच्चा था तभी लेकर आए थे। अभी 4 साल का हो रहा है। उनका कहना है कि हम अभी इसके खाने में रोजाना करीब 1000 खर्च करते हैं। घर में गाय नहीं है, फिर भी बाहर से 2 लीटर दूध मंगाते हैं और रोज पिलाते हैं। इसके अलावा चना, बादाम और किशमिश भी खिलाते हैं। इसके अलावा भी इसका जो खाना है, रोज खिलाते हैं, उसमें चना, चोकर, दाना, जौ और भूसा खिलाते हैं। गुड़ भी खिलाना पड़ता है। वहीं, हर दिन मालिश होना ही होना है। सुबह-सुबह मालिश करना पड़ती है।इस घोड़े ने कई बार पुरस्कार भी दिलाया है। हाल ही में तेल्हारा में घोड़ा दौड़ प्रतियोगिता हुई थी, उसमें यह घोड़ा अवॉर्ड पाया था। इसके अलावा भी कई अन्य अवसर पर हमारा घोड़ा अवॉर्ड जीत चुका है।

**खाता है चना बादाम और किशमिश**

### शौक कैसे बन गया हकीकत

दरअसल, श्याम सुंदर सिंह, जहानाबाद के घोसी थाना क्षेत्र स्थित महमदपुर गांव के रहने वाले हैं। वो पेशे से किसान हैं। खेती बाड़ी करते हैं और उसी से उनका घर परिवार चलता है। हालांकि, इन सबके बावजूद श्याम सुंदर सिंह को घोड़ा पालने का शौक है। श्याम सुंदर ने कहा कि वैसे बचपन में सिर्फ टीवी या तस्वीरों में इस प्रकार की चीजें देखा करते थे। उसी वक्त से यह दिमाग में चलने लगा कि हम भी घुड़सवारी करेंगे।

### कब और कितने में खरीदा घोड़ा

श्याम सुंदर बताते हैं, 'इन्हीं उम्मीद के साथ आगे बढ़ते रहे। 2015 में आखिरकार सपना साकार हुआ और घोड़ा घर लेकर आए। उस वक्त आइडिया नहीं था। हालांकि, धीरे-धीरे घुड़सवारी भी सीख लिया। लगभग 12 साल होने को है। तीसरा घोड़ा अभी हमारे पास है। हमारे यहां राजस्थान वाला तेलिया कुमैद नस्ल का घोड़ा है। इसे हम 150000 में खरीदकर लाए थे और उस वक्त करीब 15 महीने का था। अब यह लगभग 4 साल का हो गया है।'


**आवश्यकता**

आवश्यकता है - सुरक्षागार्ड, गनमैन, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड ऑफिसर कामवाली बाई। वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री। पता- श्रीसांई सिक्युरिटी सर्विस, सांई निवास कॉम्प्लेक्स, जेजे हॉस्पिटल के बाजू में तोरवा बिलासपुर 9301186703, 8253010291 (रायपुर/03/फरवरी 25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330


## शब्द पहेली - 6118

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | | ■ | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | | ■ | | ■ | ■ | |
| 11 | | 12 | | ■ | ■ | 13 | ■ | 14 | 15 | |
| | ■ | | ■ | 16 | | | | ■ | | ■ |
| ■ | 17 | | ■ | | ■ | | ■ | 18 | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | | ■ | | ■ | 20 |
| 21 | | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | | |
| | ■ | ■ | 23 | ■ | 24 | | | ■ | ■ | |
| 25 | 26 | ■ | 27 | | | ■ | | ■ | 28 | |
| ■ | 29 | | | ■ | ■ | 30 | | | | |

**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

### शब्द पहेली- 6117 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | हा | भा | र | त | ■ | प | र | वा | ना |
| त | न | ■ | स्क | ■ | मा | हि | र | ■ | र | ग |
| न | ■ | त | र | क | श | ■ | ख | र | ■ | वा |
| ब | न्ध | क | ■ | ■ | बी | वी | ■ | न | ज | र |
| द | ■ | दी | ■ | दा | न | ■ | फां | ■ | ल | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | न | सी | ब | वा | ला |
| ■ | रु | ■ | दी | ■ | म | न | ■ | च | ■ | प |
| श | री | र | ■ | जं | हा | ■ | ■ | प | गा | र |
| रा | ■ | न | म | ■ | सा | ग | वा | न | ■ | वा |
| फ | ल | ■ | स | ज | ग | ■ | च | ■ | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | ■ | र | द्द | क | र | ना | ■ |

## सूडोकु बवाल - 6128

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु बवाल- 6127 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

MANGAL SENAOHA, BANGALORE



# धुरंधर की तरह खाड़ी देशों में बैन हो सकती है बार्डर- 2

**मुंबई।** बॉर्डर 2 इस हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो शुक्रवार, 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। यह फिल्म जे.पी. दत्ता की 1997 की ब्लॉकबस्टर 'बॉर्डर' का अगला पार्ट है, जो इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है और शुरुआती बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से यह बात साबित भी हो जाती है। हालांकि, सनी देओल की इस फिल्म से भारत में अच्छी शुरुआत की उम्मीद है, लेकिन खबरों के मुताबिक यह यूएई सहित खाड़ी देशों के सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होगी। 'बॉर्डर 2' को बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में अभी तक रिलीज की इजाजत नहीं मिली है।



## लाइफ Style

# मृणाल

## एक्शन फिल्म डकैत की शूटिंग खत्म

एजेंसी ▶▶ मुंबई

डकैत साल 2026 की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल है। अब अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। मृणाल ठाकुर इस वक्त व्यस्त अभिनेत्रियों में से एक हैं। मृणाल बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की फिल्मों में सक्रिय हैं।

अब अभिनेत्री जल्द ही आदिवि शेष के साथ फिल्म डकैत में नजर आएंगी। टीजर जारी होने के बाद से फैंस इस फिल्म के लिए काफी उत्साहित हैं। अब अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। इसकी जानकारी मेकर्स की ओर से दी गई है। फिल्म की प्रोडक्शन टीम की ओर से मृणाल ठाकुर के शूटिंग पूरी करने की जानकारी दी गई। इसको लेकर मेकर्स की ओर से एक्स पर एक पोस्ट किया गया। इस पोस्ट में मृणाल की आदिवि शेष और फिल्म की बाकी टीम के साथ तस्वीरें साझा की गईं। इसके साथ ही कैप्शन में लिखा गया, 'मृणाल ठाकुर ने अपनी आगामी ड्रामा फिल्म डकैत की शूटिंग पूरी कर ली गई है। बेहद रोमांचक शेड्यूल के बाद फिल्म की शूटिंग पूरी हुई। डकैत के 19 मार्च को हिंदी और तेलुगु में भव्य वर्ल्डवाइड रिलीज के लिए पूरी तैयारी चल रही है।' इस एक्शन-ड्रामा फिल्म का निर्देशन शेनिल देव ने किया है। फिल्म का टीजर सामने आने के बाद फैंस ने इसे काफी पसंद किया था। टीजर के बाद फिल्म की कहानी को लेकर फैंस और भी उत्सुक हो गए हैं। खासकर अनुराग कश्यप के किरदार को लेकर। अनुराग फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आएंगे।

## हॉलीवुड मसाला



# बड़े से छोटे पर्दे तक पर जमाई धाक

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में जन्मे केविन माइकल कॉस्टनर हॉलीवुड के उन अभिनेताओं में गिने जाते हैं, जिन्होंने स्टारडम को शोर-शराबे के बजाय काम की गंभीरता से हासिल किया। वे अभिनेता, निर्देशक और निर्माता- तीनों रूपों में सफल रहे हैं और चार दशकों से अधिक समय से अमेरिकी सिनेमा का अहम चेहरा बने हुए हैं। टीवी सीरीज 'येलोस्टोन' में जॉन डटन की भूमिका ने उन्हें नई पीढ़ी के दर्शकों से जोड़ा और साबित किया कि उम्र अभिनय की गहराई को और मजबूत बनाती है।



# प्रियंका के गाने पर डोसा खाकर बनाई रील...

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा का गाना साजन-साजन-साजन काफी ट्रेंड में है। अब इस पर निक जोनस ने एक रील बनाई है जिस पर उनकी खूब तारीफ की जा रही है। लोग उन्हें फेवरिट जीजू लिख रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा के पति अपनी क्यूट हरकतों की वजह से अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। अब उन्होंने इंस्टाग्राम का एक ट्रेंड पकड़कर ऐसा वीडियो बनाया है जिस पर उनको खूब प्यार मिल रहा है। इस वीडियो में निक डोसा खाते दिख रहे हैं। साथ में प्रियंका का एक गाना बज रहा है। निक एकदम मस्त मूड में दिख रहे हैं उनका वीडियो देखकर किसी के भी चेहरे पर स्माइल आ जाएगी। इस क्लिप के कमेंट सेक्शन में निक को खूब प्यार मिल रहा है।



# नयनतारा ने की मर्दानी-3 के ट्रेलर की तारीफ

**मुंबई।** रानी मुखर्जी अपनी अपकमिंग फिल्म 'मर्दानी 3' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। इसे दर्शकों ने खूब पसंद किया है। फिल्म के ट्रेलर को साउथ की मशहूर एक्ट्रेस नयनतारा ने देखा है और इसकी तारीफ की है। उन्होंने इसका ट्रेलर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर भी शेयर किया है। 'मर्दानी 3' के ट्रेलर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए नयनतारा ने लिखा 'सिर्फ एक ही रानी है, वह है रानी मुखर्जी। यह ट्रेलर वाकई आग लगाने वाला है। आपकी तरह कोई नहीं है। मैं इस फिल्म का इंतजार कर रही हूं।' इसके साथ उन्होंने दिल और फायर वाला इमोजी बनाया है। फिल्म 'मर्दानी 3' रानी मुखर्जी की मशहूर फिल्म सीरीज 'मर्दानी' का तीसरा पार्ट है। इस फिल्म में रानी एक निडर पुलिस ऑफिसर शिवानी शिवाजी रॉय के रोल में वापस आ रही हैं।




# डरावने अंदाज में दिखे जावेद...

**मुंबई।** फिल्म तुम्बाड़ फेम डायरेक्टर की नई फिल्म मायासभा का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इसमें कॉमेडी में रंग जमाने वाले जावेद जाफरी बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म का ट्रेलर उनके फैंस को हैरान करता है। बुधवार को फिल्म 'मायासभा'का ट्रेलर सामने आया। यह ट्रेलर 'तुम्बाड़' की तरह की फैंस को हैरान करता है। जानिए, क्या खास है इस फिल्म के ट्रेलर में? बुधवार को तुम्बाड़ जैसी हॉरर-थ्रिलर बनाने वाले डायरेक्ट राही अनिल बर्वे की नई फिल्म मायासभा का ट्रेलर रिलीज हुआ। यह भी थ्रिलर, हॉरर से भरी है। ट्रेलर में जावेद जाफरी का अंदाज हैरान करता है। अब तक अपनी कॉमेडी से हंसाने वाले जावेद जाफरी महासभा में काफी डरावने लग रहे हैं। उनका किरदार नेगेटिव है। यह फिल्म 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## टीवी मसाला



# स्वरागिनी से मिली पॉपुलैरिटी 2016 में आया था सीरियल

**मुंबई।** टीवी की मशहूर एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश मनोरंजन जगत में काफी समय से काम कर रही हैं। मंगलवार को तेजस्वी ने पुराने दिनों को याद किया। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में तेजस्वी अपने पुराने सीरियल के किरदार में नजर आ रही हैं। कुछ फोटोज में वे अपने उस समय के लुक में दिख रही हैं, तो कुछ में वे अपने दोस्तों और साथी कलाकारों के साथ नजर आ रही हैं। वहीं, कुछ तस्वीरें फोटोशूट की हैं, जहां वे स्टाइलिश और ट्रेंडी कपड़ों में पोज दे रही हैं। ये तस्वीरें उनके सफर की शुरुआत को दर्शाती हैं, जब वे टीवी स्क्रीन पर पहली बार दर्शकों के सामने आई थीं। तस्वीरें शेयर कर तेजस्वी ने लिखा, '2016 मेरा दिल है और हमेशा ऐसा ही रहेगा।' फैंस उनकी तस्वीरों को देखते ही ढेर सारे लाइक और कमेंट्स कर रहे हैं। वहीं, कई यूजर्स तरह तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। उन्होंने टीवी शो '2612' से डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने रश्मि भार्गव का किरदार निभाया था, लेकिन उन्हें असली पहचान कलर्स टीवी के शो 'स्वरागिनी' 'में रागिनी के किरदार से मिली थी। इसके बाद 2018 में वे 'कर्ण संगिनी'और 'सिलसिला बदलते रिश्तों'का में भी नजर आईं। तेजस्वी प्रकाश 2017 में सोनी टीवी के टीवी सीरियल 'पहरेदार पिया की'में दीया सिंह के तौर पर मुख्य भूमिका में नजर आई थीं, लेकिन बाल विवाह केंद्रित कहानी होने के कारण प्रसारण के कुछ दिन बाद ही सीरियल विवादों में घिर गया था।

## 'ये रिश्ता' से मिला था खूब पैसा : हिना

**नई दिल्ली।** टीवी की टैलेंटेड एक्ट्रेस हिना खान ने अपने करियर और कमाई को लेकर हाल ही में एक बड़ा खुलासा किया है। हिना इंडस्ट्री में



अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। 1 ही शो से उन्होंने जो सफलता हासिल की है, वो किसी के लिए भी आसान नहीं। अब हिना ने कहा है कि उन्हें सबसे ज्यादा पैसा अपने पहले टीवी शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से मिला. इस शो से उन्हें सिर्फ पहचान नहीं पैसा भी खूब मिला था। हिना खान बताया कि 'ये रिश्ता क्या कहलाता है'उनके कॅरियर का सबसे बड़ा शो रहा है, हर लिहाज से, इस शो से उन्हें खूब पैसा भी मिला है। करीब 8 साल तक वह इस शो में काम करती रही हैं। मेरे पास आज जो कुछ भी है, जितनी भी संपत्ति है, वो मुझे इस शो के जरिए ही मिली है। इसके बाद भी मैंने कई शोज में काम किया, लेकिन इस शो से जो सफलता और कमाई मिली वैसा कहीं नहीं रहा। हिना की ईमानदार से रखी गई इस बात ने फैंस का दिल जीत लिया है। सोशल मीडिया पर लोग उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं।

# भारतीय सैनिकों के साहस पर बनी हैं ये फिल्में



**नई दिल्ली।** 23 जनवरी को बॉर्डर 2 रिलीज होने वाली है। फिल्म की रिलीज से पहले ही इसको लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ लीड रोल में हैं। अब बॉर्डर 2 की रिलीज से पहले आपको बताते हैं इससे पहले रिलीज हुई वो फिल्में जिसमें भारतीय सैनिकों के जबरदस्त साहस को दिखाया गया है।

**बॉर्डर** : बॉर्डर 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान लोंगेवाला की ऐतिहासिक लड़ाई पर आधारित है जिसमें लगभग 120 भारतीय सैनिकों ने एक रात पूरी पाकिस्तानी टैंक रेजिमेंट का बहादुरी से सामना किया था। यह फिल्म 1997 में रिलीज हुई थी और उस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मूवी थी।

**शेरशाह** : सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म शेरशाह को काफी जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। इस फिल्म में कैप्टन विक्रम बत्रा की स्टोरी को दिखाया है जिन्होंने कारगिल वॉर में लड़ाई लड़ी। फिल्म में दिखाया गया कि कैसे देश के लिए वह शहीद भी हो जाते हैं।

**उरी द सर्जिकल स्ट्राइक** : विकी कौशल की फिल्म उरी द सर्जिकल स्ट्राइक भी ब्लॉकबस्टर थी। इस फिल्म के लिए विकी को बेस्ट एक्टर के लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला था।

**द गाजी अटैक** : 1971 वॉर के रियल इवेंट्स पर आधारित द गाजी अटैक भी काफी पसंद की गई थी। इस फिल्म में के के मेनन और राणा दग्गुबाती लीड रोल में थे।

**फाइटर** : सिद्धार्थ आनंद की फिल्म फाइटर, इंडियन एयरफोर्स पर आधारित है। फिल्म में एयरफोर्स और एयरपायलट को लेकर काफी बारीकी से डिटेल में दिखाया है। फिल्म में ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर अहम किरदार में थे।

**केसरी** : फिल्म केसरी की कहानी 1897 के सारागढ़ी के युद्ध पर आधारित है, जिसमें अक्षय कुमार ने हवलदार ईशर सिंह का किरदार निभाया है। यह फिल्म ब्रिटिश भारतीय सेना के 21 सिख सैनिकों की वीरता को दर्शाती है।

# पंचायत सीजन 5 : फुलेरा में फिर होगा चुनावी दंगल



**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा की सबसे शानदार वेब सीरीज के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें पंचायत का नाम जरूर शामिल होता। साल 2020 में ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो की तरफ से पंचायत नाम का मनोरंजन का एक महा पैकेज सिनेप्रेमियों को मिला और अब तक इसके चार सीजन आ चुके हैं, जोकि सभी सफल रहे हैं। लंबे समय से फैंस पंचायत सीजन 5 की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो पंचायत 5 को मेकर्स जुलाई 2026 में ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर ऑनलाइन स्ट्रीम कर सकते हैं। हालांकि, अभी इसका आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। इससे पहले खबरें आई थीं कि पंचायत सीजन 5 को जुलाई नहीं, बल्कि जून के आखिरी वीक में स्ट्रीम किया जा सकता है। मालूम हो कि मेकर्स ने पिछले साल ये पुष्टि कर दी थी कि पंचायत 5 की शूटिंग का आधे से ज्यादा काम सीजन 4 के साथ ही पूरा कर लिया गया था और अब इस सीरीज के नए सीजन के पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। माना जा रहा है कि आने वाले महीने में पंचायत 5 की ऑफिशियल रिलीज डेट भी फाइनल कर दी जाएगी। आपको याद दिला दें कि पंचायत 4 की कहानी बनराकस की पत्नी क्रांति देवी द्वारा फुलेरा प्रधान का चुनाव जीतने पर खत्म हुई थी।

## रवि की मासूमियत और बाबू की खूंखार आंखें आज भी कर देता है रोंगटे खड़े

# वो फिल्म जिसमें हीरो भी थे अमिताभ और खूंखार विलेन भी

*बॉलीवुड के 'एंग्री यंग मैन' अमिताभ बच्चन की जादुई अदाकारी और सात भाइयों की बेमिसाल बॉन्डिंग वाली फिल्म 'सत्ते पे सत्ता' अपनी रिलीज के 44 साल पूरी कर ली। 1982 को पर्दे पर उतरी राज एन सिप्पी की इस मास्टरपीस ने न केवल बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया, बल्कि यह साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में भी शुमार हुई. 'रवि' की मासूमियत और 'बाबू' की खूंखार आंखों के बीच अमिताभ का वो दोहरा अवतार आज भी रोंगटे खड़े कर देता है।*

**नई दिल्ली।** आरडी बर्मन का संगीत और 'दिलबर मेरे' जैसे गाने आज भी गुनगुनाए जाते हैं। मारधाड़, कॉमेडी और पारिवारिक इमोशन्स के सटीक मिश्रण वाली इस फिल्म ने उस दौर में जबरदस्त कमाई की थी। 'सत्ते पे सत्ता' बॉलीवुड के उस स्वर्ण युग की याद दिलाती है, जब बड़े सितारों के साथ-साथ मजबूत स्क्रिप्ट और सामूहिक स्टारकास्ट दर्शकों को थिएटर तक खींच लाती थी। यह साल 1982 की आठवीं सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। इस फिल्म से अमिताभ बच्चन ने सबके होश उड़ा दिए थे।

### सात भाइयों के इर्द-गिर्द घूमती है कहानी

'सत्ते पे सत्ता' की कहानी सात भाइयों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक फार्महाउस पर रहते हैं। ये सातों भाई-रवि (अमिताभ बच्चन), सोम, मंगल, बुद्ध, गुरु, शुक्र और शनि पूरी तरह से असभ्य, गंदे और अनुशासनहीन हैं। घर का सबसे बड़ा भाई रवि उनका मुखिया है। कहानी में मोड़ तब आता है जब रवि को एक नर्स इंदु (हेमा मालिनी) से प्यार हो जाता है। इंदु से शादी करने के बाद, वह उन छह जंगली भाइयों को सुधारने का बीड़ा उठाती है। फिल्म का दूसरा हिस्सा थ्रिलर बन जाता है, जब फिल्म में रवि के हमशक्ल बाबू की एंट्री होती है। बाबू एक खूंखार हत्यारा है, जिसे एक अमीर लड़की की हत्या के लिए भेजा गया है। एक तरफ कॉमेडी और दूसरी तरफ सस्पेंस- यही इस फिल्म की जान थी।

### बिग बी ने अभिनय क्षमता का लोहा मनवाया

इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने अपनी अभिनय क्षमता का लोहा मनवाया। जहां 'रवि' के किरदार में वे एक लापरवाह लेकिन दिलदार बड़े भाई और रोमांटिक प्रेमी के रूप में नजर आए, वहीं 'बाबू' के किरदार में उनकी आंखों की ठंडक और खामोशी ने दर्शकों को डरा दिया। रवि की मासूमियत और बाबू की क्रूरता के बीच का अंतर अमिताभ ने अपनी बॉडी लैंग्वेज और आवाज से बखूबी निभाया। खासकर जब बाबू, रवि की जगह लेकर घर में घुसता है, तो दर्शकों के लिए वह रोमांच चरम पर होता है।



### हेमा ने निभाया सशक्त महिला का किरदार

हेमा मालिनी ने 'इंदु' के रूप में एक सशक्त महिला का किरदार निभाया। वह सात अनपढ़ और बदतमीज लड़कों के बीच एक 'मदर फिगर' बनकर उभरती हैं। उनकी सादगी और उनका अभिनय अमिताभ के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलता है। फिल्म का वह दृश्य आज भी याद किया जाता है जहां वे भाइयों को सफाई और तमीज सिखाती हैं।

**सात भाइयों की केमिस्ट्री थी फिल्म की ताकत** : फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इन सात भाइयों की केमिस्ट्री थी। शक्ति कपूर, पेंटल, सुधीर, कंवलजीत सिंह, विकास आनंद और सचिन पिलगांवकर, इन सभी ने अपने-अपने किरदारों में जान फूंक दी थी। पर्दे पर उनकी बॉन्डिंग देखकर ऐसा लगता ही नहीं था कि वे एक्टिंग कर रहे हैं। भाइयों के बीच की नोकझोंक, एक-दूसरे के लिए प्यार और इंदु के आने के बाद उनका बदलना, फिल्म को एक इमोशनल टच देता है।

**'सेवन ब्राइड्स फॉर सेवन ब्रदर्स' से थी प्रेरित** : यह फिल्म 1954 की हॉलीवुड क्लासिक 'सेवन ब्राइड्स फॉर सेवन ब्रदर्स' से प्रेरित थी। लेकिन राज एन सिप्पी ने इसमें 'डबल रोल' और 'क्राइम थ्रिलर' का जो तड़का लगाया, उसने इसे पूरी तरह से भारतीय बना दिया। जहां हॉलीवुड फिल्म केवल एक म्यूजिकल कॉमेडी थी, वहीं 'सत्ते पे सत्ता' एक कंपलीट पैकेज बन गई।

# अल्काराज ने खेला अपना 100वां ग्रैंड स्लैम, मौटेट को हराकर की चौथे राउंड में एंट्री

एजेंसी ⏭ मेलबर्न

■ ऑस्ट्रेलियन ओपन

दुनिया के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे राउंड में जगह बना ली है। अपने 100वें ग्रैंड स्लैम मुकाबले में अल्काराज ने फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट को सीधे सेटों में 6-2, 6-4, 6-1 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। दूसरे सेट में 3-0 की बढ़त के बाद अल्काराज ने लगातार चार गेम गंवा दिए, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 4-4 पर अहम ब्रेक हासिल किया और दो सेट की बढ़त बना ली। तीसरे सेट में उन्होंने पूरी तरह दबदबा बनाते हुए डबल ब्रेक लिया और दो घंटे पांच मिनट में मैच समाप्त कर दिया। अल्काराज अब रविवार को दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी टॉमी पॉल से भिड़ेंगे।



### सबालेंका की संघर्षपूर्ण जीत

महिलाओं के एकल में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने अनास्तासिया पोटापोवा को 7-6 (4), 7-6 (7) से हराया। सबालेंका चार साल में अपना तीसरा ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीतने की कोशिश कर रही हैं। सबालेंका ने 2023 और 2024 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता और एक साल पहले वह मैडिसन कीज से हारकर उपविजेता रही थीं। सबालेंका ने दो बार अमेरिकी ओपन भी जीता है। अब चौथे दौर में सबालेंका का सामना उभरती हुई स्टार विक्टोरिया म्बोको के खिलाफ होगा, जिन्होंने 14वीं वरीयता प्राप्त क्लारा टौसन को 7-6 (5), 5-7, 6-3 से हराया।

### अल्काराज का ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड 87-13

22 साल के अल्काराज का इस जीत के साथ ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड 87-13 हो गया है। उन्होंने 100 मैचों में सर्वश्रेष्ठ मेजर रिकॉर्ड के मामले में दिग्गज ब्योर्न बोर्ग की बराबरी कर ली। स्पेन के इस खिलाड़ी ने इससे पहले मेलबर्न में दो बार क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया है। इस बार वे खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ ऑस्ट्रेलिया पहुंचे हैं। छह बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज ने इस मामले में कई महान खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया है। राफेल नडाल और जॉन मैकेनरो ने अपने पहले 100 मेजर मैचों में 86-14 का रिकॉर्ड बनाया था, जबकि नोवाक जोकोविच 79-21 और रोजर फेडरर 80-20 के आंकड़े तक पहुंचे थे। अल्काराज के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी जैनिक सिनर ने पिछले साल विंबलडन में अपना 100वां मेजर मैच खेला था, जहां उनका रिकॉर्ड 81-19 रहा।



### मेदवेदेव ने मारोजसन को हराया, चौथे राउंड में प्रवेश

*डेनियल मेदवेदेव ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे राउंड में जगह बना ली है। तीसरे राउंड के मुकाबले में दो सेट और एक ब्रेक से पीछे चल रहे मेदवेदेव ने जबरदस्त वापसी करते हुए दुनिया के 47वें नंबर के खिलाड़ी फैबियन मारोजसन को 6-7(5), 4-6, 7-5, 6-0, 6-3 से हराया। मेदवेदेव अपने करियर में 18वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे राउंड में पहुंचे हैं। मैच के शुरुआती दो सेटों में मारोजसन ने बेहतरीन नियंत्रण दिखाया और मेदवेदेव को लगातार दबाव में रखा। सर्व की रफ्तार कम होने के बावजूद, हंगेरियन खिलाड़ी ने लंबी रैलियों में बढ़त बनाई। वहीं, मेदवेदेव हमेशा की तरह बेसलाइन से काफी पीछे खड़े रहकर खेलते रहे और लगभग चार घंटे तक चले मुकाबले में अपना धैर्य नहीं खोया।*

## खबर संक्षेप



### खिलाड़ियों का चोटिल होना दुर्भाग्यपूर्णः मौरिस

**जोहानिसबर्ग।** आगामी टी20 विश्व कप से पहले क्रिस मौरिस ने कहा कि इस प्रतिष्ठित आईसीसी प्रतियोगिता से पहले खिलाड़ियों का चोटिल होना 'दुर्भाग्यपूर्ण' है। दक्षिण अफ्रीकी टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला भी खेलेगी। उसे टी20 विश्व कप में अपना अभियान 9 फरवरी को कनाडा के खिलाफ शुरू करना है। दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप की अपनी 15 सदस्यीय टीम में दो बदलाव करने के लिए बाध्य होना पड़ा जब उसने चोटिल टोनी डि जॉर्जी और डोनोवन फरेरा की जगह रेयान रिकल्टन और ट्रिस्टन स्टब्स को टीम में शामिल किया। मौरिस ने कहा, 'मुझे लगता है कि सबूत सामने है। बदकिस्मती से हमारे कुछ खिलाड़ी चोटिल हो गए हैं। कार्यक्रम काफी व्यक्त है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन यही तो खेल की प्रकृति है और खिलाड़ियों को पता था कि क्या हो सकता है।'

### भारत में नहीं खेलने पर अड़ा बीसीबी, डिसपुट कमेटी में पहुंचा मामला



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की स्वतंत्र विवाद समाधान समिति (डीआरसी) से आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए बांग्लादेश के मैचों को भारत से बाहर स्थानांतरित करने के लिए याचिका दायर की। आईसीसी विवाद समाधान समिति एक स्वतंत्र मध्यस्थता निकाय है, जो आईसीसी, उसके सदस्य बोर्डों, खिलाड़ियों और अधिकारियों से जुड़े विवादों का निपटारा करती है। यह घटनाक्रम बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने अपने खिलाड़ियों की "सुरक्षा संबंधी चिंताओं" का हवाला देते हुए आईसीसी से मैचों को भारत से बाहर श्रीलंका में स्थानांतरित करने के अनुरोध के बाद सामने आया है।

### अफरीदी की टीम में वापसी, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेंगे सीरीज

**कराची।** पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को राष्ट्रीय टी20 टीम में शामिल किया। अफरीदी के घुटने की चोट से वापसी और बाबर आजम के बिग बैश लीग से लौटने के अलावा इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ खेलने वाली टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अफरीदी को ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग के दौरान क्षेत्ररक्षण करते हुए घुटने में चोट लग गई थी और वह लाहौर के 'हाई परफॉर्मेंस सेंटर' में उपचार के लिए घर लौट आए थे।



## रणजी ट्रॉफी: मुंबई ने हैदराबाद के खिलाफ पहली पारी में खड़ा किया 560 रनों का स्कोर

# सरफराज का गरजा बल्ला, 19 चौके 9 छक्के जड़कर बनाया दोहरा शतक

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में हैदराबाद के खिलाफ खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी के छठे राउंड के मुकाबले में सरफराज खान के दोहरे शतक की बदौलत मुंबई ने पहली पारी में 560 रन बनाकर मैच में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। विजय हजारे ट्रॉफी में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से रोमांचित करने वाले सरफराज खान जब मुंबई के लिए उजले कपड़ों में उतरे तो उनकी बल्लेबाजी उनकी क्षमता के मुताबिक ही निखरकर सामने आई।

पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे सरफराज खान ने 219 गेंद पर 9 छक्कों और 19 चौकों की मदद से 227 रन की पारी खेली। उनकी इसी पारी के दम पर मुंबई पहली पारी में 560 रन बना सकी। सरफराज का प्रथम श्रेणी क्रिकेट का यह पांचवां दोहरा शतक था। पारी के दौरान दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने 5,000 रन भी पूरे किए।

### चौथे विकेट के लिए सिद्धेश के साथ 249 रन की साझेदारी

सरफराज खान ने चौथे विकेट के लिए सिद्धेश लाड के साथ 249 रन की अहम साझेदारी की। इसके अलावा, सरफराज ने सुवेद परकर के साथ भी छठे विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी की। सिद्धेश लाड ने 179 गेंद पर 2 छक्कों और 10 चौकों की मदद से 104 रन बनाए। वहीं सुवेद ने 98 गेंद पर 1 छक्के और 11 चौकों की मदद से 75 रन की पारी खेली। इसके अलावा, मुंबई के लिए सलामी बल्लेबाजों अखिल हर्वाडेकर ने 27 और आकाश आनंद ने 35 रन की पारी खेली। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी हुई। अथर्व अंकोलेकर ने भी 22 गेंद पर 35 रन बनाए। हैदराबाद की तरफ से सीटीएल रक्षण सबसे सफल गेंदबाज रहे। रक्षण ने 24 ओवर में 107 रन देकर 4 विकेट लिए। रोहित रायडू ने 2 विकेट लिए। कप्तान मोहम्मद सिराज, नीतिन साई यादव और कोडीमेला मधुशन हिमतेजा को 1-1 विकेट मिला।



### ईश्वरन पानी पीने के चक्कर में रन आउट

क्रिकेट के मैदान में कई तरह के रन आउट देखने को मिलते हैं। कभी बल्लेबाज एक छोर से दूसरे छोर तक नहीं पहुंच पाते, तो कभी दोनों बल्लेबाज एक ही छोर पर आ जाते हैं। लेकिन इस बार क्रिकेट के मैदान में पानी पीने के चक्कर में एक बल्लेबाज रन आउट हो गया। ये बल्लेबाज कोई और नहीं बल्कि टेस्ट टीम इंडिया के अक्सर हिस्सा रहने वाले अभिमन्यु ईश्वरन हैं। रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान उनके साथ ऐसा धोखा हुआ कि वह ड्रिंक्स यानी पानी पीने के चक्कर में रन आउट होकर पवेलियन लौट गए, जिससे सभी हैरान रह गए। दरअसल, रणजी ट्रॉफी के जारी सीजन में बंगाल और सर्विसेस के बीच मुकाबला चल रहा था। इस मैच में अभिमन्यु ईश्वरन 81 रन बनाकर सेट नजर आ रहे थे। तभी पारी के 41वें ओवर में आदित्य कुमार की फुल लेंथ गेंद पर सुदीप ने गेंदबाज की तरफ शॉट खेला। नॉन-स्ट्राइक एंड पर खड़े अभिमन्यु ईश्वरन को लगा कि ओवर समाप्त हो गया है, और अंपायर ने ओवर समाप्त का इशारा कर दिया है। अभिमन्यु क्रीज से बाहर निकले, तभी गेंद बॉल गेंदबाज के हाथ से होते हुए स्टंप्स पर जा लगी, और फील्डिंग टीम ने रन आउट की अपील कर दी।

### गिल का नहीं चला बल्ला, सौराष्ट्र के खिलाफ बनाए मात्र 14 रन

*शुभमन गिल की रणजी ट्रॉफी में वापसी यादगार नहीं रही। सौराष्ट्र के खिलाफ पंजाब की दोनों पारियों में वह बुरी तरह से फ्लॉप रहे। राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में वह पहली पारी में दो गेंदों पर शून्य पर आउट हो गए और इसके बाद शुक्रवार को पंजाब की दूसरी पारी में भी उनका बल्ला नहीं चल पाया और वह 32 गेंदों में 14 रन बनाकर आउट हो गए। दोनों ही बार एक ही गेंदबाज ने उन्हें एक ही तरह से आउट किया। पार्थ भुत ने दोनों पारियों में उन्हें एलबीडब्ल्यू किया। उनकी खौफनाक गेंदबाजी की बदौलत ही सौराष्ट्र ने दूसरे दिन ही 194 रन से मुकाबला अपने नाम कर लिया।*

## ईशान और सूर्यकुमार की तूफानी पारी से न्यूजीलैंड पस्त

# भारत की न्यूजीलैण्ड पर शानदार जीत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला भी जीत लिया है। रायपुर में खेले गए मैच में भारत को 7 विकेट से जीत मिली। पहले खेलते हुए न्यूजीलैंड ने 6 विकेट पर 208 रन बनाए थे। भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और 6 रन पर दोनों ओपनर पवेलियन लौट चुके थे। इसके बाद भी टीम ने 16वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। 5 मैचों की सीरीज में टीम इंडिया ने 2-0 की बढ़त बना ली है।

शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। अर्शदीप सिंह के पहले ही ओवर में डेवोन कॉन्वे ने 18 रन ठोक दिए। इसके बाद अर्शदीप पारी का तीसरा ओवर फेंकने आए, जिसमें एक बार फिर 18 रन लुटे। कॉन्वे ने टिम सीफर्ट के साथ पहले विकेट के लिए 3.2 ओवरों में 43 रन की साझेदारी की। कॉन्वे 9 गेंदों में 1 छक्के और 3 चौकों के साथ 19 रन बनाकर आउट हुए।

### हमारी टीम में 3 बदलाव : मिचेल सेंटनर

वहीं, कीवी कप्तान मिचेल सेंटनर ने कहा, "हम भी टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी ही करते। जब भी आप किसी अच्छी टीम के खिलाफ उनके हालात में खेलते हैं, तो कुछ सीखते हैं। हमारी टीम में 3 बदलाव हैं, रॉबिन्सन की जगह सीफर्ट आए हैं, क्लार्क बाहर हैं और उनकी जगह जैक फाउल्क्स आए हैं, मैट हेनरी भी टीम में हैं। टीम इंडिया सीरीज का पहला मैच 48 रन से जीत चुकी है। ऐसे में मेजबान टीम की कोशिश इस मुकाबले को जीतकर सीरीज में 2-0 से बढ़त हासिल करना होगा। इस सीरीज के शेष तीन मुकाबले 25, 28 और 31 जनवरी को क्रमशः गुवाहाटी, विशाखापत्तनम और तिरुवनंतपुरम में खेले जाने हैं। भारत और न्यूजीलैंड की पुरुष टीमों के बीच साल 2007 से अब तक कुल 26 टी20 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें भारत ने 13 मैच जीते, जबकि न्यूजीलैंड ने 10 मुकाबलों को अपने नाम किया। इनके अलावा, 3 मुकाबले टाई रहे, जिनमें 2 मैच आखिरकार कीवी टीम ने अपने नाम किया।

# पार्ल रॉयल्स की क्वालीफायर में एंट्री, जोबर्ग सुपरकिंग्स को आसानी से हराया



एजेंसी ⏭ जोहानिसबर्ग

■ प्रिटोरियस और विलजोएन ने खेली शानदार पारी

लुआन ड्रे प्रिटोरियस की अगुआई में बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के बाद हार्डस विलजोएन की धारदार गेंदबाजी से पार्ल रॉयल्स ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के एलिमिनेटर में जोबर्ग सुपरकिंग्स को आसानी से 36 रन से हराकर प्रतियोगिता से बाहर करते हुए क्वालीफायर दो में जगह बनाई।

वालीफायर दो में अब रॉयल्स की टीम की भिड़ंत वांडरर्स क्रिकेट स्टेडियम में सनराइजर्स ईस्टर्न केप से होगी और वह दो बार के पूर्व चैंपियन को हराकर पहली बार फाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी। सनराइजर्स की टीम अब तक तीनों सत्र में खिताबी मुकाबले में खेली है। रॉयल्स के 211 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरकिंग्स की टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी और विलजोएन (24 रन पर दो विकेट) तथा ओटनील बार्टमैन (47 रन पर दो विकेट) की प्रभावी गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी। सुपरकिंग्स की ओर से कप्तान जेम्स विन्स ने सर्वाधिक 47 रन बनाए जबकि वियान मुल्डर ने 41 रन का योगदान दिया।

### सुपरकिंग्स की शुरुआत बेहद खराब

रॉयल्स की टीम इससे पहले प्रिटोरियस की 34 गेंद में पांच छक्कों और दो चौकों से 51 रन की पारी की बदौलत पांच विकेट पर 210 रन बनाने में सफल रही। डैन लॉरेंस (36), सिकंदर रजा (35), सलामी बल्लेबाज काइल वेरेने (30) और ऐसा ट्राइब (नाबाद 30) ने भी टीम के लिए उपयोगी पारियां खेलीं। लक्ष्य का पीछा करने उतरे सुपरकिंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने चौथे ओवर में 14 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए। तेज गेंदबाज विलजोएन ने दूसरे ओवर में नील टिमर्स (08) को बोल्ड किया जबकि ब्योर्न फोरटुइन (32 रन पर एक विकेट) ने अगले ओवर में दूसरे सलामी बल्लेबाज रिवाल्डो मूनसामी को पगबाधा किया। विलजोएन ने मैथ्यू डिविलियर्स (00) को फोरटुइन के हाथों कैच कराके सुपरकिंग्स को तीसरा झटका दिया। विन्स ने पांचवें ओवर में एनकोबानी मोकाएना पर चार चौके जड़े लेकिन बार्टमैन ने अगले ओवर में ल्युस डू प्लूई (10) को पगबाधा करके पावर प्ले के भीतर सुपरकिंग्स का स्कोर चार विकेट पर 40 रन कर दिया।

# न्यूजीलैंड की विश्व कप टीम में शामिल हुए जैमीसन, मिल्ने बाहर

एजेंसी ⏭ क्राइस्टचर्च



न्यूजीलैंड ने एडम मिल्ने के चोटिल होने के कारण उनकी जगह तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को अपनी टी20 विश्व कप टीम में शामिल किया है। मिल्ने बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण इस अहम टूर्नामेंट से बाहर हो गए। मिल्ने को यह चोट पिछले रविवार को एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप और एमआई केप टाउन के बीच मैच के दौरान लगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि स्कैन में इस चोट की गंभीरता सामने आई। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा, 'जैमीसन इस समय भारत दौरे पर टीम की सफेद गेंद की टीम के साथ हैं। उन्हें टी20 विश्व कप की टीम में जोड़ा गया है जबकि पहले उन्हें भारत और श्रीलंका में फरवरी-मार्च में होने वाले टूर्नामेंट के लिए रिजर्व खिलाड़ियों में रखा गया था।

### जैमीसन करेंगे अच्छा प्रदर्शन

न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने कहा कि मिल्ने भारत दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं थे क्योंकि वह टी20 विश्व कप के लिए तैयारी में जुटे थे। उन्होंने कहा, 'हम सभी को एडम के लिए बहुत दुख हो रहा है। उन्होंने टूर्नामेंट के लिए खुद को तैयार करने में कड़ी मेहनत की थी और ईस्टर्न केप सनराइजर्स के लिए अपने आठ मैच में वह अपनी पुरानी लय में लौटते हुए दिख रहे थे।' वॉल्टर को उम्मीद है कि जैमीसन टी20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, जिन्होंने भारत दौरे पर न्यूजीलैंड के कम अनुभवी तेज गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया है।

# डब्ल्यूपीएल : दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला अजेय आरसीबी से आज

एजेंसी ⏭ वडोदरा



दिल्ली कैपिटल्स को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए शनिवार को शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ हर विभाग में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने अपने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर वापसी के संकेत दिए थे और वह चार अंक के साथ तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई।

हालांकि इस चरण में अब तक अजेय रही आरसीबी को हराने के लिए दिल्ली को अपने खेल का स्तर और ऊंचा करना होगा। अब तक दिल्ली की बल्लेबाजी की अगुआई अनुभवी लिजेल ली (213 रन) ने की है जबकि लॉरा वोलवार्ट (123 रन) और शेफाली वर्मा (149 रन) ने बीच-बीच में उनका सहयोग किया है। लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स की फॉर्म चिंता का विषय रही है।मुंबई के खिलाफ जीत में रोड्रिग्स ने नाबाद अर्धशतक लगाकर कुछ हद तक चिंताओं को दूर किया था और आरसीबी के खिलाफ भी उनसे एक और मजबूत पारी की उम्मीद होगी।

## टाटा स्टील मास्टर्सः गुकेश ने पांचवें दौर में गुयेन को हराया

# छठे दौर में गुकेश की अग्निपरीक्षा, अब्दुसत्तोरोव से मुकाबला

एजेंसी ⏭ विज्क आन जी

पिछले मुकाबले में जीत से आत्मविश्वास हासिल करने वाले भारत के युवा विश्व चैंपियन डी. गुकेश टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में उज्बेकिस्तान के अनुभवी और संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से भिड़ेंगे।

गुकेश ने पांचवें दौर में काले मोहरों से चेक गणराज्य के थाई दाई वान गुयेन को हराया था। उन्हें लगातार दूसरे मुकाबले में काले मोहरों से खेलना होगा। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए मोहरों का रंग उनके प्रदर्शन पर असर डालता नहीं दिख रहा है। गुकेश टूर्नामेंट की शुरुआत में कुछ मौकों पर अच्छी स्थिति का पूरा फायदा नहीं उठा सके। शुरुआती दौर में जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ बेहतर स्थिति होने के बावजूद जीत दर्ज करने में नाकाम रहे गुकेश ने इसके बाद जॉर्डन वैन फॉरेस्ट के खिलाफ पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी की। चार ड्रॉ और एक जीत के साथ तीन अंक लेकर गुकेश फिलहाल संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। वह शीर्ष पर चल रहे अब्दुसत्तोरोव, सिंदारोव और अमेरिका के हंस नीमन से केवल आधा अंक पीछे हैं।

### केवल 1.5 अंक ही जुटा पाए

गत चैंपियन आर प्रज्ञानानंदा का प्रदर्शन अब तक उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। वह केवल 1.5 अंक ही जुटा पाए हैं। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट का टिकट पक्का करने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी के लिए जल्द लय पकड़ना बेहद जरूरी है, वरना टूर्नामेंट में आगे बढ़ना मुश्किल हो सकता है। अगले मुकाबले में उनका सामना फेडोसेएव से होगा।अरविंद चिदंबरम भी 1.5 अंकों के साथ प्रज्ञानानंदा के बराबर हैं और आने वाले दौर में बेहतर खेल दिखाने की कोशिश करेंगे।



### टाटा स्टील मास्टर्स का 88वां सत्र

टाटा स्टील मास्टर्स का यह 88वां सत्र है। इसमें 14 खिलाड़ियों के बीच 13 दौर की राउंड-रॉबिन प्रणाली में होने वाला यह टूर्नामेंट शतरंज की दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में गिना जाता है। भारत के दिग्गज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद इसे पांच बार जीत चुके हैं।

### अर्जुन सातवें स्थान पर खिसके

अन्य भारतीय खिलाड़ियों में अर्जुन एरिगैसी ने टूर्नामेंट की शुरुआत जीत से की थी और उसके बाद तीन ड्रॉ खेले। हालांकि, स्लोवेनिया का प्रतिनिधित्व कर रहे रूस के व्लादिमीर फेडोसेएव के खिलाफ उन्हें हार का सामना करना पड़ा। यह हार इसलिए भी चौंकाने वाली रही क्योंकि मुश्किल स्थितियों में खेलना अर्जुन की सबसे बड़ी ताकत मानी जाती है। वह पिछली बाजी में हार के बाद 2.5 अंकों के साथ अर्जुन संयुक्त सातवें स्थान पर खिसक गए हैं। उनके पास छठे दौर में जर्मनी के मथियास ब्लूबाउम के खिलाफ वापसी करने का अच्छा मौका होगा।




### हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा, नोटिस जारी

# दोषी पाए जाने पर भी प्राचार्य के खिलाफ क्यों नहीं की कार्रवाई

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा है कि जनभागीदारी समिति की राशि में हेरफेर के मामले में जांच में दोषी पाए जाने पर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर की प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने उच्च शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा आयुक्त, अतिरिक्त संचालक सागर संभाग, महाविद्यालय के प्राचार्य और डॉ. सरोज गुप्ता को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिए। सागर निवासी नितिन शर्मा की ओर से अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह, पुष्पेंद्र कुमार शाह, अखिलेश प्रजापति ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय की पूर्व प्रभारी प्राचार्या डॉ. सरोज गुप्ता के विरुद्ध गठित उच्च शिक्षा विभाग गठित जाँच समिति की रिपोर्ट पर राज्य सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। समिति में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, मकरोनिया के प्राचार्य डॉ. ए.सी. जैन एवं प्रोफेसर डॉ. बिन्दु श्रीवास्तव शामिल थे। समिति ने 19 जून, 2025 की विस्तृत जाँच रिपोर्ट में बताया कि डॉ. सरोज गुप्ता द्वारा वरिष्ठता सूची में हेराफेरी कर स्वयं को प्राचार्य नियुक्त करवाया है। यह भी पाया है कि डॉ. सरोज गुप्ता प्राचार्य के पद का दुरुपयोग कर महाविद्यालय की जनभागीदारी निधि से संबंधित दो करोड़ रुपये की एफडी को बिना अनुमति तुड़वाया है तथा एक निजी बैंक में चालू खाता खोल कर उसमें दो करोड़ रुपए जमा कराए।



**नगर निगम भोपाल के आयुक्त सहित अन्य को नोटिस**

## भोपाल नगर निगम की असिस्टेंट इंजीनियर भर्ती परीक्षा पर रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल नगर निगम की असिस्टेंट इंजीनियर भर्ती परीक्षा पर अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने आयुक्त नगरीय प्रशासन, कर्मचारी चयन मंडल, नगर निगम भोपाल के आयुक्त को नोटिस जारी कर जवाब मांगा । अगली सुनवाई 20 फरवरी को होगी। भोपाल निवासी अंकित पटेल व अन्य की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नगर निगम आयुक्त ने कर्मचारी चयन बोर्ड को परीक्षा आयोजित नहीं करने का अनुरोध भेजा था। इसके बावजूद बोर्ड द्वारा परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा 23 जनवरी को आयोजित है। निवेदन किया गया है कि यदि परीक्षा आयोजित की जाती है तो तीसरे पक्ष का हित उत्पन्न होगा और अनावश्यक मुकदमेबाजी बढ़ सकती है। गौरतलब है कि विगत 30 अक्टूबर को महापौर परिषद की बैठक में यह मामला सामने आया था। बताया गया कि इन पदों की भरती के लिए निगम की कोई औपचारिक सहमति नहीं ली गई। परिषद ने इसे पूरी तरह नियम विरुद्ध करार दिया है।

## फर्जी दस्तावेजों से लोन दिलाने पर 10-10 वर्ष का कारावास

***20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया***

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश प्रीतिशिखा अग्निहोत्री की अदातल ने फर्जी दस्तावेजों से किसी और की जमीन को अपनी बताकर दंपति को लोन दिलाने में सहयोग करने के आरोपियों का दोष सिद्ध पाया। कोर्ट ने आरोपियों जबलपुर निवासी राजकुमार यादव व विजय कुमार यादव को 10-10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20-20 हजार रुपये जुर्माना लगाया। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक अरविंद जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि रिछाई निवासी 32 वर्षीय गौरव प्रसाद तिवारी ने अधारताल थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि उसके दादा गौरीशंकर तिवारी के नाम पर दर्ज जमीन मौजा बघेली रकवा 2.760 हैक्यिर भूमि है। उसके दादा की मृत्यु 27 मई, 2013 में हो चुकी है। दादा के स्वर्गवास के बाद जमीन पर बुआई उसके पिता व चाचा नारायण प्रसाद करते है। जुलाई माह में फौती चढ़वाने व खसरे की नकल लेने तहसील पनागर गया था, जहां पता चला उसके दादा के नाम पर दर्ज जमीन पर आईसीआईसी बैंक अधारताल द्वारा चार लाख, 8100 रूपये का दिसंबर, 2016 को किसान क्रैडिट कार्ड बनाकर लोन स्वीकृत किया गया है। जब पतासाजी की गई तो ज्ञात हुआ कि केसीसी लोन लेने वाले गौरी शंकर यादव और उनकी पत्नि रेखा यादव निवासी सुमन नगर रिछाई व जमानतदार राजकुमार यादव निवासी अधारताल, विजय मिश्रा निवासी रिछाई के नाम के हस्ताक्षरित दस्तावेज थे। जमानतदार के रूप में राजकुमार यादव निवासी सुभाष नगर महाराजपुर व विजय कुमार मिश्रा रिछाई द्वारा मिली भगत कर रकम निकालने में सहयोग किये गया है। पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद अदालत ने आरोपी राजकुमार यादव उम्र 62 वर्ष निवासी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सुभाष नगर महाराजपुर व विजय कुमार यादव उम्र 55 वर्ष, निवासी कांचघर स्टेशन रोड खेरमाई मंदिर के पास थाना घमापुर को उक्त सजा सुनाई।




**आज पूरी दुनिया भारत से जुड़ना चाहती है : सीएम**

## दावोस से जबलपुर पहुंचे मुख्यमंत्री ने किया उद्योगपतियों को संबोधित

हरिभूमि, जबलपुर।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर में संबोधन के दौरान राज्य के विकास, निवेश और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से बात की। मुख्यमंत्री ने बताया कि वे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम, दावोस से दिल्ली होते हुए जबलपुर पहुंचे हैं। दावोस में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की सबसे प्रभावशाली उपस्थिति रही और मध्यप्रदेश की मजबूत पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखने को मिली। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत से जुड़ना चाहती है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत हर सेक्टर में वैश्विक साझेदारी का केंद्र बन रहा है। नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2 रुपये 10 पैसे प्रति यूनिट की सस्ती बिजली उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं की राशि सीधे हितग्राहियों के खातों में पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि आर्थिक मजबूती के बिना राज्यों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, लेकिन मध्यप्रदेश तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।

### जबलपुर बनेगी मेट्रोपोलिटन सिटी

शहरी विकास को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि जबलपुर को मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। 25 साल आगे तक का मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है, जिससे विकास के नए रास्ते खुलेंगे। पर्यटन पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जबलपुर पर्यटन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण शहर है। देश में चीता परिवार का विस्तार भी हो रहा है। इसके साथ ही हेलीकॉप्टर सेवा की जानकारी देते हुए बताया कि ₹3500 में 45 मिनट की सवारी उपलब्ध होगी। अंत में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अब भारत का समय है। इस दौरान उन्होंने दावोस में पाकिस्तानी और बंगलादेशी भी आए थे।

### मुख्यमंत्री के अनुसार

- प्रदेश देश में तेज़ विकास दर के मामले में अग्रणी राज्यों में शामिल है
- युवा शक्ति के मामले में प्रदेश शीर्ष राज्यों में है
- बेरोज़गारी दर देश में सबसे कम राज्यों में मध्यप्रदेश शामिल
- प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है

### निवेश और उद्योगों को लेकर बड़ी घोषणाएँ

- बहनों द्वारा लगाए गए उद्योगों को 2% अतिरिक्त छूट,
- रोजगारपरक उद्योग लगाने पर प्रति श्रमिक 5,000 रुपये, 10 साल तक सहायता
- 25 एकड़ भूमि पर मेडिकल कॉलेज के लिए 1 रुपये प्रति एकड़ में ज़मीन
- एक मेडिकल कॉलेज खोलने में सरकार को लगभग 1000 करोड़ रुपये का खर्च
- मेडिकल छात्रों को पढ़ाई के लिए 70–80 लाख रुपये तक ऋण, डॉक्टर बनने के बाद बांड के माध्यम से वापसी
- उन्होंने बताया कि प्रदेश में सबसे अधिक मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं।

### पुलिस लाइन में ड्यूटी के दौरान खुद को मारी गोली

## जबलपुर निवासी कॉन्स्टेबल की शहडोल में मौत

**जबलपुर।** शहडोल पुलिस लाइन में गुरुवार–शुक्रवार की दरमियानी रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां ड्यूटी पर तैनात एक कॉन्स्टेबल ने खुद को गोली मार ली। घटना रात करीब 1.25 बजे की बताई जा रही है। गोली लगने से जवान की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान शिशिर सिंह (29 वर्ष), पिता स्वर्गीय शरद सिंह के रूप में हुई है, जो मूलतः जबलपुर के घमापुर क्षेत्र का निवासी था और वर्तमान में शहडोल पुलिस लाइन में पदस्थ था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिशिर सिंह को वर्ष 2013 में अनुकंपा नियुक्ति के तहत बाल आरक्षक के रूप में पुलिस विभाग में शामिल किया गया था। वर्ष 2015 में 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद उनकी नियमित नियुक्ति आरक्षक के पद पर हुई। सेवा के दौरान उनका तबादला



शहडोल पुलिस लाइन में हुआ था, जहां वे वर्तमान में ड्यूटी कर रहे थे।

बताया जा रहा है कि घटना से कुछ समय पहले कॉन्स्टेबल मोबाइल फोन पर किसी से बातचीत कर रहा था। इसके बाद उसने अपनी सर्विस राइफल से स्वयं पर फायर कर लिया। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास सो रहे अन्य पुलिसकर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। जवान को बचाने का कोई मौका नहीं मिल सका और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस और पुलिस लाइन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस ने सभी पहलुओं से जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। मोबाइल कॉल डिटेल, ड्यूटी रिकॉर्ड और अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि जवान ने यह कदम क्यों उठाया।

इस घटना के बाद पुलिस महकमे में शोक की लहर है। वहीं, मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### निगम की रेस्क्यू टीम ने बचाई जान

**जबलपुर।** शहर के व्यस्त इलाके दमोह नाका में उस समय हड़कंप मच गया, जब मुन्ना होटल के पास एक सांड अचानक खुले पड़े गहरे चैंबर में गिर गया। सांड के गिरते ही आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में नागरिक जमा हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने नगर निगम को अवगत कराया। जानकारी मिलने पर नगर निगम की रेस्क्यू टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने स्थानीय नागरिकों के सहयोग से कड़ी मशक्कत करते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। काफी प्रयासों के बाद सांड को सुरक्षित चैंबर से बाहर निकाला गया। राहत की बात यह रही कि समय पर बचाव कार्य शुरू हो जाने से सांड की जान बच सकी। घटना के बाद क्षेत्रवासियों में नगर निगम के प्रति नाराजगी देखने को मिली। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर के कई इलाकों में नाले और चैंबर लंबे समय से बिना ढक्कन के खुले पड़े हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

### पीपीपी मॉडल को लेकर विरोध के बीच बदला कार्यक्रम

## कटनी मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास कार्यक्रम स्थगित

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर संभाग के कटनी जिले में में पीपीपी मॉडल पर प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास को लेकर होने वाला बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में शुक्रवार 23 जनवरी को झिंझरी होमगार्ड मैदान में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाना था, लेकिन अब इसे टाल दिया गया है।

हालांकि यह भी कहा जा रहा है की कार्यक्रम स्थगित होने के पीछे केवल औपचारिक कारण ही नहीं, बल्कि पीपीपी मॉडल को लेकर उठे व्यापक विरोध की भी चर्चा जोरों पर है। बीते 20 जनवरी को कटनी शहर में मेडिकल कॉलेज को पीपीपी मॉडल पर बनाए जाने के खिलाफ विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने कटनी बंद का आह्वान किया था। इस बंद को व्यापारियों, आम नागरिकों और प्रबुद्ध वर्ग का व्यापक समर्थन मिला, जिसके चलते शहर के बाजार पूरी तरह बंद रहे और जनजीवन



प्रभावित हुआ। विरोध कर रहे संगठनों का कहना था कि मेडिकल कॉलेज पूरी तरह शासकीय मॉडल पर बनाया जाना चाहिए, ताकि आम जनता को सस्ती और सुलभ चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। पीपीपी मॉडल को लेकर आशंका जताई जा रही थी कि इससे इलाज महंगा हो सकता है और गरीब तबके को इसका पूरा लाभ नहीं मिल पाएगा। बंद के दौरान शहर में विरोध प्रदर्शन और बैठकों के जरिए अपनी बात शासन-प्रशासन तक पहुंचाई गई।

कटनी बंद के बाद शिलान्यास कार्यक्रम के स्थगित होने से राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास की नई तिथि कब तय की जाएगी। प्रशासन और संबंधित विभागों के बीच इस विषय पर विचार-विमर्श जारी है। माना जा रहा है कि आगे की रणनीति स्थानीय जनभावनाओं और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए तय की जाएगी।

## गणतंत्र दिवस पर भोपाल-निजामुद्दीन के बीच दो ट्रिप स्पेशल ट्रेनें चलेगी

**जबलपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर बढ़ने वाले यात्री दबाव को देखते हुए रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए अहम निर्णय लिया है। पश्चिम मध्य रेल द्वारा भोपाल और हजरत निजामुद्दीन के बीच दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। यह विशेष ट्रेनें 24 से 27 जनवरी 2026 के बीच चलाई जाएंगी। रेल प्रशासन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 02155 भोपाल–हजरत निजामुद्दीन स्पेशल ट्रेन 24 और 26 जनवरी 2026 को भोपाल स्टेशन से रात 8 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन बीना स्टेशन पर रात 9:55 बजे पहुंचेगी, इसके बाद वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन पर मध्य रात्रि 12:05 बजे, आगरा कैंट स्टेशन पर सुबह 3:20 बजे और मथुरा स्टेशन पर 4:20 बजे ठहराव के बाद सुबह 7:20 बजे हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पहुंचेगी। वापसी दिशा में गाड़ी संख्या 02156 हजरत निजामुद्दीन–भोपाल स्पेशल ट्रेन 25 और 27 जनवरी 2026 को संचालित की जाएगी। यह ट्रेन हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से दोपहर 12 बजे रवाना होगी और मथुरा स्टेशन पर 2:15 बजे, आगरा कैंट पर 3:05 बजे, वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन पर शाम 7:30 बजे तथा बीना स्टेशन पर रात 9:30 बजे पहुंचेगी। इसके बाद अगले दिन मध्य रात्रि 12:25 बजे भोपाल स्टेशन पर इसका आगमन होगा। रेल प्रशासन ने बताया कि इस स्पेशल ट्रेन में कुल 18 एलएचबी कोच लगाए जाएंगे। इनमें 5 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 2 इकोनॉमी थर्ड एसी, 5 स्लीपर श्रेणी, 4 सामान्य श्रेणी के कोच, एक एसएलआरडी कोच और एक जनरेटर कार शामिल रहेगी। ट्रेन दोनों दिशाओं में बीना, वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई झांसी, आगरा कैंट और मथुरा स्टेशनों पर रुकेगी।



## आटोमैटिक वेडिंग मशीन से आसानी से मिलेगा रेल यात्रा टिकिट

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल द्वारा ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीव्हीएम ) के माध्यम से टिकट निकालने की प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं सहज बनाया गया है। अब यात्री बिना किसी स्मार्ट कार्ड के, केवल मोबाइल (यूपीआई) भुगतान के माध्यम से स्वयं अपना टिकट निकाल सकते हैं। एटीव्हीएम मशीनों के माध्यम से अनारक्षित टिकट अब कुछ ही मिनटों में आसानी से प्राप्त किए जा सकते हैं।

### शिकायत हेतु व्यवस्था

यदि एटीव्हीएम मशीन से स्वयं टिकट बनाने के दौरान किसी यात्री को अनावश्यक रूप से रोका जाता है अथवा असुविधा होती है, तो यात्री इसकी शिकायत बुकिंग पर्यवेक्षक या उप स्टेशन प्रबंधक से की जा सकती है।




### टिकट निकालने की सरल प्रक्रिया

- एटीव्हीएम स्क्रीन पर उपलब्ध "अन्य स्टेशन" विकल्प पर क्लिक करें।
- कीबोर्ड के माध्यम से स्टेशन का नाम टाइप करें एवं स्टेशन का चयन करें।
- यात्रा का विवरण भरें एवं भुगतान विकल्प पर क्लिक करें।
- स्क्रीन पर प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन कर यूपीआई के माध्यम से भुगतान करें।
- भुगतान पूर्ण होते ही मशीन से टिकट प्राप्त करें।

### *कार की टक्कर से पैदल जा रहे 2 युवक घायल*

जबलपुर। पनागर थाना अतंर्गत बम्हनौदा रोड़ पनागर में एक कार ने एक पैदल घर जा रहे दो युवकों को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पानी की टंकी के पास गोहलपुर निवासी 24 वर्षीय गोवर्धन चौधरी अपने मजदूर साथी कस्तूर मरावी, तुलसी चौधरी, और शिवराज मरावी के साथ मजदूरी करने के लिये, बम्हनौदा आये थे जहां से मजदूरी करके अपने घर पैदल वापस लौटते समय शाम लगभग 6.30 बजे बम्हनौदा रोड़ पनागर में पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 एफ ए 2770 के चालक ने पैदल चल रहे तुलसी चौधरी और शिवराज मरावी को टक्कर मार दी, जिससे दोनों को हाथ पैर में चोटें आ गईं है। गोवर्धन चौधरी ने दोनों घायलों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### प्रशासनिक आदेशों की अनदेखी से पाटन के गांव में बवाल

## मुक्तिधाम की जमीन पर कब्जे को लेकर बढ़ता आक्रोश

**जबलपुर।** जिले की पाटन विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी पीपल रजवाई में शमशान घाट (मुक्तिधाम) की आरक्षित भूमि पर कथित कब्जे को लेकर विवाद गंभीर रूप लेता जा रहा है। ग्रामीणों ने वर्तमान सरपंच गजराज सिंह पर दबंगई, अवैध अतिक्रमण और प्रशासनिक आदेशों की अनदेखी के आरोप लगाते हुए आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के सामूहिक बहिष्कार की घोषणा कर दी है। इस फैसले के बाद गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है और प्रशासन भी अलर्ट मोड पर आ गया है।

ग्रामीणों द्वारा जिला प्रशासन को दी गई लिखित शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सरपंच द्वारा मुक्तिधाम की आरक्षित जमीन पर अवैध निर्माण और कब्जा किया जा रहा है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि कब्रिस्तान क्षेत्र में जेसीबी मशीन से नाली की खुदाई कराई जा रही है, जिसके दौरान जमीन के भीतर से बच्चों के अवशेष और अस्थियां निकल रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह दृश्य बेहद पीड़ादायक और धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है, इसके बावजूद सरपंच ने खुदाई का कार्य बंद नहीं कराया। इस घटना के बाद पूरे गांव में भारी आक्रोश फैल गया। मामला उस समय और तूल पकड़ गया, जब प्रशासन द्वारा जांच के लिए भेजे गए पटवारी को नपाई करने से रोक दिया गया। तहसीलदार के अनुसार, जमीन की नाप-जोख और मौके की स्थिति जांचने के लिए पटवारी को भेजा गया था, लेकिन वहां उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए मामले की रिपोर्ट तैयार की है।

### मारपीट मामले की जांच जारी

इस पूरे घटनाक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन ने भी संज्ञान लिया है। पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि ग्रामीणों और सरपंच पक्ष के बीच मारपीट की सूचना सामने आई है, जिसके बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए पुलिस की नजर गांव पर बनी हुई है।

### निष्पक्ष कार्यवाही की मांग

गांव के बुजुर्गों और सामाजिक जनों ने प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि मुक्तिधाम जैसे संवेदनशील स्थल पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। उनका कहना है कि जल्द से जल्द जमीन को कब्जा मुक्त कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में शांति और विश्वास बहाल हो सके।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240